3 राजधानी
दिनभर झमाझम बारिश से बेपटरी हुई जिंदगी

6 प्रादेशिकी
बाढ़ में बह गए दो किशोर

10 विदेश
उत्तरी जर्मनी में कई घंटों तक ट्रेन सेवाएं बाधित

12 स्पोर्ट्स
बांग्लादेश को हरा भारत सेमीफाइनल में पहुंचा

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 328
नई दिल्ली, रविवार, 9 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



किसी दल के पास भाजपा से लड़ने की ताकत नहीं

राष्ट्रीय-9

# कॉरपोरेट नहीं, एकाधिकार के खिलाफ हूं: राहुल

- राजस्थान में गौतम अडाणी के 65,000 करोड़ रुपये निवेश के ऐलान पर आलोचना से घिरे कांग्रेस नेता ने किया स्पष्ट
- यदि पूरा तंत्र पक्षपात करके सिर्फ दो-तीन लोगों की मदद करने लगेगा, तो हिंदुस्तान का नुकसान होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर/बेंगलुरू

**कांग्रेस** शासित राजस्थान में उद्योगपति गौतम अडाणी की ओर से 65,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा किए जाने के एक दिन बाद शनिवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह कारपोरेट के नहीं, बल्कि व्यवसाय जगत में राजनीतिक मदद से एकाधिकार स्थापित किए जाने के खिलाफ हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 'अडाणी, अंबानी (मुकेश) और अमित शाह के बेटे जय शाह का राजस्थान में स्वागत' वाले बयान पर चुप्पी साधने के बाद राहुल गांधी से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की गई थी। राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना के दौरान हमेशा ही दोनों कारपोरेट दिग्गज अडाणी एवं अंबानी का नाम लेते रहे हैं। वह यह बात खुलकर कहते आए हैं कि मोदी केवल अडाणी और अंबानी जैसे दो या तीन उद्योगपति दोस्तों की ही मदद करते हैं। यह अलग बात है कि कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ एवं पार्टी के सहयोग से शासित झारखंड में भी अडाणी समूह भारी निवेश कर रहा है। यहां तक कि जब शुक्रवार को अशोक गहलोत राजस्थान में इन्वेस्टर्स समिट के दौरान मंच से अदाणी की प्रशंसा कर रहे थे तो उसी समय राहुल गांधी ने बिना नाम लिए ट्वीट कर आरोप लगाया कि पूंजीवादी मित्रों के कई करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए गए, जबकि अन्य लोग कर्ज में डूबे हैं। हालांकि बाद में भारत जोड़ो यात्रा से इतर संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी ने अडाणी के राजस्थान में निवेश प्रस्ताव पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री इस तरह के प्रस्ताव को ठुकरा नहीं सकता और किसी भी सीएम के लिए राज्य में इस तरह के व्यवसाय से इनकार करना उचित नहीं है। राजस्थान में अडाणी की मौजूदगी और गहलोत के उनकी प्रशंसा करने पर भाजपा ने बिना वक्त गंवाए कांग्रेस आलाकमान पर हमला बोला। इसका जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मेरा सवाल यह है कि भाजपा आखिर दो-तीन कारोबारियों को ही एकाधिकार क्यों दे रही है। वे पूंजी के एक जगह केंद्रित होने में मदद कर रहे हैं। वह व्यवसाय के नहीं, एकाधिकार वाली इसी नीति के खिलाफ हैं। राजस्थान सरकार के रुख पर राहुल गांधी ने कहा कि गहलोत सरकार ने अडाणी समूह को कोई तरजीह नहीं दी है। उन्होंने उसकी किसी ( शेष पेज 8 )



कर्नाटक के तुमाकुरू में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी

## खड़गे व थरूर कद्दावर उम्मीदवार रिमोट से कंट्रोल की जरूरत नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** मांड्या (कर्नाटक)

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवारों मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर की तारीफ करते हुए कहा कि दोनों का अपना कद है और अच्छी समझ वाले व्यक्ति हैं, इन्हें रिमोट कंट्रोल से नहीं चलाया जा सकता।

उन्होंने यह भी कहा कि दोनों नेताओं के बारे में रिमोट कंट्रोल की धारणा उनके प्रति अपमानजनक बात है। भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे राहुल गांधी ने कर्नाटक के मांड्या में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के उम्मीदवार के बारे में पहली बार खुलकर अपनी बात रखी और इस धारणा को खारिज करने का प्रयास किया कि गांधी परिवार अगले अध्यक्ष को रिमोट से नियंत्रित कर सकता है।

मालूम हो कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में नामांकन वापस लेने की अवधि पूरी होने के बाद अब मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के रूप ( शेष पेज 8 )

## भाजपा ने दोहरे मानदंड अपनाने का मढ़ा आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** में इन्वेस्टर समिट में गौतम अडानी की उपस्थिति और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उनकी प्रशंसा करने पर भाजपा ने तंज कसा है और इसे आलाकमान के चेहरे पर करारा तमाचा बताया है। भाजपा के राजस्थान अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कांग्रेस पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी पैसे की बात आने पर अडाणी पर अपनी धुन बदल देती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने पूर्व प्रमुख राहुल गांधी और अन्य नेताओं की अडाणी विरोधी टिप्पणियों को याद करना चाहिए। उन्होंने शायराना अंदाज में टिप्पणी करते हुए कहा कि कल तक जो था विरोधी, आज बना मनमीत, धन की जगी उम्मीद तो बदली अपनी रीत।

## शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह का उपयोग नहीं कर सकेंगे दोनों गुट





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, मुंबई

**भारत निर्वाचन** आयोग ने अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे नीत दोनों गुटों द्वारा पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह का उपयोग करने पर पाबंदी लगा दी है। वहीं शिवसेना धड़े के एक नेता ने आयोग के इस कदम को अन्याय बताया है। पार्टी के दोनों गुटों द्वारा नाम और चुनाव चिन्ह पर दावा किए जाने की पृष्ठभूमि में एक अंतरिम आदेश जारी करके निर्वाचन आयोग ने दोनों से कहा है कि वे सोमवार तक अपनी-अपनी पार्टी के लिए तीन-तीन नए नाम और चुनाव चिन्ह सुझाएं। आयोग दोनों गुटों द्वारा सुझाए गए नामों और चुनाव चिन्हों में से उन्हें किसी एक का उपयोग करने की अनुमति देगा। अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर उपचुनाव नजदीक आने की स्थिति में शिंदे गुट द्वारा अनुरोध किए जाने पर आयोग ने अंतरिम आदेश जारी किया है। इस बीच, उद्धव ठाकरे धड़े के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि अंधेरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शिवसेना के चुनाव चिह्न पर रोक लगाने का निर्वाचन आयोग का अंतरिम आदेश अन्याय है। शिवसेना के ठाकरे गुट के प्रति निष्ठा रखने वाले महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने मुंबई में कहा कि आयोग को उपचुनाव के लिए अंतरिम निर्णय पारित करने के बजाय समग्र तरीके से निर्णय लेना चाहिए था। उन्होंने कहा, यह अन्याय है।

दरअसल, ठाकरे गुट ने तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए विधायक रमेश लटके की पत्नी रुतुजा लटके को मैदान में उतारने का फैसला किया है। वहीं, शिंदे गुट की सहयोगी भाजपा ने रमेश लटके के निधन के कारण हो रहे उपचुनाव के लिए बृहन्मुंबई महानगर पालिका पार्षद मुरजी पटेल को मैदान में उतारने का फैसला किया है। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने शिवसेना के ठाकरे खेमे और महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) में उनके गठबंधन सहयोगी के उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया है।

# बाढ़ मुक्त असम के लिए पांच साल दें: अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सम्मानित करते असम के मुख्यमंत्री हिमंद विस्व सरमा

- गुवाहाटी पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री, कहा- आतंकवाद और भ्रष्टाचार पर किए दो वादे पूरे, तीसरे लिए वक्त दें

**पीएनएस/एजेंसी।** गुवाहाटी

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने असम में बाढ़ की शाश्वत समस्या का पूर्ण समाधान करने के लिए शनिवार को पांच साल का समय मांगा और कहा कि सरकार प्राकृतिक आपदा को इतिहास का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रही है। यहां पार्टी के नवनिर्मित प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इस समय एक महत्वाकांक्षी बाढ़ मुक्त परियोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा, भाजपा के घोषणापत्र में, हमने आतंकवाद, भ्रष्टाचार और बाढ़ मुक्त असम का ( शेष पेज 8 )

## पीके ने जदयू का कांग्रेस में विलय करने को कहा था: नीतीश

**सिताब दियारा( पीएनएस )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को दावा किया कि चुनाव रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने उनसे जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) का कांग्रेस में विलय कर लेने को कहा था। समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के जन्मस्थान सिताब दियारा में संवाददाताओं से बातचीत में कुमार ने दावा किया कि किशोर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल में वह अपनी मर्जी से मुझसे मिलने आए थे। मैंने उन्हें निमंत्रित नहीं किया था। वह बहुत कुछ बोलते हैं, लेकिन इस तथ्य को छिपा जाते हैं कि एक बार उन्होंने मुझसे मेरी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लेने को कहा था। मुख्यमंत्री किशोर के इस दावे पर प्रतिक्रिया दे रह थे कि जद(यू) की अगुवाई करने के हाल के उनके अनुरोध को उन्होंने ठुकरा दिया। कुमार ने कहा, वह जो भी बोलना चाहते हैं, उन्हें बोलने दें। वह जो कुछ भी बोलते हैं, उसका कोई मतलब नहीं है। चार-पांच साल पहले, उन्होंने मुझसे कांग्रेस में विलय कर लेने को कहा था। अब वह भाजपा के लिए काम कर रहे हैं।


# एयरफोर्स डे: वायुसेना को मिली नई शाखा और वर्दी

- आजादी के बाद पहली बार सरकार ने हथियार प्रणाली शाखा की स्थापना को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**भारतीय** वायुसेना ने शनिवार को अपनी 90वीं वर्षगांठ मनाई। इस दौरान वायुसेना ने अपनी नई युद्धक वर्दी को पेश किया है। वायुसेना की यह नई युद्धक वर्दी कई मायनों में बहुत खास है। इस साल की शुरुआत में भारतीय सेना ने भी अपनी नई वर्दी लॉन्च की थी। भारतीय वायुसेना द्वारा आज लॉन्च हुई युद्धक वर्दी में खास बात यह है कि इसके इस्तेमाल के बाद रेगिस्तान के थार में, पहाड़ों पर, बर्फ के मैदान में दुश्मनों से मुकाबला करने में वायुसेना के जवानों को खास मदद मिलेगी। नई वर्दी में विशेष प्रकर के जूते शामिल किए गए हैं और इसका निर्माण पूरी तरह से भारत में किया गया है।

वहीं वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना के अधिकारियों के लिए एक हथियार प्रणाली शाखा की स्थापना को मंजूरी दी है। उन्होंने दावा किया कि इस शाखा की स्थापना से वायुसेना को उड़ान प्रशिक्षण के खर्च में कटौती कर 3,400 करोड़ रुपए से अधिक की बचत करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर चौधरी ने यह भी कहा कि भारतीय वायुसेना की अगले साल से महिला अग्निवीरों की भर्ती की योजना है। उन्होंने कहाकि हम वायुसेना ( शेष पेज 8 )



वायु सेना दिवस पर नई युद्धक वर्दी में जवान

## सैन्य विमानों के बेड़े के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में सुखना झील के ऊपर सैन्य विमानों के एक बेड़े के शानदार प्रदर्शन ने शनिवार को दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी उपस्थित थीं। भारतीय वायुसेना ने यहां अपना 90वां स्थापना दिवस मनाया। यह प्रथम वार्षिक वायुसेना दिवस परेड और फ्लाई पास्ट है जिसका आयोजन दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बाहर किया गया। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस अवसर पर, पंजाब और हरियाणा के राज्यपाल क्रमशः बनवारीलाल पुरोहित और बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर और चंडीगढ़ की सांसद किरण ( शेष पेज 8 )

## दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची वंदे भारत ट्रेन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**रेल** कर्मियों की सतर्कता की वजह से शनिवार को नई दिल्ली से वाराणसी आने वाली वंदे भारत ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, शनिवार को गाड़ी संख्या 22436- वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह अपने निर्धारित समय छह बजे नई दिल्ली स्टेशन से रवाना हुई और 06.38 बजे दादरी स्टेशन से पार हुई। जब यह गाड़ी लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 146 को पार कर रही थी तो वहां कार्यरत गेट मैन शाज़ेब की नजर ट्रेन के डिब्बों के अंडर गियर पर पड़ी। शाजेब ने ट्रेन के पिछले एस एल आर से सातवें डिब्बे में कुछ घर्षण महसूस किया और इसकी जानकारी दी जिस पर ट्रेन को 06.46 बजे अजायबपुर में टीएक्सआर कर्मचारियों द्वारा जांचा गया और कोच संख्या सी-8 में ब्रेक बाइंडिंग मिली जिसे ठीक कर अलग किया गया और ट्रेन को 07.03 बजे रवाना किया गया। ट्रेन के ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,191 | |
| निफ्टी | 17,314 | |
| सोना | 52,300 | /10g |
| चांदी | 62,022 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बिहार में नौ की जान लेने वाले बाघ को मार गिराया

**बगहा।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में पिछले कुछ दिनों में कथित रूप से नौ लोगों की जान लेने वाले एक बाघ को शनिवार को गोली मारकर ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। मुख्य वन्यजीव संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले के बगहा में स्थित वाल्मीकि बाघ अभयारण्य (वीटीआर) में वनकर्मियो के एक दल ने बाघ को मार गिराया। उन्होने बताया कि इस दल को हैदराबाद और पटना से यहां बुलाया गया था। गुप्ता ने बताया, वनकर्मी वीटीआर क्षेत्र से भटके हुए बाघ को पिंजरे में कैद करने की कोशिश कर रहे थे। बाघ को मारने का आदेश प्रक्रिया के अनुसार जारी किया गया था, जब यह स्पष्ट हो गया कि बाघ मानव निवास में रहने का आदी है। अधिकारियो ने बताया कि बाघ ने पिछले कुछ दिनों में कथित रूप से नौ लोगों को मार दिया था।

# दो साल के बाद पटरी पर लौटी पैलेस ऑन व्हील्स

- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिखाई हरी झंडी, कोरोना महामारी के कारण स्थगित थी ट्रेन

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोविड-19 महामारी की वजह से गत दो साल से स्थगित पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन को गांधीनगर (जयपुर) रेलवे स्टेशन से शनिवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गहलोत ने कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स शाही रेलगाड़ी पर्यटन के क्षेत्र में दुनिया में एक मिसाल है।

पिछले 40 वर्षों से चल रही इस ट्रेन का दो वर्षों के अन्तराल के बाद पुनः प्रारम्भ होना एक शुभ संकेत है। यह इंगित करता है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र और मजबूती के साथ उभरेगा। मुख्यमंत्री ने रवानगी से पहले पैलेस आन व्हील्स शाही ट्रेन का अवलोकन कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों को मंगलमय सफर के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स का पुनः संचालन हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शाही ट्रेन में राजस्थान की विरासत और सांस्कृतिक परम्परा को देखकर देश-विदेश के पर्यटक रोमांचित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे और आरटीडीसी (राजस्थान पर्यटन विकास निगम) के संयुक्त तत्वावधान में इस ट्रेन में आधुनिक साज-सज्जा और सभी पर्यटक सुख-सुविधाओं का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण इस शाही रेल का संचालन करीब दो वर्षों से बंद रहा। आरटीडीसी व पर्यटन विभाग की सकारात्मक पहल से यह ट्रेन पुनः शुरू हो रही है। गहलोत ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सराकर ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है और अनेक प्रकार की रियायतें दी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान की पुरानी हवेलियां, गढ़, किले और रेगिस्तान के साथ लोक कलाएं, हस्तशिल्प आदि की दुनिया भर में खास पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022-23 के बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 1000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में राजस्थान देश का सबसे सम्पन्न प्रदेश है और दिल्ली-आगरा के बाद विदेशी पर्यटक राजस्थान आना पसन्द करते हैं। यहां स्वदेशी पर्यटन की समृद्ध परम्परा रही ( शेष पेज 8 )



शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील्स फिर से पटरियों पर दौड़ेगी

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से सीबीआई ने की पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सीबीआई** ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर अप्रैल में जम्मू कश्मीर में दर्ज भ्रष्टाचार के दो मामलों के संबंध में पूछताछ की है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई टीम ने इस सप्ताह की शुरुआत में उनकी टिप्पणियों का विवरण लिया।

उन्होंने बताया कि मलिक का राज्यपाल के रूप में पांच साल का कार्यकाल चार अक्टूबर को समाप्त होने के बाद उनसे पूछताछ की गई। मलिक को 2017 में बिहार के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था, जिसके बाद उन्हें 2018 में जम्मू कश्मीर भेज दिया गया था। अगस्त 2019 में मलिक के रहते ही जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान रद्द कर दिए गए थे। मलिक ने किसान आंदोलन के दौरान केंद्र की आलोचना करते हुए बयान जारी किए थे।

मलिक को मेघालय भेज दिया गया था, जहां उनका पांच साल का कार्यकाल इस महीने समाप्त हुआ। मलिक ने दावा किया था कि उन्हें 23 अगस्त, 2018 से 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू कश्मीर के राज्यपाल के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान दो फाइल को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपए ( शेष पेज 8 )

# नोएडा की अजनारा होम्स सोसाइटी में नशे में धुत महिला ने गार्ड को पीटा, वीडियो वायरल

● पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

फेज तीन कोतवाली क्षेत्र स्थित अजनारा होम्स सोसायटी में एक महिला ने गार्ड से अभद्रता की है। गार्ड की कालर पकड़कर अभद्रता करते हुए महिला का वीडियो इंटरनेट मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर प्रसारित हो रहा है।

गार्ड की शिकायत पर महिला के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बीते दो माह में शहर में चार ऐसे वीडियो सामने आए है, जिसमें महिलाओं ने गार्ड से अभद्रता या मारपीट की है। अजनारा होम्स सोसायटी की घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है।



प्रसारित वीडियो में एक महिला वीडियो बना रही है, जबकि दूसरी महिला गार्ड से अभद्रता कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक कुल तीन महिलाओं के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। महिलाओं के नाम अंजली, दीक्षा और काकुल है। अंजलि और दीक्षा बहन हैं, जबकि काकुल उनकी दोस्त है। अंजलि का फूड सप्लीमेंट का बिजनेस है।

फिलहाल, गार्ड से अभद्रता कर पिटाई करने पर अंजलि और काकुल को हिरासत में लिया गया है। वहीं, दीक्षा की तलाश जारी है। यह घटना शुक्रवार रात दो बजे के करीब की बताई जा रही है।

फिलहाल, पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। बता दें कि नोएडा के सेक्टर और सोसायटी में निवासियों द्वारा सुरक्षागार्डों से मामूली विवाद पर मारपीट की घटनाएं कम नहीं हो रही है। दो दिन पहले भी सेक्टर.74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसायटी में पालतू कुत्ते को हटाने से मना करने पर एक सुरक्षागार्ड की पिटाई कर दी। पिटाई करने वाले व्यक्ति की पत्नी का आरोप है कि सुरक्षागार्ड ने उनके साथ छेड़खानी की है।

उधर पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद सेक्टर-113 कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांतिभंग का आरोप लगाते हुए धारा 151 के तहत मुकदमा दर्ज किया था।



थाना दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह नोएडा स्थित थाना फेस-2 में लंबित पड़ी विवेचनाओं का निरीक्षण करते हुए

## इनकम टैक्स अपर आयुक्त की संपत्ति आय से 86 प्रतिशत ज्यादा मिली, गाजियाबाद में केस दर्ज

● लखनऊ-दिल्ली में खरीदी गई प्रॉपर्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लखनऊ में तैनात आयकर विभाग के अपर आयुक्त अमित निगम के खिलाफ सीबीआई गाजियाबाद ने आय से 86 फीसदी अधिक संपत्ति होने का मुकदमा किया है।

जांच में उनके पास करीब साढ़े सात करोड़ रुपए की काली कमाई मिली है। इसमें कोठी, फ्लैट और प्लॉट शामिल हैं जो दिल्ली.लखनऊ में हैं। सीबीआई ने इस मामले में सारे सुबूत स्पेशल कोर्ट में पेश कर दिए हैं। एफ आईआर के अनुसार, अमित निगम 01 जनवरी 2008 से 30 जून 2018 तक मुरादाबाद, लखनऊ और अन्य स्थानों पर तैनात रहे। उन्होंने 8 करोड़ 1 लाख 64 हजार 800 रुपए की संपत्ति अर्जित की। यह उनकी आय से 7 करोड़ 52 लाख 6831 रुपए ज्यादा है।

अमित निगम की आय ग्रॉस सैलरी के अनुसार 1.26 करोड़ रुपए है। इस अवधि में अमित निगम ने दिल्ली और लखनऊ में कुल 6 संपत्तियां खरीदी, जिनकी कीमत आठ करोड़ रुपए से ज्यादा है। ये संपत्तियां अमित के परिवार या रिश्तेदारों के नाम हैं। सीबीआई गाजियाबाद ने अब इस मामले में अमित निगम के खिलाफ एक्ट 1988 के सेक्शन 132, 13 में एफ आईआर दर्ज कर ली है। इस केस की जांच सीबीआई गाजियाबाद के डीएसपी कमल प्रकाश शर्मा को दी गई है। अमित निगम की पत्नी डॉली निगम ने जिला हरदोई में एक स्कूल खोला हुआ है। अमित के पिता आरसी निगम ने साल-2007 में आर्चिशा एजुकेशनल ट्रस्ट की स्थापना की।

इस ट्रस्ट से साल.2013 में ये स्कूल खोला गया। वर्तमान में इस स्कूल की चेयरपर्सन इनकम टैक्स ऑफिसर अमित निगम की मां उमा निगम हैं और पत्नी डॉली निगम इसकी डायरेक्टर हैं।

## दो पक्षों में मारपीट के बाद चली गोली, भाजपा नेता पर लगा आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-51 होशियारपुर गांव में शुक्रवार की देर रात दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद में एक पक्ष की ओर से गोलीबारी की गई है। जिसमें दूसरे पक्ष के लोग बाल-बाल बच गए। दोनों के बीच जमीनी विवाद बताया जा रहा है। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना पर पुलिस पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। यह पूरा मामला थाना 49 का है।

सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि एक वाहन से चार-पांच युवक उतरते हैं और युवक के साथ मारपीट करने लगते है, नजदीक में खड़े सिक्योरिटी गार्ड के मुताबिक मारपीट के दौरान गोली भी चलाई गई है।

मारपीट करवाने का आरोप भाजपा नेता लोकेश यादव पर है। पीड़ित का कहना है कि फायरिंग लोकेश यादव के पिस्टल से ही की गई है। यह हमारी जमीन को हड़पना चाहता है। लोकेश के भाई और भतीजे ने उस पर हमला किया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि देर रात भाजपा नेता के परिजनों ने जानलेवा हमला किया है। 5, 6 युवकों ने गोपाल नाम के युवक पर हमला किया है।

## 5 ब्लड बैंक के लाइसेंस होंगे निरस्त

● सिर्फ कागजों पर चल रहे थे जांच में खुलासे के बाद फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में काफी लंबे समय से केवल कागजों में ही चल रहे 5 ब्लड बैंक का लाइसेंस अब निरस्त किए जाने तैयारी प्रशासन की तरफ से की जा रही है।

इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तरह से शिकंजा कस दिया है। बताया जा रहा है कि जिले संचालित सभी ब्लड बैंक की स्वास्थ्य विभाग की ओर से गहन जांच की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर 24 ब्लड बैंकों का स्थलीय सत्यापन किया गया है। इनमें से 5 ब्लड बैंक लगातार निरीक्षण के दौरान पूरी तरह से निष्क्रिय थे।



बहरहाल जांच टीम की रिपोर्ट के बाद अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शासन को रिपोर्ट भेजकर इनके लाइसेंस निरस्त किए जाने की संस्तुति की है। गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भवतोष शंखधर ने बताया कि 15 सितंबर से अक्टूबर के बीच विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान सभी ब्लड बैंक का स्थलीय निरीक्षण करने पर 5 ब्लड बैंक पर ताला लगा मिला।

इनकी गहनता से जांच की गई तो कागजों में ये ब्लड बैंक चलते हुए पाए गए। इनका लगातार निरीक्षण में बंद पाए जाने पर इन ब्लड बैंक के लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति शासन को प्रस्तुत की गई है। औषधि निरीक्षक अनुरोध कुमार का कहना है कि विभाग की टीम नियमित निरीक्षण करती है। कुछ ब्लड बैंक संचालक लाइसेंस लेने के बाद इसे संचालित करते हैं, लेकिन काम न चलने पर खुद ही लाइसेंस सरेंडर कर देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस मुठभेड़ में घायल दो तस्कर।

### दो इनामी गौतस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस इन समय एक्शन मोड में है। शुक्रवार रात बैक टू बैक 2 एनकाउंटर हुए। इसमें 25-25 हजार रुपए के दो इनामी गौतस्कर और एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया गया। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश के लिए कॉबिंग कर रही है। थाना सेक्टर-39 पुलिस सेक्टर-41 के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान 2 वांछित बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने फायर किया। गोली दोनों बदमाशों के पैर में लगी। घायल अवस्था में दोनों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान कफील और बिलाल निवासी धौलाना हापुड़ के रूप में हुई। बदमाशों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा, 2 खोखा कारतूस, 5 जिन्दा कारतूस, 1 बिना नम्बर प्लेट की कार और गौकशी में प्रयोग होने वाले उपकरण बरामद हुए। इन दोनों के खिलाफ12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। दोनों पहले भी गौकशी के मामले में जेल जा चुके हैं। दोनों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है। थाना फेस.2 क्षेत्र में एनोनदीता कंपनी के पीछे से वांछित ओर फरार बदमाश कमरूद्दीन को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया।

### दिवाली पर रंग-बिरंगी लाइटों से सजेगा ग्रेनो

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने दिवाली के मद्देनजर ग्रेटर नोएडा को रंग.बिरंगी लाइटों से सजाने-संवारने के निर्देश दिए। सीईओ ने एक्सप्रेसवे व अन्य प्रमुख मार्गों के आसपास बनी इमारतों को लाइटों से सजानेए चौराहों पर रंग-बिरंगी लाइटें लगवाने के निर्देश दिए। सीईओ ने सभी एंट्री गेट को भी चमकाने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा के प्रमुख गोलचक्करों व उसके चारों ओर कॉर्नर पर भी रंग.बिरंगी लाइटें सजाने को कहा है। इसके लिए सीएसआर कार्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी की भी मदद ली जा सकती है।

### गुरुद्वारा इंदिरापुरम की ओपीडी का सेवा विस्तार



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम गुरुद्वारे में मरीजों की सेवा के लिए जारी ओपीडी सेवा का शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. भवतोष शंखधर विस्तार करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा की गुरुद्वारे में इलाज के लिए आने वाले गरीब मरीजों की जांच व इलाज के लिए जिला स्वास्थ्य प्रशासन हर संभव मदद कर प्रयास करेगा। इस अवसर पर गुरुद्वारा के प्रधान व खालासा इंटरनेशनल के प्रमुख गुरूप्रीत सिंह रम्मी ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए ओपीडी में बेड की संख्या बढ़ाकर 7 कर दी गई है। इस अवसर पर डॉ. गौरव कुमार, डॉ. वंदना गोयल, हरजोत सिंह, रूपिंदर सिंह (स्वीटी) समेत बड़ी संख्या में खालासा हेल्प इंटरनेशनल के पदाधिकारी मौजूद थे।

## नोएडा की 10 सड़कें सबसे पहले गड्ढा मुक्त होंगी

● इन मार्गों पर पूरे दिन बना रहता है यातायात दबाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है।

शहर में प्रमुख रूप से 10 सड़कें हैं, जिनसे सबसे ज्यादा वाहन निकलते हैं। इनको सबसे पहले गड्ढा मुक्त किया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सभी सड़कों को हर हाल में 15 नवंबर तक गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। शहर में मुख्य रूप से मास्टर प्लान रोड नंबर.1 डीएनडी से सेक्टर-57, मास्टर प्लान रोड नंबर.2 सेक्टर.16ए फिल्म सिटी फ्लाईओवर से सेक्टर.60, मास्टर प्लान रोड नंबर.3 कालिंदी कुंज से पर्थला गोलक्कर, रोड नंबर.6 सेक्टर-62 मॉडल टाउन से सेक्टर-71 अंडरपास, बरौला बाइपास सेक्टर-71 अंडरपास से सेक्टर-49 बरौला, डीएससी रोड सेक्टर-1 गोलचक्कर से सूरजपुर, उद्योग मार्ग सेक्टर-1 गोलचक्कर से सेक्टर-11 झुंडपुरा के अलावा सेवन एक्स सेक्टर की सड़कें और हाजीपुर महर्षि आश्रम आदि की मुख्य सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि वैसे शहर की सड़कों में ज्यादा गड्ढे नहीं हैं। ये गड्ढे हाल में हुई बारिश में हुए हैं, इनको एक सप्ताह से दस दिन के अंदर भर दिया जाएगा।



नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे की री.सरफेसिंग चल रही है, ऐसे में वह सड़क बेहतर है। सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे जल्द से जल्द अपने क्षेत्र की सड़कों को गड्ढे मुक्त करें। वहीं, दूसरी ओर शुक्रवार को सेक्टर-67, सेक्टर-63, सेक्टर560 अंडरपास के ऊपर सहित कई जगह सड़कों में गड्ढे और सड़क क्षतिग्रस्त नजर आईं।

## नेहरू नगर में हुई डकैती के खुलासे के करीब पहुंचीं पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सिहानी गेट थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरूनगर कॉलोनी में रहने वाले उद्योगपति रमन सरीन के यहां पड़ी डकैती के खुलासे की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

यह कहना है पुलिस के सूत्रों का। सूत्रों की माने तो पुलिस के हाथ जहां इस वारदात से संबंधित अहम सुराग लगे हैं वहीं पुलिस ने दो से अधिक सस्पेक्ट को हिरासत में लेकर उनसे गहन पूछताछ की। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि पुलिस अब लूट करने वाले गैंग के अन्य सदस्यों को दबोचने के लिये उनके संभावति ठिकानों पर दबिश डालने गई हुई थी। सूत्रों की माने तो पुलिस खुलासे के दौरान जहां चौकाने वाले तथ्य उजागर कर सकती है वहीं लूटे गये माल की भी बरामदगी दिखा सकती है। बता दें कि कल दिनदहाड़े हुई इस घटना की वारदात को जहां एसएसपी मुनिराज जी व एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल ने चैलेंज के रूप में लिया था। वहीं आईजी प्रवीण कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर काफी देर तक निरीक्षण किया था।

## कन्वेयर बेल्ट बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कन्वेयर बेल्ट बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लगने के बाद रात भर राहत कार्य जारी रहा।

अधिकारियों ने बताया कि शहर के औद्योगिक सेक्टर-63 स्थित बहुमंजिला फैक्टरी में रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि फैक्टरी में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि इस इकाई में रबड़ आधारित कन्वेयर बेल्ट का निर्माण किया जाता था। राहत अभियान की देखरेख कर रहे सिंह ने बीती रात लगभग डेढ़ बजे कहा, आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मी पानी के लगभग एक दर्जन टैंकरों के साथ मौके पर भेजे गए।

कई स्थानों पर आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि, इसे पूरी तरह से बुझाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाने के बाद ही आग लगने के असल कारण और संपत्ति के नुकसान का आकलन किया जाएगा।

## अब ग्रेनोवासी भी जान सकेंगे हर प्रोजेक्ट का ब्योरा

● सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने साइट पर बोर्ड लगाकर ब्योरा लिखने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के निवासी अब यहां चल रहीं सभी परियोजनाओं की जानकारी खुद से भी रख सकेंगे।

प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सभी नए पुराने प्रोजेक्टों का ब्योरा लिखा हुआ बोर्ड उसकी साइट पर लगाने के निर्देश दिए हैं। सीईओ ने ग्रेटर नोएडा की सभी मौजूदा परियोजनाओं को पूरा करने की समयसीमा तय कर दी है।

साथ ही प्रस्तावित परियोजनाओं को शुरू कराने का भी तिथि सहित खाका खींच दिया है। तय समयसीमा में काम पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने शुक्रवार शाम को करीब तीन घंटे तक ग्रेटर नोएडा से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की। सीईओ ने गंगाजल प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि गंग नहर से पानी छोड़े जाने के बाद तीव्र गति से परीक्षण का काम पूरा किया जाए और घरों तक आपूर्ति शुरू किया जाए। सीईओ ने एलईडी स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट की समीक्षा की।

सीईओ ने कहा कि प्राधिकरण की टीम अंधेरा होने के बाद फील्ड में जाकर निरीक्षण करेगी कि सभी लाइटें जल रही हैं या नहीं। इसकी नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। बता दें कि ग्रेटर नोएडा में सभी स्ट्रीट लाइट करीब 54 हजार एलईडी में कनवर्ट हो हो चुकी हैं। गौड़ चौक पर प्रस्तावित अंडरपास के कंसलटेंट का चयन कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शीघ्र तैयार कराने के निर्देश दिएए ताकि इसका टेंडर कर काम जल्द शुरू कराया जा सके।

स्ट्रीट वेंडर के लिए खाली जगह तय करके उन्हें वहीं शिफ्ट करने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 27 जगहों पर स्ट्रीट वेंडर जोन तैयार करा रहा है। इनके तैयार होने पर स्ट्रीट वेंडरों को वहीं शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए स्ट्रीट वेंडरों की सूची तैयार फाइनल की जा रही है।

## दीवार गिरने के मामले में शहर वासियों से मांगे सबूत

● 7 दिन में घटना से संबंधित फोटो, वीडियो और जानकारी प्राधिकरण में करे जमा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दीवार गिरने से 4 मजदूरों की मौत के मामले में जांच जारी है। पहले स्तर की जांच में ठेकेदार को दोषी बताया गया। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण ने शहर वासियों से साक्ष्य भेजने के लिए कहा है। कोई भी शहरवासी मामले से जुड़ी कोई भी फोटो और जानकारी देना चाहता है। वह 7 दिनों के अंदर नोएडा प्राधिकरण में सुबह 10 से 12 बजे तक नोएडा प्राधिकरण में दे सकता है। वह चाहे, तो अधिकारी के सामने जाकर भी अपना पक्ष रख सकता है।



मामले में नोएडा प्राधिकरण ने पहले जांच में ठेकेदार को दोषी माना था। साइट पर काम के दौरान ठेकेदार ने मजदूरों को सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराए थे। मजदूरों के कहने कि दीवार गिर सकती है। मजदूरों पर दबाव बनाकर काम जारी रखवाया गया। प्राधिकरण के अवर अभियंता की गलती भी सामने आई है। जेई को मौके पर जाकर निरीक्षण करना था। लेकिन उसने अपनी डयूटी वर्क नहीं किया। इसको लेकर प्राधिकरण एक्शन ले सकती है। वहीं थर्ड पार्टी से यदि कोई व्यू लेना होगा तो लिया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि जांच में देखा गया कि यहां पर मैन्युअल काम होना चाहिए था या नहीं। कार्य के लिए जो एस्टीमेट तैयार किया गया था वह मैन्युअल वर्क के लिए था या फिर काम मशीनरी से किया जा सकता था। दीवार गिरने से चार मजदूरों की मौत के मामले में नोएडा पुलिस ने प्राधिकरण के पांच अधिकारियों को सीआरपीसी 91 का नोटिस भेजा है। इस नोटिस के बाद वह कभी भी इन पांचों को या किसी को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। इनमें प्राधिकरण के डीजीएम, मैनेजर, जेई और 2 सुपरवाइज़र शामिल है। ये सभी प्राधिकरण के सर्किल-2 के है। अगर अधिकारी नोटिस पर नहीं पहुंचते तो कार्रवाई का भी प्रावधान भी है। नोएडा के सेक्टर-21 जलवायु विहार सोसाइटी की करीब 100 मीटर लंबी दीवार गिर गई थी। दीवार के नीचे नाली बनाने का काम हो रहा था। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई थी। सूचना पर रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर 8 लोगों को बचाया था।

## नर्सरी के लिए दी गई जमीन पर बना मार्केट, एसीईओ तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में बड़ा घपला सामने आया है। नॉलेज पार्क-1 में जो प्लॉट पहले से नर्सरी के लिए अलॉट किया हुआ था। उसी प्लॉट को प्लानिंग विभाग ने मार्केट बनाने के लिए अलॉट कर दिया।

यह प्लॉट ग्रेटर नोएडा वेस्ट एरिया के तुष्याना गांव से उठाकर लगाया गया है। नर्सरी के लिए अलॉट किए गए प्लॉट पर मार्केट बनाए जाने के मामले में जिला अदालत ने पीडित की याचिका पर एसीईओ को कोर्ट में तलब किया है। पीडित ने बताया कि सन 2003 में नॉलेज पार्क-1 में प्लॉट नंबर जी-31 जिसका एरिया 10500 वर्ग मीटर है। इस प्लॉट को नर्सरी के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अलॉट किया था। पीडित विरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होने नर्सरी के लिए प्लॉट को पूरी तरह से डवलप कर लिया। नलकूप तारफेसिंग करा कर हजारों पेड.पौधे लगा दिए गए।

इसी दौरान सन 2014 में मकोडा निवासी राजेंद्र सिंह ने अथॉरिटी के प्लानिंग, 6 प्रतिशत आबादी और उधान विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ करके तुष्याना गांव से 691 वर्ग मीटर का प्लॉट उसके प्लॉट नंबर जी-31 में सूरजपुर-कासना मैन रोड पर कैलाश हास्पिटल के बराबर में लगा दिया। यह प्लॉट राजेंद्र सिंह ने अपने दो बेटे मनोज, दीपक और उनकी पत्नी स्वेतना व मधू के नाम रजिस्टी करा दी गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पत्र के जरिए एलजी का केजरीवाल पर फिर हमला

## उपराज्यपाल ने छह पन्नों के पत्र में कहा- संवैधानिक कर्तव्यों से भाग रहे मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल (एलजी) के बीच बयानबाजी के साथ विवाद बढ़ता जा रहा है। आप नेताओं के बयान और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का उपराज्यपाल के डांटने वाले बयान के बाद विवाद भड़क गया है। उपराज्यपाल ने छह पन्नों को लंबा पत्र लिखकर आप सरकार पर निशाना साधा है। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा है कि उपराज्यपाल का एक और लव लेटर आया है।

ताजा मामले में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखे एक पत्र में उन पर और उनके मंत्रियों पर प्रशासनिक जिम्मेदारी और संवैधानिक कर्तव्यों से भागने का आरोप लगाया है। सात अक्टूबर को लिखे पत्र में सक्सेना ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाषण और विज्ञापन पर आधारित शासन बुनियादी जनहित के कार्यों से अलग है।

सक्सेना का पत्र उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप करने और उसके फैसलों पर असंवैधानिक रूप से जांच बैठाने का आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद आया है। एलजी ने सीएम को लिखे पत्र में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के तथ्यविहीन पत्रों एवं आप के अनेक नेताओं के भ्रामक और अनर्गल बयानों का संज्ञान और संदर्भ लेने को कहा है।

सक्सेना ने कहा कि मुझे खेद है कि मर्यादा की सभी सीमाएं लांघने के अलावा आप तथा आपके सहयोगी निरंतर अपने संवैधानिक कर्तव्यों और शासन की जिम्मेदारियों से पीछे भाग रहे हैं। अफसोस की बात यह है कि जब मैंने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आपको इन कमियों से अवगत कराते हुए इनके निवारण का अनुरोध किया तो आपने और आपके सहयोगियों ने उन विषयों पर जवाब न देकर, न सिर्फ लोगों को गुमराह किया बल्कि, आदतन तथ्यहीन और व्यक्तिगत आक्षेप भी लगाये।

उपराज्यपाल ने कहा कि उनके पत्र और निर्देश सरकार को उसके कामकाज में त्रुटियों और कमियों के खिलाफ आगाह करने के लिए थे, फिर भी उन पर व्यक्तिगत रूप से हमला किया गया और निराधार आरोपों के तहत उन्हें निशाना बनाया गया। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उपराज्यपाल ने आबकारी नीति (अब समाप्त हो चुकी) की जांच, एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति की उपस्थिति में केजरीवाल या उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति, बिजली सब्सिडी, शिक्षकों की भर्ती समेत कई अन्य बिंदुओं की जांच के संबंध में अपने निर्देशों के बारे में पूछा कि इन सभी मामलों की जांच के आदेश देने में वह कहां गलत थे।

### फिर एक लव लेटर आया: सीएम

*नई दिल्ली।* *मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उपराज्यपाल वी के सक्सेना पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा उपराज्यपाल के जरिए दिल्ली के लोगों की जिंदगी तबाह कर रही है। केजरीवाल की टिप्पणी सक्सेना द्वारा एक पत्र में केजरीवाल और उनके मंत्रियों पर अपने संवैधानिक कर्तव्यों और शासन की जिम्मेदारी से भागने का आरोप लगाने के बाद आई है। सक्सेना ने मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों पर झूठे आरोप लगाने और उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने का आरोप लगाया है, जिससे उन लोगों को अपूरणीय क्षति हुई है, जिन्हें उन्होंने निशाना बनाया। चिट्ठी का चुटीला जवाब देते हुए केजरीवाल ने शनिवार को एक ट्वीट कर कहा, आज एक और लव लेटर आया है। उन्होंने उपराज्यपाल पर दिल्ली के लोगों की जिंदगी तबाह करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा उपराज्यपाल के जरिए दिल्ली के लोगों की जिंदगी तबाह करने पर तुली है। रोज ये लोग किसी ना किसी बात को लेकर बखेड़ा कर देते हैं। मैं दिल्लीवासियों को भरोसा दिलाता हूं- जब तक आपका ये बेटा जिंदा है, चिंता मत करना।*

# आबकारी नीति : ईडी ने जब्त की एक करोड़ की नकदी

- एक दिन पहले ही जांच एजेंसी ने पंजाब, दिल्ली-एनसीआर, आंध्र प्रदेश में 35 से अधिक स्थानों पर की थी छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब खत्म की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले को लेकर धन शोधन जांच के सिलसिले में छापेमारी के बाद करीब एक करोड़ रुपए की नकदी जब्त की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जांच एजेंसी ने शुक्रवार को पंजाब, दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) और आंध्र प्रदेश में 35 से अधिक स्थानों पर दिन भर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, शराब कारोबारियों, वितरण कंपनियों और इससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ छापेमारी के दौरान एक स्थान से करीब एक करोड़ नकदी जब्त की गई है। सूत्रों ने बरामदगी वाले स्थानों के बारे में जानकारी गोपनीय रखी लेकिन उनका कहना था कि कुछ डिजिटल उपकरणों और दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

दिल्ली स्थित एक टेलिविजन समाचार संगठन के एक निदेशक से जुड़े परिसर के अलावा शहर के एक कारोबारी जिसकी कंपनी विभिन्न मादक पेय पदार्थों का आयात और वितरण करती है और पंजाब के एक पूर्व विधायक के परिसर की भी ईडी के अधिकारियों ने तलाशी ली थी। केंद्रीय एजेंसी इस मामले में अब तक 103 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी कर चुकी है।

# दिनभर झमाझम बारिश से बेपटरी हुई जिंदगी

## राजधानी में जगह-जगह जलजमाव और जाम से दिनभर जूझते रहे लोग



तेज बारिश के कारण कर्तव्य पथ में घुमने के लिए पहुंचे सैलानी मायूस होकर लौटते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश शनिवार को पूरे दिन होने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के कारण लोगों को घरों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा वहीं बाहर निकले लोगों को जाम व परेशानी से दो चार होना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश होने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शनिवार को बारिश के कारण जाम लग गया। दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्वीट किया, आनंद पर्वत लालबत्ती के समीप जलभराव के कारण जखीरा से आगे न्यू रोहतक रोड पर यातायात प्रभावित हुआ है। यात्रियों को इस हिस्से से बचने की सलाह दी जाती है।

यात्रियों ने भी शहर के विभिन्न हिस्सों में जाम को लेकर ट्विटर पर जानकारी साझा कीं। जखीरा फ्लाईओवर से भारी जाम की खबर है। बहादुरगढ़ की ओर नजफगढ़ रोड, राजा गार्डन से धौला कुआं लूप तक रिंग रोड पर भी भी ऐसा ही नजारा था। एक यात्री ने ट्वीट किया कि धौला कुआं होते हुए नारायणा से मोतीबाग के रास्ते में भारी जाम है। एक अन्य यात्री ने लिखा कि पंजाबी बाग चौक पर लालबत्ती काम नहीं कर रही है तथा वर्षा एवं जलभराव के कारण भारी जाम है।

कुछ यात्रियों के अनुसार आनंद विहार, लालकिला, मथुरा रोड और छावला इलाके में बहुत अधिक जाम रहा। आजाद मार्केट लालबत्ती पर भी जाम की स्थिति बनी रही। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शहर में यातायात को सुचारू बनाने के लिए जगह जगह यातायात पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। एक यात्री ने लिखा कि गुड़गांव सीमा से दिल्ली की ओर आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग आठ पर भारी जाम था। वहीं धौलाकुंआ पर भी जाम की स्थिति बनीं रही। यहां हरियाणा जाने वाले वाले वाहनों की लंबी कतारें देखी गई।

- राजधानी में आज भी जारी रहेगी बारिश

### लगातार फुहारों ने साफ की हवा

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को सुबह की शुरुआत बारिश की फुहारों के साथ हुई और वायु गुणवत्ता में सुधार देखा गया। वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) के आंकड़ों के मुताबिक, सुबह करीब नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 41 था, जो अच्छी श्रेणी में आता है। उल्लेखनीय है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई गंभीर माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शहर में 24 घंटे का औसत एक्यूआई शुक्रवार को 55 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है।

### फर्जी वेबसाइट से ठगी के आरोप में 12 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रमुख कंपनियों की फर्जी वेबसाइट और ईमेल आईडी बनाकर लोगों को ठगने के आरोप में चार अलग-अलग अभियानों के तहत देशभर से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि एक कंपनी ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने फर्म के डोमेन नाम वाली वेबसाइट और ईमेल आईडी बनाई थी। उन्होंने कहा कि कंपनी ने आरोप लगाया कि आरोपी उसके अधिकारी बनकर लोगों को ठग रहे हैं। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) प्रशांत गौतम ने बताया कि आरोपियों की पहचान शम्मी आलम खान, अतुल दीक्षित और प्रेम दत्त, अमित सिंह, मोनू कुमार, संदीप चौधरी और गोपाल कुमार के रूप में हुई है।

# हिंदुओं पर आप मंत्री के बयान से घमासान

- भाजपा हुई मुखर, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने हिंदुत्व से नफरत करने का लगाया आरोप



केंद्रीय मंत्री रिजीजू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री पाल गौतम के बयान के बाद से विवाद बढ़ गया है। जहां भाजपा इस बयान पर आक्रामक होकर हमले कर रही है वहीं आप इस मामले में बैकफुट पर नजर आ रही है।

केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रीजीजू ने आम आदमी पार्टी (आप) और उसके नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि दिल्ली के अरविंद केजरीवाल और उनका गिरोह हिंदू तथा हिंदुत्व से इतनी नफरत क्यों करता है।

रिजीजू ने यह टिप्पणी तब की जब दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम का एक धर्मांतरण कार्यक्रम में कथित तौर पर शामिल होने से जुड़ा एक वीडियो सामने आने के बाद वह विवाद में घिर गए। वायरल हुए इस वीडियो में, कार्यक्रम में शामिल हजारों लोग बौद्ध धर्म अपनाने का संकल्प लेते और हिंदू देवी-देवताओं की निंदा करते सुने जा सकते हैं।

रीजीजू ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि वास्तव में मुझे समझ में नहीं आता कि केजरीवाल और उनका गिरोह हिंदू तथा हिंदुत्व से इतनी नफरत क्यों करता है। मैं राहुल गांधी के बारे में तो समझ सकता हूं लेकिन केजरीवाल। अरुणाचल प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रीजीजू ने कहा कि हर भारतीय को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास मंत्र का पालन करना चाहिए। आप नेता का वीडियो आने के साथ ही भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री से निधाना साधते हुए उनसे गौतम को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की।

# दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी-पीएनजी के दाम बढ़े

### महंगाई की छलांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





सीएनजी और पीएनजी के दाम बढ़ाए हैं। नए रेट शनिवार सुबह 6 बजे से लागू हो गए हैं।

सीएनजी और पीएनजी के दामों में बढ़ोतरी करने के साथ केंद्र सरकार ने एक बार फिर आम जनता की जेब को हल्का कर दिया है। इसके साथ ही दिल्ली-एनसीआर के करोड़ों लोगों को त्योहारी मौसम में महंगाई का बड़ा झटका लगा है।

प्राकृतिक गैस के दामों में 40 प्रतिशत की वृद्धि के बाद इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी के साथ-साथ पीएनजी की कीमतों में तीन तीन रुपये का इजाफा किया है। सीएनजी चालित वाहनों से आवागमन महंगा शनिवार से और महंगा हो गया है, जबकि पीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी से इसका असर किचन के बजट और जेब पर पड़ना तय है। लंबे समय बाद आईजीएल ने दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी और पीएनजी के दाम बढ़ाए हैं।

इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमत 78.61 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। वहीं नोएडा और गाजियाबाद सीएनजी के दाम प्रति किलोग्राम 80 रुपये के पार चले गए हैं। नोएडा-गाजियाबाद में प्रति किलोग्राम सीएनजी की कीमत 81.17 रुपये हो गई है। नए रेट लागू होने के बाद दिल्ली, नोएडा ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में सीएनजी और पीएनजी महंगी हो गई है। जाहिर है कि दिवाली से पहले सीएनजी-पीएनजी के दामों में हुई बढ़ोतरी से लोगों के बजट पर असर पड़ेगा। सीएनजी कंपनी ने सीएनजी के दामों में 3 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। वहीं पीएनजी दामों में 3 रुपये की वृद्धि की गई है।

दिल्ली में पहले सीएनजी के लिए लोगों को 75.61 रुपये देने पड़ते थे। अब नए रेट लागू होने के बाद लोगों को 78.61 रुपये चुकाने पड़ेंगे। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी के दाम 78.17 से बढ़ाकर 81.17 रुपये कर दिए गए हैं। दिल्ली में पीएनजी की नई कीमत 53.59 प्रति स्टेंडर्ड क्यूबिक मीटर कर दी गई है।

# पड़ोसी ने की आठ वर्षीय बच्ची की हत्या

- पुलिस ने मामले में बलात्कार के पहलू से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नरेला इलाके में आठ-वर्षीया एक बच्ची की उसके पड़ोसी ने कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने उक्त मामले में बलात्कार के पहलू से इनकार किया है और हत्या के लिए पीड़िता के भाई के आरोपी के साथ तनावपूर्ण संबंधों को जिम्मेदार ठहराया। आरोपी और पीड़िता का परिवार साथ-साथ रहता है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़िता के घर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल करने के बाद आरोपी का पता लगाया गया। उन्होंने बताया कि रात के करीब साढ़े 11 बजे आरोपी को तलाश कर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) देवेश कुमार महला के मुताबिक, आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। लगातार पूछताछ के बाद आरोपी ने बताया कि पीड़िता के भाई के साथ उसके तनावपूर्ण संबंध थे। उसने बदला लेने के मकसद से उसकी बहन की घर से करीब एक किलोमीटर दूर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि लड़की के शव को बरामद कर लिया गया है।

### महिला आयोग ने पुलिस को भेजी नोटिस

नरेला इलाके में 8 साल की बच्ची के अपहरण और हत्या को लेकर दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। इस संबंध में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालिवाल ने अपने ट्वीट में लिखा कि 8 साल की बच्ची का नरेला में दरिंदो ने पत्थर से सर कुचल दिया। ये दिल्ली देश की राजधानी का हाल है। परिवार का कहना है कि पड़ोसी और उसके साथी ने बेटी का अपहरण कर दुष्कर्म किया और फिर मार डाला। दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर रहे हैं। ये सब कैसे खत्म होगा। बेटियां कब तक ऐसे ही मरती रहेंगी।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में खराबी के बाद शताब्दी से गए यात्री

- दनकौर स्टेशन के पास आई थी गड़बड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में खराबी के बाद शनिवार सुबह दनकौर स्टेशन के पास में रोकना पड़ा।

ट्रेन के सी-8 कोच के ट्रैक्शन मोटर में यात्रा के दौरान खराबी आई। जांच के लिए दिल्ली से रेलवे अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक्शन मोटर की खराब बेरिंग को सही करने की कोशिश की, जिसके बाद बाद ट्रेन को 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से खुर्जा तक पहुंचाया गया, लेकिन इससे ट्रेन के पहियों में खराबी आ गई। जिसके बाद दिल्ली से खुर्जा के लिए शताब्दी ट्रेन भेजी गई। शताब्दी ट्रेन में वंदे भारत के यात्रियों को शिफ्ट किया गया।

# संतों ने कहा, खत्म हो विवादास्पद वक्फ कानून

### धर्मादेश-2022

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



धर्मादेश-2022 में देशभर से जुटे प्रमुख संतों ने केंद्र सरकार से विवादास्पद वक्फ कानून को खत्म करने की मांग की है। इसी तरह वक्फ संपत्तियों के माध्यम से देशविरोधी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए उसकी राष्ट्रव्यापी एसआईटी जांच की मांग भी की।

अखिल भारतीय संत समिति द्वारा एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस धर्मादेश में देशभर से 200 से अधिक महामंडलेश्वर, महंत व आचार्य जुटे थे। संतों ने प्रस्ताव व्यक्त की कि इसके पहले वर्ष 2018 में तालकटोरा स्टेडियम में हुए धर्मादेश में राममजन्मभूमि की मुक्ति समेत सरकार के सामने रखी गई 13 सूत्रीय मांगों में से 90 प्रतिशत पूरी हो गई है। समिति के महामंत्री व काशी से आए स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने 1500 वर्ष पुराने मंदिर वाले तमिलनाडु के एक गांव को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह अति गंभीर मामला है। स्थिति यह है कि रेलवे के बाद सबसे अधिक वक्फ बोर्ड के पास संपत्ति है।

### देश में फतवा नहीं धर्मादेश: शेरपुरिया

अखिल भारतीय संत समिति में उद्यमी व समाजसेवी संजय राय शेरपुरिया ने कहा कि देश में अब फतवा नहीं बल्कि धर्मादेश चलेगा। अखिल भारतीय संत समिति का यह मानना है कि भारत भूमि में उद्भूत हुए सभी समुदायों को एकजुट होकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के ऊपर हो रहे हमलों का उत्तर देना वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। धर्म रक्षा, राष्ट्र रक्षा ही सदा से सन्त समिति का उद्देश्य रहा है। समिति के अखिल भारतीय महामंत्री जितेंद्र नंद सरस्वती ने बताया कि, वक्फ बोर्ड का निरस्त किया जाए।

# तेजी से बढ़ रहे टाइफाइड और सांस के मरीज

## बारिश और मौसम में बदलाव के कारण राजधानी के अस्पतालों में रोगियों भी भीड़

- पिछले वर्षों की तुलना में कुछ अस्पतालों में स्क्रब टाइफस और लेप्टोस्पायरोसिस के मामले अधिक आ रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बारिश और मौसम में बदलाव के कारण राजधानी के अस्पतालों में ऊपरी श्वास नली में संक्रमण, टाइफाइड और आंत्रशोथ (गैस्ट्रोएंटेराइटिस) के मरीजों की संख्या में तेज वृद्धि हो रही है। मूलचंद अस्पताल में श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. भगवान मंत्री ने कहा कि इन दिनों बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) में प्रतिदिन 20 से अधिक मरीज आ रहे हैं, जिनमें श्वास नलिका में संक्रमण, बुखार, टाइफाइड, स्वाइन फ्लू, एलर्जी, निमोनिया और डेंगू के रोगी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पहले, ऐसे रोगियों की संख्या प्रति दिन 10 से कम होती थी, लेकिन अब हम इसमें तेज वृद्धि देख रहे हैं।

डॉ. मंत्री ने कहा कि संक्रमण सभी आयु समूहों में हो रहा है, लेकिन जब बुजुर्गों के श्वसन पथ में संक्रमण होता है, तो वह गंभीर रूप धारण कर लेता है। जानकारों का यह भी कहना है कि आमतौर पर हर साल मानसून के बाद संक्रामक रोगों का प्रकोप देखने को मिलता है, लेकिन पिछले वर्षों के विपरीत, कुछ अस्पतालों में स्क्रब टाइफस और लेप्टोस्पायरोसिस के मामले अधिक संख्या में आ रहे हैं।

स्क्रब टाइफस एक संक्रामक रोग है जो ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी नामक जीवाणु के कारण होता है। लेप्टोस्पायरोसिस एक जीवाणु संक्रमण है जो चूहों और जीवों के मूत्र या मल के माध्यम से फैलता है।

फोर्टिस हॉस्पिटल, वसंत कुंज में सीनियर इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि डेंगू जो इस मौसम में नियमित तौर पर देखा जाता है, ओपीडी में आने वाले रोगियों में इन दिनों एक आम बीमारी है।

इसके अलावा हमें टाइफाइड बुखार, तीव्र आंत्रशोथ, वायरल हेपेटाइटिस, ऊपरी श्वास नली में संक्रमण, स्वाइन फ्लू के कुछ मामले और कभी-कभी कोविड के मामले देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल हमें स्क्रब टाइफस और लेप्टोस्पायरोसिस के मामले भी मिल रहे हैं, हालांकि इनकी संख्या बहुत अधिक नहीं है, लेकिन ये निश्चित रूप से पिछले वर्षों की तुलना में अधिक हैं। बत्रा अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. एससीएल गुप्ता के अनुसार, बेमौसम बारिश और अचानक मौसम बदलना मामलों में वृद्धि का एक कारण हो सकता है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि हमारा अस्पताल बच्चों के ऊपरी श्वसन पथ में संक्रमण के मामलों को देख रहा है, खासकर सात से आठ साल के बच्चों में।

इसके लक्षणों में बुखार, सांस फूलना, खांसी, बेचैनी शामिल हैं। डॉ. मंत्री ने डॉ. गुप्ता की बात से सहमति जताई और कहा कि सितंबर के महीने में बेमौसम बारिश हुई, जो इन रोगियों की संख्या में वृद्धि का कारण हो सकती है।

### डॉक्टरों की सलाह

1. शॉर्ट, आधी आस्तीन का कुर्ता-टी शर्ट न पहनें
2. एसी से बचें, रात में पंखा भी हल्का चलाएं
3. अधिक ठंडा या फ्रीज का पानी पीने से परहेज करें
4. मच्छरों और गंदगी वाले स्थानों से बचें
5. ताजा और ढका हुआ खाना ही खाएं
6. स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होने पर फौरन डॉक्टर की सलाह लें

# डीयू में दाखिले का दूसरा चरण 10 तक चालू रहेगा

- रामजस, किरोड़ीमल कॉलेज मे बी.कॉम बना छात्रों की पसंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्नातक की पढ़ाई करने वाले छात्रों के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज और किरोड़ीमल कॉलेज का बी.कॉम पाठ्यक्रम सबसे ज्यादा लोकप्रिय है।

शनिवार को सुबह साढ़े पांच बजे तक 37,566 छात्र-छात्राओं ने रामजस कॉलेज में बी.कॉम पाठ्यक्रम को अपनी पसंद में प्राथमिकता पर रखा, जिससे रामजस कॉलेज-बी.कॉम अभी तक सबसे अधिक चुने जाने वाला संयोजन बन गया है। वहीं, किरोड़ीमल कॉलेज में 37,531 विद्यार्थियों ने बी.कॉम पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दी है। डीयू द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, विश्वविद्यालय के बी.कॉम तथा बी.कॉम (ऑनर्स) पाठ्यक्रमों की सबसे अधिक मांग है। डीयू में 67 कॉलेजों, विभागों तथा केंद्रों में 79 स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। 26 सितंबर को कॉलेज-पाठ्यक्रम चुनने की अनुमति देते हुए दाखिले की दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की थी। दूसरा चरण 10 अक्टूबर तक चालू रहेगा। डीयू ने अपनी दाखिला वेबसाइट पर एक नया टैब जोड़ा है जिससे छात्रों द्वारा पाठ्यक्रम-कॉलेज को दी जा रही प्राथमिकता पर आंकड़े प्राप्त हो रहे हैं।

# वेब ऐप के माध्यम से मिलेगा अवसाद से बाहर निकलने का रास्ता

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**विश्वविद्यालय** में साइकोलॉजी विभाग के एक छात्र ने लोगों को मानसिक तनाव, अवसाद से बाहर निकलने के लिए निशुल्क सलाह दी जाएगी। इसके लिए छात्र ने आई हीयर यू वेब ऐप तैयार की है। इस ऐप के माध्यम से रोगी पंजीकरण करके सहायता और सलाह दे सकते हैं।

साइकोलॉजी विभाग के छात्र धीरज घुघत्याल का कहना है कि आम लोगों तक मानसिक चिकित्सीय परामर्श की सुविधा को विस्तार देने के लिए यह सुविधा

### गुरुग्राम विवि के साइकोलॉजी के छात्र धीरज ने बनाई वेब ऐप

### छात्र धीरज घुघत्याल ने बनाई है आई हीयर यू वेब ऐप

आरंभ की गई है। इस वेब ऐप के माध्यम से मानसिक तनाव दूर करने के लिये मनोविज्ञान क्षेत्र के अनुभवी परामर्शदाताओं, छात्रों द्वारा परामर्श दिया जायेगा।


मानसिक अवसाद से बाहर आने के लिए ऐप तैयार करने वाला छात्र धीरज घुघत्याल कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के साथ।

आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उचित मार्गदर्शन के लिए उस रोग से सम्बंधित विशेषज्ञ चिकित्सक की जानकारी दी जाएगी। मानसिक

### आम लोगों तक मानसिक चिकित्सीय परामर्श की सुविधा पहुंचाएंगे

रोगियों के लिए बनाए गए इस वेब ऐप की सुविधा का लाभ आईहीयरयूडॉटऐप पर पंजीकरण करके उठा सकेंगे। पंजीकरण के पश्चात वेब ऐप के माध्यम से परामर्शदाताओं से अपॉइंटमेंट लेकर निशुल्क चिकित्सीय परामर्श ले सकेंगे। मानसिक रोगी 5-6 दिन बाद इस सुविधा का लाभ उठा पाएंगे। छात्र धीरज ने अपनी सफलता का श्रेय जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश एवं साइकोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. गायत्री रैना को दिया। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने धीरज की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

यहां के विद्यार्थी द्वारा बनाए गए ऐप से मानसिक तनाव व अवसाद से ग्रस्त रोगियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा ऐसे कार्य आपको जीवन में अच्छा नागरिक बन समाज सेवा की राह में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर लगाकर किया नशों से छुटकारा पाने के लिए जागरुक


गुरुग्राम में पटेल नगर में शिविर में जानकारी देती विशेषज्ञ।

**गुरुग्राम।** पटेल नगर स्थित शिव मंदिर में नशों से छुटकारा पाने के लिए नागरिक अस्पताल सेक्टर-10, यूपीएचसी पटेल नगर की टीम द्वारा शिविर लगाकर जागरुक किया गया। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल से संजीव, हरिराज, यूपीएचसी पटेल नगर की टीम के अलावा भाजपा शीतला मंडल से शारदा शर्मा ने भी जानकारी सांझा की। नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में संचालित नशा मुक्ति केंद्र में शराब, धूम्रपान, तम्बाकू-गुटखा की आदत तो छुड़ाई ही जाती है। मानसिक तनाव, अवसाद, माइग्रेन, अकेलापन महसूस करने जैसी स्थिति होने की सूरत में किस तरह से व्यक्ति बचे, इसके बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को इन सबमें कोई दिक्कत होती है तो वे नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र में आकर संपर्क कर सकते हैं। बिना कोई शुल्क लिए वहां पर मानसिक स्वास्थ्य का उपचार किया जाता है। संजीव ने कहा कि व्यक्ति में मानसिक रूप से किसी भी तरह से परेशानी आने पर उन्हें बिना देरी किए चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। मनोचिकित्सक की सलाह पर उपचार कराना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि घर-परिवार में अगर कोई व्यक्ति तनाव के दौर से गुजर रहा हो तो उस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना के बीच एलिवेटेड मार्ग पर सड़क हादसे में 9 दिन पहले घायल हुए युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। मृतक की बाइक को पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी थी। मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था। गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर घामडौज में बना टोल प्लाजा के निकट 29 सितम्बर को दो बाइकें भिड़ गई थी। आगे जा रही बाइक को पीछे से आई बाइक ने टक्कर मारी थी। इस हादसे में उत्तर प्रदेश का जिला सुल्तानपुर का गांव फरीदपुर निवासी कमलेश घायल हो गया। कमलेश बादशाहपुर में स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर सिलेंडर सप्लाई का कार्य करता था। कमलेश को सड़क हादसे में घायल होने के बाद बादशाहपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां शुक्रवार को कमलेश ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। मृतक कमलेश का बड़ा भाई अखिलेश की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### श्रीकिशन अग्रवाल रेवाड़ी के जिला संयोजक नियुक्त


श्रीकिशन अग्रवाल।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल की ओर से संगठनात्मक नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए श्रीकिशन अग्रवाल को रेवाड़ी जिले के संयोजक का दायित्व दिया गया है। श्रीकिशन अग्रवाल ने भी अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, विभाग के प्रदेश प्रभारी रविंदर बलियाला और प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल का आभार जताते हुए कहा कि उन पर संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरे उतरेंगे। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश के पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रभारी रविंदर बलियाला से विचार-विमर्श करने के बाद प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने श्रीकिशन अग्रवाल को नियुक्ति दी है। इस नियुक्ति के साथ नवीन गोयल ने श्रीकिशन अग्रवाल को संगठन के लिए मजबूती से काम करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिला संयोजक का यह पद बहुत ही महत्वपूर्ण है।

### प्रोसेस्ड फूड की बजाय ताजे फल, सब्जियों का करें सेवन


राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को जानकारी देतीं डा. साक्षी खुराना।

**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में महिला प्रकोष्ठ की ओर से स्वास्थ्य और सुरक्षा पर अच्छी संरक्षण प्रौद्योगिकियों का प्रभाव विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विषय पर भास्कराचार्य कालेज ऑफ एप्लायड साइंस दिल्ली से फूड टेक्नोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. साक्षी खुराना ने छात्राओं के साथ विचार सांझा किए। उन्होंने बताया कि प्रोसेस्ड फूड, पैकेज्ड फूड लेने से पहले लेबल पर दी गई जानकारी को जरूर पढ़ें। अगर संभव हो सके तो प्रोसेस्ड फूड की बजाय ताजे फल, सब्जियों का सेवन करें, ताकि प्रीजरवेटिव की वजह से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। भोज्य पदार्थों के खराब होने से बचाने के उपाय तथा विभिन्न कारणों पर डा. साक्षी ने छात्राओं को जागरुक करने के साथ प्रोत्साहित भी किया। व्याख्यान की शुरुआत महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों तथा प्राचार्य डा. रमेश कुमार गर्ग की उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम के अंत में डा. सुमन खरब ने सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# वर्ष 2024 तक 10 करोड़ महिलाओं को आजीविका मिशन से जोड़ने का लक्ष्य

### गुरुग्राम में राष्ट्रीय स्तर के सरस आजीविका मेले का हुआ विधिवत उद्घाटन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जिस दिन बहनों के हाथ में आर्थिक ताकत आ जाएगी, उस दिन देश के ग्रामीण विकास को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के सपने को पूरा करने में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का बड़ा योगदान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2024 तक 10 करोड़ परिवारों की महिलाओं को आजीविका मिशन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में 8.5 करोड़ परिवारों तक पहुंच पाए हैं, जबकि वर्ष 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी उस समय देश में 2.35 करोड़ परिवार ही इस व्यवस्था से जुड़े थे।

शनिवार को यहां सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली मैदान पर लगे राष्ट्रीय स्तर के सरस आजीविका मेले का केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उद्घाटन किया। उनके साथ हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली भी थे। यह मेला 23 अक्टूबर तक रहेगा। बारिश के दिनों में मेले में जो सेल प्रभावित हुई है, उसकी भरपाई के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओ की सहमति से


गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली मैदान पर राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह।

मिले की अवधि बढ़ाई जा सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजीविका मिशन से जुड़ी प्रत्येक बहन की वार्षिक आय 10 लाख रुपये सालाना करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे उन्होंने मिशन लखपति की संज्ञा दी।

केंद्रीय मंत्री ने एमएसएमई और आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलाओं की तुलना करते हुए कहा कि देश में एमएसएमई उद्योगों का जाल है जिनकी बैंक लिंकेज 13.2 लाख करोड़ रुपए है। इसके विपरीत स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलाओं की बैंक लिंकेज 5.5 लाख करोड रुपए है। एमएसएमई का एनपीए 9.3 प्रतिशत है जबकि स्वयं सहायता समूहो का एनपीए मात्र 2.4 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि सरस मेलों का आयोजन सन 1999 में शुरू हुआ था और अब इनकी संख्या बढी है। उन्होंने हरियाणा को भी महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में प्रदेश में केवल 8000 परिवार स्वयं सहायता समूह से जुड़े हुए थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 5:30 लाख से अधिक हो गई है। इस लिहाज से आजीविका मिशन पहले की अपेक्षा 12 गुना से ज्यादा घरों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ हरियाणा सरकार भी स्वयं सहायता समूहो की आय बढ़ाने के काम में लगी हुई है।

### इन उत्पादों में शुद्धता किसी मॉल के उत्पाद से अधिक मिलेगी

**श्री सिंह** ने गुरुग्राम व आस पास के क्षेत्र के लोगों से कहा कि आप बड़े बड़े मॉल में शॉपिंग के लिए जाते हैं। वहां पर एक रुपए की वस्तु 10 रुपये में खरीदते हैं। सरस मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओ के उत्पादों की पैकेजिंग ना हो, चाहे उतनी सुंदर ना हो, लेकिन पौध में इन उत्पादों में शुद्धता किसी मॉल के उत्पाद से अधिक मिलेगी। उन्होंने आह्वान किया कि सरस मेले में खरीददारी करके स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विश्वास दिलाने की हम आपके साथ हैं। मेले में आपको सामान के साथ इन बहनों का प्यार व स्नेह भी मिलेगा ।

### एक-दूसरे के रीति-रिवाजों से परिचित कराने का भी माध्यम है मेला : बबली

**हरियाणा** के विकास एवं पंचायती मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि सरस आजीविका मेला हमारी ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने व सभी प्रदेशों से आई बहनों को एक दूसरे के रीति-रिवाजों से परिचय कराने का प्रमुख माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा देश की आर्थिक उन्नति में दिए जा रहे योगदान के चलते हम सभी नए भारत के सृजन की ओर बढ़ रहे है। श्री बबली ने कहा कि यह हमारी स्वयं सहायता समूह की बहनों के हुनर की चमक का ही असर है जिसके चलते आज ग्रामीण भारत की तस्वीर निरंतर बदलाव की ओर अग्रसर है।

# धनवापुर अंडरपास के जल्द बनाने के लिए डीआरएम को सौंपा ज्ञापन


रेल महाप्रबंधक दिल्ली डिवीजन डिंपी गर्ग को धनवापुर अंडरपास का जल्द निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपते मंगतराम बागड़ी।

**गुरुग्राम।** लक्ष्मण विहार-धनवापुर फाटक पर निर्माणाधीन अंडरपॉस का लंबित कार्य शीघ्र पूरा होने जा रहा है। रेल महाप्रबंधक दिल्ली डिवीजन डिंपी गर्ग ने यह आश्वासन वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल को दिया है।

अंडरपॉस के लंबित कार्य को पूरा करने की मांग को लेकर मंगत राम बागड़ी और शीतल बागड़ी ने डीआरएम दिल्ली डिंपी गर्ग को ज्ञापन सौंपकर जनहित में काम जल्द से जल्द पूरा कराने का निवेदन किया। डीआरएम ने आश्वासन दिया कि शीघ्र काम पूरा कराया जाएगा। मंगत राम बागड़ी और शीतल बागड़ी ने मांग पत्र के माध्यम से डीआरएम को अवगत कराया कि वषोर्ं से मांग किए जाने के बाद करीब 3 वर्ष पूर्व लक्ष्मण विहार-धनवापुर फाटक पर अंडरपॉस बनाने के कार्य का शुभारंभ किया गया लेकिन उसी समय से निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। कोरोना काल में भी काम प्रभावित हुआ और अब तक करीब आधा काम ही पूरा हो सका है। जबकि सर्दी का मौसम निकट है और शीतलहर के दौरान पूरी तरह से अंधेरा रहने के कारण रेल लाइनों पर अक्सर अधिक हादसे हो जाते हैं। बागड़ी ने डीआरएम को बताया कि पिछले 2 वर्ष तक कोरोना काल में काम बंद रहने के बाद शुरू भी हुआ तो तेजी के साथ नहीं कराया जा रहा है। उधर अंडरपास के अभाव में आसपास के करीब आधा दर्जन कालोनियों, अपार्टमेंट्स व सेक्टरों के निवासियों को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लक्ष्मण विहार से सूरत नगर फेस-1, फेस-2 आने जाने के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। लोगों को गाड़ियां लेकर लक्ष्मण विहार की संकरी गलियों से निकलना पड़ता है। पूर्व में भी फाटक पर काफी हादसे हो चुके हैं। राहगीरों और गलियों में रहने वाले लोगों के बीच विवाद भी होता है। बागड़ी ने डीआरएम से निवेदन किया कि जनता के हित में इस कार्य को शीघ्र कराएं। इस पर डीआरएम ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

# प्रो. राम सिंह को मिला हेरोल्ड मैकसवेल-लेफ्रॉय मेमो. अवार्ड

**गुरुग्राम।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक, एचआरएम और कीट विज्ञान विभाग पूर्व प्रमुख प्रो. राम सिंह को कृषि और संबद्ध विज्ञान, फार्मास्युटिकल और पर्यावरण विज्ञान में हालिया प्रगति पर आयोजित चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. बीवी डेविड फाउंडेशन द्वारा चेन्नई में हेरोल्ड मैक्सवेल-लेफ्रॉय मेमोरियल अवार्ड-2022 प्रदान किया गया।

प्रो. सिंह को राष्ट्रीय पुरस्कार समिति द्वारा एचएयू हिसार में 35 वर्ष की सेवा अवधि में 2100 स्नातक और 500 स्नातकोत्तर छात्रों को कृषि कीट विज्ञान पढ़ाने में उनके योगदान के आधार पर नामित किया गया। प्रोफेसर सिंह ने 25 पीजी छात्रों का



अवार्ड ग्रहण करते प्रो. राम सिंह।

मार्गदर्शन भी किया। आठ किताबें लिखीं और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 200 शोध लेख प्रकाशित किए। स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए नए पाठ्यकम में भी आईसीएआर, भारत सरकार द्वारा उनकी 4 पुस्तकों की सिफारिश की गई है।

# अमेजन ने की प्राइम फ्राइडे की घोषणा : ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 तक हर शुक्रवार को

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** इंडिया ने आज इस ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान प्राइम मेंबर्स के लिए 'प्राइम फ्राइडे' को शुरू करने की घोषणा की है। 7 अक्टूबर से शुरू हुए प्राइम फ्राइडे में प्राइम मेंबर्स महीने भर तक चलने वाले फेस्टिव उत्सव में आकर्षक ऑफर्स, बड़ी बचत, सभी कैटेगरी में शॉपिंग बेनेफिट्स, प्राइम वीडियो और प्राइम म्यूजिक पर एंटरटेनमेंट आदि का लुत्फ उठा सकते हैं।

प्राइम फ्राइडे अपने साथ लेकर आता है एक सिंगल डे में प्राइम के सबसे बेहतर ऑफर जहां प्राइम मेंबर्स सभी श्रेणियों में आकर्षक ऑफर्स और बड़ी बचत का फायदा उठा सकते हैं, इनमें शामिल हैं स्मार्टफोंस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लाएंसेस, अमेजन डिवाइसेस, फैशन एंड ब्यूटी,

### प्राइम मेंबर्स के लिए शानदार ऑफर्स, बड़ी बचत और मिलेगा बहुत कुछ

होम एंड किचन, फर्नीचर, दैनिक आवश्यक वस्तुओं के साथ एक्सटेंडेड वारंटी और स्क्रीन रिप्लेसमेंट, नो कॉस्ट ईएमआई ऑप्शन, अमेजन पे रिवार्ड, प्राइम वीडियो पर नई रिलीज और ट्रेलर, प्राइम म्यूजिक पर दिवाली स्पेशल प्लेलिस्ट, अमेजन फूड पर टॉप रेस्टोरेंट्स की ओर से प्राइम एक्सक्लूसिव कैशबैक और फ्री डिलीवरी के रूप में अतिरिक्त वैल्यू एडिशन और बहुत कुछ। इस फेस्टिव सीजन में प्राइम को पसंद करने के हैं कई कारण प्राइम फ्राइडे इस फेस्टिव सीजन को ज्यादा मजेदार और सुविधाजनक बनाने के लिए करता है बेहतर शॉपिंग, सेविंग और एंटरटेनमेंट की पेशकश। प्राइम मेंबर्स के लिए स्टोर में क्या है, चलिए डालते हैं इस पर एक नजर। प्रत्येक शुक्रवार एक्सक्लूसिव शॉपिंग और बचत-7 अक्टूबर की मध्य रात्रि 12 बजे से शुरू होने के बाद महीने के सभी शुक्रवार को। बेस्ट डील्स कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, एप्लाएंसेस, टीवी, किचन, दैनिक आवश्यक वस्तुओं, टॉयज, फैशन, ब्यूटी और अन्य पर। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, चुनिंदा इंटेल लैपटॉप्स पर अतिरिक्त 3 माह की नो-कॉस्ट ईएमआई, चुनिंदा एचपी प्रिंटर्स पर एचपी कीबोर्ड और माइक कॉम्बो, चुनिंदा क्रूसीयल एसएसडी पर 5 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट, चुनिंदा विंडोज 11 लैपटॉप्स पर अतिरिक्त 3 माह की नो-कॉस्ट ईएमआई, होम एंटरटेनमेंट और होम एप्लाएंसेस शामिल हैं। केवल प्राइम ग्राहकों के लिए कोडक, हाईसेंस और सेनसुई टेलीविजन पर 500 रुपये तक की छूट मिलेगी।

# नायका के साथ करवा चौथ पर रिचुवल्सऑफलव सेलिब्रेट करें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हर** कोई अपने-अपने तरीके से अपने प्यार का जश्न मनाता है। चाहे वह हर दिन भोजन शेयर करना हो, एक साथ काम चलाना हो या हर साल उस एक स्पेशल छुट्टी के लिए बचत करना हो। ये छोटी-छोटी रस्में ही हैं जो हर दिन हमारे बंधन को मजबूत करती हैं। ऐतिहासिक रूप से भारतीय कांटेक्स्ट में प्यार की वह रस्म हमेशा करवाचौथ रही है। नवविवाहित हजारों जोड़े करवा परंपराओं को इसके इमोशनल कोर के साथ बेहतर ढंग से रेजोनेट करने के लिए फिर से तलाश रहे हैं-जबकि अन्य अभी भी सदियों पुरानी करवा परंपराओं और रस्मों के फेस्टिव और सांस्कृतिक महत्व का आनंद लेते हैं। आखिरकार, परंपराएं न केवल वेल्यूस से बल्कि प्यार से भी बंधी होती हैं। इस साल नायका के साथ खूबसूरत #Ritualsoflove (रिचुवल्सऑफलव) सेलिब्रेट करें। और इतना ही नहीं, केवल 13 अक्टूबर, 2022 को अमेजिंग डील्स के लिए करवा चौथ टेकओवर सेल देखना न भूलें। नायका कॉस्मेटिक्स अपने प्रोडक्ट्स की रेंज पर 50% तक की छूट और 649 रुपये पर 170 रुपये का मुफ्त काजल दे रहा है और 899 रुपये पर 899 रुपये की मुफ्त लिक्विड लिपस्टिक। कई अमेजिंग ऑफर के लिए खरीदारी कीजिए यहां से।

यहां नायका के इन अमेजिंग प्रोडक्ट्स् के साथ एक गार्जियस लुक दिखाने के लिए करवा चौथ का रूप दिया गया है। स्कीनआरएक्स 10% विटामिन सी सीरम के साथ अपना स्किनकेयर प्रेप शुरू करें और मेकअप को एक फ्लोलेस बेस देने के लिए प्राइमर अप कर, इसे प्रेप मी के साथ फॉलो करें। नायका से करेक्ट और कंसील पैलेट के साथ उन खामियों/इमपरफेक्शन को छुपाएं, फिर इवन बेस बनाए रखने के लिए ऑल डे मैट फाउंडेशन के साथ आगे




बढ़ें जो आपके बेस को बरकरार रखता है। क्रीजिंग को रोकने के लिए अपने फाउंडेशन को नायका ऑल डे मैट कॉम्पैक्ट पाउडर के साथ सेट करें और अपने बेस को जगह पर रखें। अलग-अलग कलरों में उपलब्ध 10 इन 1 आईशैडो पैलेट या 4-इन-1 आईशैडो पैलेट के साथ अपनी आंखों को कलर कीजिए। ब्लैक मैजिक काजल और लाइनर से अपनी आंखों को डेफिनिशन दें और लैश टॉक वॉल्यूमाइजिंग मस्कारा से इसे फिनिश/पूरा करें। आप फेस्टिव के नीले और हरे रंग में उपलब्ध ग्लैमर आई आईलाइनर + काजल के साथ अपनी आंखों में कुछ ग्लैमर भी जोड़ सकते हैं। मोइ बाय नायका बेहतरीन फ्रेगनेस का एक कलेक्शन है। 2019 में नायका ने मशहूर फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता के साथ मिलकर नायका द्वारा मसाबा लॉन्च किया, जो होंठ, नाखून और फ्रेगनेस की एक ब्यूटी लाइन है। 2021 में, ब्रांड ने नायका हेयर लॉन्च किया, जो विशेष रूप से भारतीय कस्टमरों के लिए तैयार किए गए नेचरल इंग्रेडियेंटस् और हाइ-क्वालिटी दावों वाले प्रोडक्टस् की डिमांड को पूरा करता है। नायका लोकाचार/इथोस पर खरा उतरते हुए, ब्रांड अपने सभी प्लेटफार्मों पर कंटेंट के माध्यम से हाइ परफार्मिंग वाले प्रोडक्टस् और ब्यूटी में नवीनतम ट्रेंडस् की पेशकश करके अपने कंज्यूमरस् को खुश और इंस्पायर करना जारी रखते हैं।

# सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा ने की दो राज्यपाल बनाने की मांग

**गुरुग्राम।** सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा (कुशवाहा, सैनी, शाक्य, मौर्य, कांबोज, रेड्डी, क्षत्रिय समाज) की एक मीटिंग ओमप्रकाश सैनी के फार्म हाउस पर की गई। बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई।

ओमप्रकाश सैनी ने कहा कि हमारे सूर्यवंशी क्षत्रिय समाज में नीलम संजीव रेड्डी के बाद आज तक समाज से कोई भी व्यक्ति राज्यपाल पद पर नियुक्त नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री से मांग है कि सूर्यवंशी क्षत्रिय समाज में से इस बार किसी प्रदेश में कम से कम दो राज्यपाल बनाए जाएं। सबका साथ सबका विकास का नारा तभी सार्थक होगा। इस मौके पर संस्था के संस्थापक नन्द किशोर सैनी ने कहा कि हमें अपने देश के प्रधानमंत्री पर पूरा विश्वास है कि इस बार जो अभी राज्यपाल बनाए जाने हैं। उसमे हमारे समाज को उचित भागीदारी देने का काम करके समाज को उचित सम्मान देने का काम करेंगे। हम हमेशा से ही भाजपा के साथ रहने वाले लोग हैं। अगर इस


गुरुग्राम में बैठक के दौरान एकत्रित सैनी समाज के मौजिज सदस्य।

बार हमारी बातों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले चुनावों में समाज को कोई दूसरी पार्टियों की तरफ जाने पर मजबूर होना पड़ेगा। सभा में उपस्थित सभी सूर्यवंशी समाज बंधुओं ने इस मांग का सर्मथन किया। सभा की अध्यक्षता कर रहे बुधराम सैनी ने भी कहा कि यह मांग बिल्कुल जायज है। जिस पर सरकार को अमल करना चाहिए।

बैठक में बनवारी लाल सैनी, अमर सिंह सैनी, जितेंद्र सैनी, राजेश कुशवाहा, राम सिंह कुशवाहा, बीपी सैनी, पूनम सैनी एडवोकेट, श्यामसुंदर मौर्य, मलखान सिंह शाक्य, सोनू सैनी, आकाश सैनी, मनोज कांबोज, साहिल कांबोज, नन्द किशोर सैनी, विजय सैनी, रजनीश सैनी, डॉ. मुकेश सैनी मौजूद रहे।

# 5000 एमएएच बैटरी के साथ टेक्नो पॉप 6 प्रो लॉन्च

### टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा, पेश है अग्रेसिव प्राइस में स्मार्टफोन

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**स्मार्टफोन** ब्रांड टेक्नो मोबाइल ने एक बार फिर से टेक्नो पॉप 6 प्रो के जरिए सब 8के सेगमेंट में धमाकेदार एंट्री की है। कंपनी ने इस सेगमेंट में अग्रेसिव प्राइस रेंज में टेक्नो पॉप 6 प्रो को 6099 रुपये की कीमत में लॉन्च किया है। भारत प्राथमिकता वाला बाजार है, जहां हर तिमाही लाखों उपभोक्ता अपना पहला स्मार्टफोन खरीदते हैं। टेक्नो अपनी पॉप सीरीज के जरिए एंट्री लेवल सेगमेंट में बेहतर स्पेसिफिकेशंस कैमरा कैपेबिलिटी, रिलायबल बैटरी और बड़े डिस्प्ले वाले स्मार्टफोन को अग्रेसिव प्राइस में पेश कर रहा है।

टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा,




हाई स्पीड इंटरनेट के प्रसार और लगातार बढ़ते कंटेंट कंज्मपशन के साथ, एंट्री-लेवल सेगमेंट में, विशेष रूप से टियर 3 शहरों और कस्बों में उच्च गुणवत्ता वाले डिवाइसों की अत्यंत आवश्यकता है। अपनी पॉप सीरीज के तहत हम 5के से 8के रेंज तक के स्मार्टफोन पर फोकस कर रहे हैं, जहां उपभोक्ता नए उत्पादों को आजमाने के लिए अधिक इच्छुक हैं। हमने सब 8के सेगमेंट में तीसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। पॉप 6 प्रो के नए लॉन्च के साथ हम एंट्री लेवल में ग्राहकों को वीडियो वॉचिंग एक्सपीरियंस में आने वाली मुश्किलों से निजात देते हुए 6.56 इंच डॉट नॉच डिस्प्ले, ब्राइटर कलर आउटपुट आई केयर फीचर के साथ दे रहे हैं। साथ ही फोन में 5000 एमएएच की बड़ी बैटरी है। ग्राहकों को इस फोन में एंड्रॉयड के साथ यूजर फ्रेंडली एक्सपीरियंस मिलेगा।

फोन में 5000एमएएच बैटरी है, जिसका स्टैंडबाय टाइम 42 दिनों का है। स्मार्टफोन में 8एमपी ड्यूल रियर कैमरा है। जो इमर्सिव इमेज क्वॉलिटी देता है। इसमें आपको प्री.इंस्टॉल्ड फोटोग्राफी टेक्निक और फिल्टर्स मिल रहे हैं। फोन में माइक्रो स्लिट फ्रंट फ्लैशलाइट के साथ 5 एमपी नॉच सेल्फी शूटर मिल रहा है, जो कम लाइट कंडीशन में भी बेहतरीन फोटो क्लिक करता है। स्माार्टफोन एलिगेंट और क्रिस्प डिजाइन के साथ आता है, जिससे फोन प्रीमियम दिखाई देता है। टेक्नो पॉप 6 प्रो को 6099 रुपये में लॉन्च किया गया है। आज से यह फोन अमेजनडॉटइन पर बिक्री के लिए उपलब्ध हो गया है। एसबीआई बैंकिंग कार्ड के जरिए बायर्स को इस फोन पर 10 पर्सेंट इंस्टेंट डिस्काउंट मिलेगा।

# बीके : ब्लड बैंक में रक्तदाताओं के लिए नहीं है अल्पाहार

**कविता। फरीदाबाद**

**बीके** सिविल अस्पताल के ब्लडबैंक में रक्तदान करने आए लोगों को पिछले एक माह से रिफ्रेशमेंट के नाम पर दिए जाने वाले जूस और बिस्कुट अस्पताल प्रशासन ने मंगवाने बंद कर दिये हैं। अस्पताल में कैंप लगाने वाले समाजसेवी संस्थाओं ने इसे लेकर विरोध जताया है।

नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि निजी ब्लड बैंक रिफ्रेशमेंट के रूप में केला, सेब, जूस और गिफ्ट तक भेंट करते हैं। जबकि बादशाह खान

## यह संदेश वायरल होने पर अस्पताल प्रशासन ने मंगवाया अल्पाहार

अस्पताल मात्र जूस और बिस्कुट देता था। वह भी पिछले एक माह से बंद है। जिससे अस्पताल में ब्लड देने आने वाले स्वयं सेवकों की संख्या में गिरावट आ रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि खून देने आ रहे दानदाता और स्वयं सेवकों के लिए रिफ्रेशमेंट जारी रखें।' इस संदेश के वायरल होने पर जब ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. विकास से बात की



बीके अस्पताल में मौजूद ब्लड बैंक के बाहर का दृश्य।

तो उन्होंने कहा कि संदेश की सूचना उन्हें मिली है। लेकिन यहां रिफ्रेशमेंट समाप्त होने से 15 दिन पहले ही डिमांड उन्होंने भेज दी थी। वहीं वायरल संदेश के विषय में जब सीएमओ से उन्होंने बात की तो करीब 50 रक्तदाताओं के लिए रिफ्रेशमेंट का इंतजाम करवा दिया गया है। फिलहाल रक्तदाताओं के लिए रिफ्रेशमेंट मौजूद है।

**यह है कारण :** बीके सिविल अस्पताल में मौजूद ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. विकास ने बताया कि पहले रक्तदाताओं को रिफ्रेशमेंट प्रबंधन उपलब्ध करवाता था। लेकिन पिछले दिनों उन्हें बताया गया कि अब सरकार के 'जैम पॉर्टल' से डिमांड भेजकर रिफ्रेशमेंट मंगवाई जाएगी। डॉ. विकास ने बताया कि ब्लड बैंक में सामान समाप्त होने से 15 दिन पहले ही उन्होंने अपनी डिमांड सीएमओ दफ्तर में भेज दी थी। लेकिन अभी तक रिफ्रेशमेंट नहीं आई। ऐसे में शनिवार को एक संस्था के सदस्य ने उन्हें फोन किया, तो उन्होंने बताया कि रिफ्रेशमेंट नहीं है। जिस पर यह संदेश वायरल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जब इस विषय में उन्होंने सीएमओ से बात की, तो उन्होंने 50 रक्तदाताओं के हिसाब से रिफ्रेशमेंट का इंतजाम करने के लिए बोल दिया। जिस पर उन्होंने तुरंत आर्डर मिलते ही रिफ्रेशमेंट का इंतजाम करवा दिया है।

**रक्त की नहीं कमी :** डॉ. विकास ने बताया कि ब्लड बैंक में किसी भी व्यक्ति को वापस नहीं लौटाया जा रहा है। पिछले दिनों लगे रक्तदान शिविरों के कारण ब्लड बैंक में काफी रक्त है। रक्तदाताओं की अभी जरूरत भी नहीं है।

# सरकार की कथनी और करनी में अंतर नहीं है, जो कहते हैं वो करते हैं : शर्मा

## कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने किया सड़क का लोकार्पण

## जल्द ही बनना शुरू होगा सोहना रेलवे ओवरब्रिज और मुजेसर फाटक पर अंडर ब्रिज

**पायनियर समाचार सेवा। बल्लबगढ़**

**प्रदेश** के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को स्थानीय सोहना रोड से लेकर सेक्टर 25 पुल तक गुडगांव कैनाल के साथ बनाई गई नई सड़क जनता को समर्पित की। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने रिबन काटकर सड़क को जनता के लिए खोला गया है। आपकों बता दें सिंचाई विभाग द्वारा करीब 1करोड़ की लागत से यह



सड़क का उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

लगभग 38 फुट चौड़ी 1700 फीट लम्बी सड़क बनाई गई है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र और एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के लोगो को इस सडक का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ सोहना पुल को पार करने के बाद नहर के साथ-साथ बनाई गई इस सड़क से सेक्टर-24, सेक्टर-25, सेक्टर-55 व सैक्टर-58, राजीव कालोनी और कृष्णा कालोनी के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। जो भी लोगों की सुविधाएं उनकी मांगों के अनुसार विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सोहना पुल पार करते वक्त हर समय लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। फरीदाबाद के उद्योग नगरी से जुड़े हजारों लोगों को इस नई सड़क का लाभ मिलेगा। बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्य तेज गति से करवाए जा रहे हैं। लोगों को शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़कें, सीसी रोड, आरएमसी रोड़, दूधिया रोशनी की लाइटिंग, सीवरेज व्यवस्था सहित तमाम मूलभूत विकास कार्यों को क्रियान्वित किया जा रहा है।

इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में जल्द ही सोहना रेलवे ओवरब्रिज और मुजेसर फाटक पर अंडर ब्रिज बनाने की कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि सोहना पुल के डबल होने से औद्योगिक नगरी को बहुत लाभ पहुंचेगा। वहीं सोहना बल्लभगढ़. के बीच की दूरी भी जाम मुक्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा के मुजेसर गांव के फाटक पर अंडर ब्रिज बनने से भी यहां होने वाले हादसों से निजात मिलेगी और इस गांव की सबसे मुख्य और पुरानी मांग भी पूरी हो जाएगी। इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा राकेश गुर्जर, पारस जैन, दीपक यादव, लखन बेनीवाल, प्रताप भाटी, सुभाष लांबा, हरप्रसाद गौड, अनुराग गर्ग, दीपांशु अरोड़ा, गजेंद्र वैष्णव, कुलदीप मथारू, तोशीफ, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, रवि भगत सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सिपाही संजय और प्रदीप ने दिया ईमानदारी का परिचय

## सीपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को दिया प्रशंसा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**थाना** सराय में तैनात सिपाही संजय और प्रवीण को थाना सराय प्रबंधक सुरेंद्र सिंह के दिशा निर्देश पर राइडर-1 पर एरिया में गश्त के लिए तैनात किया गया है। दोनों पुलिसकर्मियों ने गश्त के दौरान मिले एक काले कलर के बैग में पैसे व अन्य कागजात को उसके मालिक को लौटाने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना सराय में तैनात पुलिसकर्मी राइडर पर गस्त ड्युटी कर रहा थे। उन्हें ड्युटी के दौरान गस्त करते हुए एक ब्लैक कलर का बैग मिला जो की लावारिस अवस्था में था जिसे उनके द्वारा चेक किया गया तो उसमें कुछ पहचान पत्र, अन्य जरूरी कागजात व 56200 रुपये नगद मिले। जिनको दोनों पुलिसकर्मियों ने थाने में ले जाकर एसएचओ साहब के हवाले किया जिस पर तुरंत कार्रवाई के लिए थाने में मौजूद ड्यूटी अफसर मुख्य सिपाही शमशेर



मालिक को सामान लौटाते सिपाही।

को पैसों को उसके मालिक तक पहुंचाने का कार्य सौंपा। जिस पर कार्रवाई करते हुए ड्यूटी अफसर ने आइडियो से प्राप्त हुए फोन नंबर से संपर्क किया। जिस पर उत्तर प्रदेश के कोसी शहर के हरिओम नाम के एक व्यक्ति से संपर्क हुआ। जिससे बात होने पर पता चला कि उसका बैग कहीं गिर गया है। जिस पर ड्यूटी अफसर ने अपने बैग को प्राप्त करने की बात कही। व्यक्ति हरिओम थाने में आया और बैग के संबंध में जानकारी ली जिस पर ड्यूटी अफसर ने बैग में मौजूद कागजात व पैसों के संबंध में पूछा जिसमें उसने बताया कि उसमें मेरी कुछ आईडी व कार्य से संबंधित कागजात तथा 56200/- नगद रुपये हैं।

# वायु सेना दिवस पर निकाली साइकिल रैली



वायु सेना दिवस पर साइकिल रैली निकालते शहर के गणमान्य लोग।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**सेक्टर-12** खेल स्थित परिसर में भारतीय वायु सेना दिवस के उपलक्ष्य में साईकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व डिप्टी कमिश्नर जितेन्द्र यादव, विनोद कुमार एसीपी ट्रेफिक व प्रशासन के कुछ अन्य अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिसमें लगभग 50 पूर्व सैनिकों और मॉर्निंग हेल्थ क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। एयरफोर्स स्टेशन डबुआ के करीब 15 वायु सैनिक व ऑफिसर शामिल रहे। यह रैली बाटा फ्लाईओवर, नीलम फ्लाईओवर से नीलम चौक, बीके चौक से एक-दो चौक से होते हुए हार्डवेयर चौक और वहां से एयर फोर्स स्टेशन डबुआ पहुंची। वहां एयर फार्स डबुआ के स्टेशन कमांडर, ग्रुप कैप्टन गणेश व अन्य कई आफिसरों ने इस रैली का स्वागत किया। एयर फार्स स्टेशन डबुआ में छोटे ऑडिटॉरियम में वायु सेना से सम्बंधित विडियों दिखाई गई। जिसमें एयर चीफ मार्सल चौधरी का मैसेज दिखाया। इस रैली का आयोजन विंग कमांडर मान, वॉरंट अफिसर डी सिंह व मनमोहन द्वारा किया गया। विंग कमांडर सतेन्द्र दुग्गल व टीएस सौरोत ने स्टेशन कमांडर गणेश, पूर्व डीसी जितेन्द्र यादव, एसीपी ट्रेफिक विनोद कुमार और अन्य को वायु सेना का स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# साइबर और महिला विरुद्ध अपराध के प्रति किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**हरियाणा** पुलिस द्वारा मनाए जा रहे साइबर जागरुकता माह के अंतर्गत जिला साइबर अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत साइबर थाना बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम ने अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में छात्राओं-शिक्षकों तथा वहां पर मौजूद नागरिकों को साइबर व महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अधिकारी कमल टंडन ने अतिथियों को पौधा भेंट करके सम्मानित किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत वरिष्ठ नागरिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता, बल्लभगढ़ साइबर थाना से उपनिरीक्षक रामचंद्र की टीम ने 500 से अधिक नागरिकों को जागरूक किया। महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरुक करते हुए इंस्पेक्टर सविता ने बताया कि नारी समाज में सम्मान का पात्र है और उसे



कॉलेज में पुलिस द्वारा बताई जानकारी ग्रहण करती छात्राएं।

अपनी गरिमा को बचाए रखने के लिए समाज के नकारात्मक व्यक्तियों के विरुद्ध अपनी लड़ाई जारी रखनी पड़ेगी। महिलाओं को उनके विरुद्ध हो रहे अपराधों के प्रति अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। छात्राओं को समझाते हुए उन्होंने कहा कि सभी को महिलाओं की इज्जत करनी चाहिए तथा यदि कोई उन्हें तंग करता है या कोई भद्दे कमेंट पास करता है तो इसके लिए वह पुलिस से संपर्क करके उन्हें दंडित करवा सकते हैं। छात्राओं को समझाते हुए उन्होंने कहा कि कानून का दुरुपयोग ना करें और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के खिलाफ कोई झूठी शिकायत दर्ज ना करवाएं परंतु यदि उन्हें कोई व्यक्ति तंग करता है तो इसके लिए महिला हेल्पलाइन 1098 या 112 नंबर पर फोन करके तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस द्वारा पीड़ित की सहायता की जाएगी और अपराधियों को दंड देकर पीड़ित को न्याय दिलवाया जाएगा। इसके पश्चात साइबर अपराध से उप निरीक्षक रामचंद्र ने भी छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि साइबर अपराध का दायरा बहुत बड़ा है इसमें साइबर अपराधी ठगी करने के रोज नए नए तरीके अपनाते रहते हैं।

# एक महीने में तैयार हो जाएगा साइकिल ट्रेक

**बल्लभगढ़।** शहर निवासियों को साइकिलिंग के लिए जगह उपलब्ध कराने को सिंचाई विभाग नए साइकिल व वॉकिंग ट्रैक का निर्माण कर रहा है। सेक्टर 2 के पास से 64 तक बनाए जा रहे इस साइकिल व वॉकिंग ट्रैक का लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। करीब एक महीने में काम पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

बल्लभगढ़ से प्याला गांव की जाने वाली छोटी नहर कई सेक्टरों के बीच से होकर गुजरती है। सिंचाई विभाग इस छोटी नहर के साथ लगभग चार किलोमीटर की साइकिल ट्रैक का निर्माण कर रहा है। करीब दो करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से इस साइकिल व वॉकिंग ट्रैक का निर्माण जुलाई में शुरू हुआ था। अब इसका लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों का प्रयास है कि 15 नवंबर तक इसे तैयार कर दिया जाए। ताकि लोग इसका इस्तेमाल शुरू कर सकें। इस ट्रैक को आरएमसी का बनाया जा रहा है। दोनों तरफ पेड़ पौधे लगाकर इसे सुंदर बनाया जाएगा। ट्रैक बनने से सेक्टर दो, 62, 64, 65, ऊंचा गांव, शाहुपूरा और अन्य गांवों के लोग इस पर वॉकिंग कर सकेंगे।

# रिकॉर्ड ऑनलाइन करने में थाना एनआइटी अव्वल

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

## सीपी ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व टीम को प्रशंसा पत्र देकर किया प्रोत्साहित

## थाना एनआइटी बना रिकॉर्ड ऑनलाइन करने वाला प्रदेश का पहला थाना

**आजकल** के आधुनिक युग में सभी सरकारी विभाग अपना रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं ताकि नागरिकों को घर बैठे सारी सुविधाएं प्रदान की जा सके। इसी क्रम में फरीदाबाद का एनआईटी थाना अपने रिकॉर्ड को ऑनलाइन करने के मामले में पूरे हरियाणा में पहले नंबर पर आया है।

फरीदाबाद पुलिस के लिए यह गौरव का विषय है और इसके लिए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने प्रसन्न होकर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता तथा उनकी टीम को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा में सभी पुलिस स्टेशन के रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज किए जाते हैं और इसके लिए सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है। पुलिस स्टेशन रिकॉर्ड में ऑनलाइन एफआईआर, एरिया के अपराधियों, पीओ, बेल जंपर, केस इन्वेस्टिगेशन, क्राइम रिपोर्ट, आमजन की खोई हुई संपत्ति और विभिन्न प्रकार के रिकॉर्ड दर्ज किए जाते हैं। एनआईटी थाने द्वारा दर्ज किए गए किए गए सभी रिकॉर्ड ठीक पाए गए तथा उनका कोई रिकॉर्ड मिसमैच नहीं पाया गया।

फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर उपयोग में लिए जाते हैं जिसमें विभिन्न प्रकार की एंट्री दर्ज की जाती है। इनका उद्देश्य अधिक से अधिक जानकारी को ऑनलाइन उपलब्ध करवाना है ताकि इसके आधार पर आमजन को ऑनलाइन सुविधाएं घर बैठे उपलब्ध हो सके। फरीदाबाद पुलिस इस दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही है और आगे भी इसी प्रकार नागरिकों की सेवा में प्रयासरत रहेगी।




इंस्पेक्टर सुनीता को प्रशंसा पत्र देते सीपी

# सरकारी नौकरियों की प्रक्रियाओं में हो पारदर्शिता : नरोन्हा

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**पब्लिक** सर्विस कमीशन नेशनल स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन जोसे मैनुअल नरोन्हा ने कहा कि सरकारी नौकरियों में लगाए जाने वाले अधिकारियों के लिए विभिन्न प्रांतों में पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा लिखित परीक्षाओं, इंटरव्यू सहित तमाम प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता की सुनिश्चित के साथ-साथ ही आधुनिक तकनीक के जरिए भी परीक्षाओं का संचालन व अन्य प्रक्रियाओं का संचालन सुनिश्चित हो।

जोसे मैनुअल नरोन्हा शनिवार को सूरजकुंड के एक होटल में यूपीएससी सहित आठ प्रांतों के पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैनों की दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में लगाए जाने वाले अधिकारियों की लिखित परीक्षा व इंटरव्यू सहित अन्य प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित होने होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राय: देखने में आया कि कई प्रांतों में पेपर लीकेज सहित अन्य परीक्षाओं में बहुत सारी खामियां देखने को मिल रही हैं। ऐसे में देश के सभी प्रान्तों के सर्विस कमीशन यह सभी खामियां दूर करना सुनिश्चित करें। दो दिवसीय कार्यशाला में सरकारी अधिकारियों की नौकरियों में बेहतर पारदर्शिता लाने के लिए विस्तार पूर्वक मंत्रणा की गई। दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्टैंडिंग



कार्यशाला में उपस्थित यूपीएससी के चेयरमैन डाक्टर मनोज सोनी सहित अन्य प्रान्तों के पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन।

कमेटी के चेयरपर्सन एवं गोवा पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन जोसे मैनुअल नरोन्हा की अध्यक्षता में यह दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन आलोक वर्मा ने आए हुए सभी मेहमानों को बुके भेंट कर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

राष्ट्रीय गीत के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में यूपीएससी के चेयरमैन डा. मनोज सोनी, उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन संजय श्रीनैट, आंध्र प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन एवी रमन रेडी, गुजरात पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन एमके शकीर, उत्तराखंड पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन राकेश कुमार, बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन अतुल प्रसाद, अरुणाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमिशन के चेयरमैन नीपो नबम, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन आलोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बुजुर्गों को दी अधिकारों की जानकारी



**फरीदाबाद।** यशवीर सिंह राठौर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सुकृति सीजेएम डीएलएसए फरीदाबाद के निर्देशानुसार संजय गुप्ता अर्चना गोयल एडवोकेट ने डबुआ कॉलोनी वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के बीच में जाकर उन्हें उनके अधिकार, सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्कीम व सुविधाएं के बारे में विस्तृत जानकारियां दीं। इसके साथ-साथ बुजुर्गों को आ रही स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के निदान के लिए डा. गजराज सिंह, उप चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करवाया गया। जिसमें बुजुर्गों की स्वास्थ संबंधी जांच की गई और उन्हें बेहतर उपचार, दवाइयां उपलब्ध कराई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद निरंतर वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर रहा है और यह प्रक्रिया निरंतर भविष्य में भी जारी रहेगी। इन स्वास्थ्य शिविर व बुजुर्गों को उपलब्ध कराई जा रही सभी कार्यों पर सुकृति गोयल सीजीएम डीएलएसए फरीदाबाद खुद समीक्षा कर रही हैं और जहां भी सरकारी विभाग से सहायता की आवश्यकता होती है उनसे संपर्क करके सहायता पहुंचाई जा रही है।

## वोकल फॉर लोकल को सफल बनाने में जुटें लोग : पंकज



**फरीदाबाद।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है, उसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे है। उन्होंने कहा कि लोग बाहरी उत्पादों के बजाए स्वदेशी उत्पादों में अधिक रुचि ले रहे हैं और आने वाले दीपावली के त्योहार पर इसका जीता जागता उदाहरण देखने को भी मिल जाएगा। पंकज रामपाल शनिवार को सेक्टर-15 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन व एनसीआर इंफोटेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय दिवाली मेले का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। पंकज रामपाल ने कहा कि दिवाली एक ऐसा त्यौहार है, जिसे हर भारत वासी पूरे उत्साह से मनाता है, लेकिन प्रधानमंत्री द्वारा वोकल फॉर वोकल के किए आह्वान के चलते अब लोग अपनी संस्कृति के इस त्यौहार पर स्वदेशी उत्पादों की ज्यादा खरीदारी करते है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल के अभियान को सफल बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों का ज्यादा प्रचार-प्रसार करें। इस मेले के आयोजन के लिए पंकज रामपाल ने आरडब्ल्यूए के प्रधान एकता रमन व नीरज चावला को बधाई दी। इस अवसर पर कृष्ण आर्य, रवि दूदेजा, राहुल कुमार, मीनाक्षी चावला, रोहिणी रामपाल, मीनू आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## डीईओ को हटाने के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन



विधायक राजेश नागर को ज्ञापन सौंपते युवा आगाज संगठन के सदस्य।

**फरीदाबाद।** भ्रष्टाचार मामले में संलिप्त जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी को तुरंत प्रभाव से हटाया जाने की मांग को लेकर शनिवार को युवा आगाज संगठन की ओर से तिगांव विधायक राजेश नागर को ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में युवा आगाज संगठन के अध्यक्ष जसवंत पवार ने बताया कि हरियाणा सरकार व प्रशासन के ढीले रवैए के चलते जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी अभी भी अपने पद पर बनी हुई है। जिसके चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इस प्रकार एक भ्रष्टाचारी अधिकारी का शिक्षा के सर्वोत्तम पद पर बने रहना सरकार और प्रशासन की नाकाम कार्यशैली को दर्शाता है। पवार ने कहा कि जिस जिला शिक्षा अधिकारी पर भ्रष्टाचार के मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है और वह अधिकारी अभी तक भी अपने पद पर बनी हुई है। यह हरियाणा सरकार व शिक्षा विभाग के लिए बड़े शर्म की बात है। विधायक राजेश नागर ने शांतिपूर्ण तरीके से छात्र संगठन की मांग को सुना और उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि यह पूरा मामला शिक्षा मंत्री व अधिकारियों के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस संबंध में अधिकारियों से बातचीत करेंगे ताकि जल्द से जल्द इस मामले की निष्पक्षता से जांच कर जिला शिक्षा अधिकारी को उनके पद से बर्खास्त किया जाएगा और किसी भी भ्रष्ट अधिकारी को फरीदाबाद में रहने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर दीपक आजाद, सुनील सैनी, हिमांशु भट्ट, शिवम पांडे, अभिषेक देशवाल, गौतम नागर,पवन मौजूद रहे।

## साइबर क्राइम रोकने की तकनीक साझा करने को हुई कार्यशाला



**फरीदाबाद।** हरियाणा पुलिस द्वारा अक्टूबर महीने को साइबर जागरुकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरुक किया जा रहा है तथा इसके साथ साथ साइबर टीम को भी अपराधियों को पकड़ने के लिए नई-नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में आज फरीदाबाद में हरियाणा के सभी 29 साइबर पुलिस स्टेशन से पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें 100 से अधिक पुलिस पर्सनल ने हिस्सा लिया। साइबर पुलिस स्टेशन फरीदाबाद से साइबर अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल, एसीपी विनोद तथा साइबर पुलिस स्टेशन एनआईटी, सेंट्रल तथा बल्लभगढ़ की टीमों ने भाग लिया। साइबर क्राइम के बारे में आयोजित की गई इस बैठक में पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग देने के लिए साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर आईसी की तरफ से टेक्निकल कॉर्डिनेटर रुशी मेहता ने वर्कशॉप को होस्ट किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज फरीदाबाद में साइबर क्राइम वर्कशॉप आयोजित की गई। जिसमें पूरे हरियाणा के सभी जिलों के साइबर अपराध नोडल अधिकारी तथा सभी 29 साइबर पुलिस स्टेशन की साइबर टीम उपस्थित रही। प्रत्येक साइबर पुलिस स्टेशन से दो पुलिसकर्मी बैठक में मौजूद रहे वहीं अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मीटिंग को मीटिंग में भाग लिया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य साइबर टीम को नई साइबर तकनीक व साइबर अपराध में प्रयोग होने वाले नए नए सॉफ्टवेयर तथा साइबर अपराध में आने वाली समस्याओं का समाधान करके साइबर अपराधियों की धरपकड़ करना है। साइबर अपराधी आए दिन अपराध के नए-नए तरीके खोजते रहते हैं इसलिए साइबर टीम को भी साइबर अपराधियों को पकड़ने में उपयोग होने वाली तकनीक की जानकारी होना अति आवश्यक है। फरीदाबाद में आयोजित इस यह बैठक ट्रेनिंग सेशन 3 घंटे तक चला जिसमें रुशी मेहता ने साइबर टीम को फेक ऐप स्कैम के बारे में जानकारी देते हुए स्कैमर्स को ट्रेस करने के बारे में अहम जानकारियां दी तथा इसके तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया।

## आज निकलेगा जुलूसे मोहम्मदी

**उरई ( जालौन )।** पैगम्बरे दो आलम मुहम्मद साहब के जन्मोत्सव के मुबारक मौके पर उठने वाले जुलूसे मुहम्मदी अपनी कदीम रिवायात के मुताबिक शहर के मोहल्ला गणेशगंज चौराहे से इस साल भी आन बान शान के साथ अजुमांन फिद्दयाने राहुल की कयादत में रविवार दोपहर को एक बजे उठेगा। जुलूसे मोहम्मदी व ईद मिलादुन्नबी को मनाने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगो ने अपनी अपनी तैयारी कर ली है। जबकि घरों को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस्लामिक झंडों व रंग बिरंगी झालरो व लाइटों से सजाया है।अंजुमन के सदर शाही इमाम फिरोज अली रहमानी ने बताया कि जुलूस के तकददूस और अजमत के पेशे नजर शमा-ए-रिसालत के परवानों की जिम्मेदारी बनती है कि इस जुलूस को अमनो इंसानियत व तहजीब का नमूना पेश कर दुनिया वालों को दिखा दें कि हम उस पैगम्बरे आजम मोहम्मद साहब के दीवाने व चाहने वाले हैं। जिनका उपदेश है पैगामे मुहब्बत, जिसकी दावत है कौमी एकता। जिसने सारे आलम को शांति का सन्देश दिया। हमें चाहिए कि ऐसे रहनुमा की याद को बेहद एहतराम के साथ मनायें। उन्होने अजुमांन की जानिब से पुरखुलूस गुजारिश की है कि जुलूस को खुशनुमा और कामयाब बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा तादाद में शिरकत करें।

# मुकदमे से बचने के लिए युवक ने तीन साल की बच्ची को मारकर फेंक दिया

### बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र के एक गांव में हुई घटना से मची सनसनी आरोपी हिरासत में

**भाषा।** बदायूं

**बदायूं** जिले के उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कथित तौर पर मुकदमे से बचने के लिए एक युवक द्वारा तीन वर्षीय बच्ची की हत्या कर उसका शव बोरवेल में फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामला करीब छह महीने पुराना है और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओ.पी. सिंह ने शनिवार को बताया कि पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आखिरकार उसने मासूम की हत्या क्यों की। उन्होंने बताया है कि अभी तक आरोपी ने यह कबूला है कि उसकी बाइक से बच्ची टकरा गई थी और मुकदमे से बचने के लिए उसने बच्ची की हत्या कर शव बोरवेल में फेंक दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के उझानी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव से छह महीने पहले लापता हुई एक मासूम बच्ची का कंकाल पुलिस ने बरामद कर लिया है। बच्ची का कंकालनुमा शव एक 50 फीट गहरे बोरवेल में मिला। पुलिस ने बताया कि गांव के ही युवक ने मासूम की हत्या कर शव बोरवेल में फेंक दिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपी युवक समेत उसके सहयोगी को हिरासत में ले लिया और बोरवेल से मिले शव के अवशेषों को पोस्टमार्टम व डीएनए जांच के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि तीन मई को हरिहरपुर गांव के एक व्यक्ति की तीन वर्षीय बेटी घर से खेलते समय लापता हो गई थी और काफी तलाश के बाद जब बच्ची नहीं मिली तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी जिसके आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद परिजनों को कुछ लोगों से पता लगा कि गांव के ही प्रदीप कुमार और उसके साढ़ू वीरेंद्र ने बच्ची को अगवा किया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी में अपहरण की धारा जोड़ दी और कई बार थाने बुलाकर पूछताछ के बाद भी आरोपियों ने गुनाह नहीं कबूला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस ने एक बार फिर आरोपी प्रदीप को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने बच्ची की हत्या के बाद शव बोरवेल में फेंकने की बात कबूली। उन्होंने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर गांव के ही सरकारी बोरवेल से बच्ची का कंकाल बरामद किया गया।

## गाजियाबाद में व्यापारी के घर लूट पुलिस ने चार को हिरासत में लिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की सिहानी गेट पुलिस ने यहां के नेहरू नगर कॉलोनी स्थित एक व्यापारी के घर में लूट के मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर तीन लुटेरे व्यापारी रमन सरीन के घर में पहली मंजिल पर पहुंचे और कॉल बेल बजा कर उसकी पत्नी गीता से बोले कि आपके पति ने आपको देने के लिए एक चेक बुक भेजी है। पुलिस के अनुसार गीता को शक हुआ तो उन्होंने दरवाजा बंद करने की कोशिश की, लेकिन तब तक लुटेरों ने धक्का देकर दरवाजा खोल लिया और नाक और सिर पर पिस्टल से प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया। तहरीर के मुताबिक बदमाशों ने गीता और उनकी बेटी को एक कमरे में बंद कर दिया और गोली मारने की धमकी देकर अलमारी की चाबियां ले ली। पुलिस के अनुसार लुटेरों ने पांच लाख रुपए नकद और 15 लाख रुपए के जेवरात लूट लिए। तीन लुटेरों ने लूट को अंजाम दिया और चौथा लुटेरा बाहर नजर रख रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मुनिराज जी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक (नगर) निपुण अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक (अपराध) दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज प्राप्त करके उसके आधार पर लुटेरों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि लूट के वक्त सरीन और उसका बेटा नमन अपनी फैक्ट्री गए हुए थे। नगदी और गहने उसकी बेटी विधि की शादी के लिए रखे गए थे, जो सरीन के पिता की मृत्यु के कारण स्थगित कर दी गई थी। मौके पर पहुंचे मेरठ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रवीण कुमार ने पुलिस को लूट का खुलासा करने का निर्देश दिया और यह आशंका जाहिर की है कि इस मामले में कोई परिचित व्यक्ति शामिल हो सकता है।

## ऋतु परिवर्तन से फैलने बाले रोग व आयुर्वेदिक उपचार के बारे में दी जानकारी

**कुसमिलिया** (जालौन)। डकोर गांव में शनिवार को आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेश के अनुपालन के क्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सत्येन्द्र पटेल के निर्देशानुसार ऋतु परिवर्तन के दौरान फैलने बाले रोगों व आयुर्वेदिक उपचार की जानकारी दी गयी।

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कुसमिलिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राम सिंह यादव ने हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अन्तर्गत साप्ताहिक (3 से 9 अक्टूबर) विषय आयुर्वेद का अपने जीवन में महत्व एवं आयुर्वेद आहार-उचित समय, उचित मात्रा, उचित गुणवत्ता, उचित विधि, विरूद्ध आहार का त्याग के अंतर्गत इंद्राणी देवी इण्टर कॉलेज डकोर में जाकर बच्चों एवं शिक्षकों के मध्य एक खुली सभा का आयोजन किया। प्रधानाचार्य संत सिंह यादव के सहयोग से आयोजित खुली सभा में आयुर्वेद अनुसार आहार-बिहार व विरुद्ध आहार, दालों एवं मोटे अनाजों की स्वस्थ रहने में उपयोगिता तथा स्वस्थ दिनचर्या के बारे जानकारी दी गयी। डॉ. राम सिंह यादव ने ऋतु अनुसार आहार-विहार व विरूद्ध आहार, व्यक्ति की प्रकृति के संबंध में जानकारी के साथ घर में उपलब्ध मसालों का औषधीय प्रयोग के विषय में भी बताया। कार्यक्रम के द्वारा लोगों को आयुर्वेद के मूल सिद्धांत स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य का रक्षण एवं रोगी व्यक्ति के रोग का शमन करने के बारे में बताया गया।

## लेजर विधि से किडनी के 45 एमएम की पथरी का हुआ सफल ऑपरेशन

### बांदावासियों को इलाज के लिए अब नही जाना पड़ेगा बाहर



**बांदा।** बांदावासियों को पथरी के इलाज के लिए अब नही जाना पड़ेगा बाहर। मेडिकल कालेज में लेजर सिस्टम से किडनी के 45 एमएम की पथरी का सफल ऑपरेशन किया गया।इसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बांदा। अब स्टोन यानी पथरी का इलाज सफलतापूर्वक शुरू हुआ है। मेडिकल कालेज के यूरोलोजिस्ट सर्जन डॉ सोमेश त्रिपाठी ने किडनी से 30 उउ की स्टोन का बगैर ऑपरेट किये लेजर सिस्टम से सफल ऑपरेशन करके एक नया इतिहास लिख दिया है, जिसकी तारीफसब लोग कर रहे हैं। दरअसल बांदा के शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव का रहने वाला एक युवक पिछले कई वर्षों से किडनी में स्टोन की समस्या से परेशान थाए युवक कानपुरए चित्रकूटए प्रयाजराज आदि जगहों में इलाज के लिए गयाए जहां दवा देकर ऑपरेशन की बात बताई गईए ऑपरेशन में करीब 50 हजार रुपये के ऊपर खर्च भी बतायाए बेचारा युवक एक रिक्शा चलाकर परिवार को पालता थाए उसके पास इतना पैसा नही था कि वो किडनी में स्टोन का ऑपरेशन करा सकें। झाड़फूंक भी कराया लेकिन स्टोन जस की तस किडनी में ही मौजूद थी। अंत मे युवक रानी दुर्गावतीमेडिकल कालेज बांदा में इलाज कराने गया जहां यूरो सर्जन डॉक्टर सोमेश त्रिपाठी ने लेजर सिस्टम ; दूरबीन पद्धति से उसके किडनी की 30 उउ की स्टोन का सफल ऑपरेशन कर एक मिसाल पेश की है। डॉक्टर सोमेश ने प्रेस को बताया कि युवक के किडनी में 30 की स्टोन थीए पहले तो लग रहा था इतनी बड़ी स्टोन हैए लेकिन मेरी टीम और मैंने करीब 2 घंटे में लेजर सिस्टम से सफल ऑपरेशन किया हैए युवक पूरी तरह स्वस्थ हैए मैंने कुछ दिन पहले 45 एमएम के स्टोन को लेजर सिस्टम से ऑपरेट कर चुका है। अब लोगो को बांदा से बाहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी मेरी कोशिश है मैं सभी को बेहतर इलाज दे सकूं।

## साईं पालकी यात्रा में लगे जयकारे, झूमे भक्त



**लखनऊ।** श्री साईं बाबा के निर्वाण दिवस` अवसर पर श्री साईं दास सेवा समिति राजाजीपुरम द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया स' 'इस अवसर पर वर्षा के बावजूद पहले दिन समिति द्वारा श्री साईं . हनुमान मंदिर ब्लॉक निकट थाना तालकटोरा से 15 वीं परंपरागत साईं पालकी यात्रा निकाली गयी जो सायंकाल मन्दिर प्रांगण पहुँचकर सम्पन्न हुई। पालकी यात्रा का आरम्भ पश्चिम विधानसभा के उपविजेता भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव द्वारा कन्धे पर बाबा की पालकी उठाकर किया गया। इस दौरान साईं भक्त झूमते . गाते हुए साईं की जयकार करते हुए आगे बढ़ रहे थे स सारा वातावरण साईंमय हो उठा। 'कार्यक्रम के दूसरे दिन समिति द्वारा मन्दिर प्रांगण में ष्एक शाम साईं के नामष् साईं भजन संध्या और भंडारे का आयोजन किया गया। 'श्री साईं सरगम ग्रुप के डॉ. अभिजीत सिन्हाए विश्वजीत सिन्हाए सपना सिंहए रूपा सिन्हाए संध्या त्रिपाठी द्वारा मीठे . मीठे भजनों की प्रस्तुति की गई जिस पर लोग थिरकते नज़र आए।

# तीन महीने में गिफ्ट डीड से मिला 477.54 करोड़ रुपए का राजस्व

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में पारिवारिक सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे को सुगम बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई योजना के तहत किए गए दान विपत्र (गिफ्ट डीड) से 18 जून से दो अक्टूबर, 2022 के बीच 477.54 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ है। यहां राजस्व परिषद के सभागार में यह जानकारी देते हुए प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय शुल्क राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने बताया कि पहले परिवारों में अधिकांश विवाद अचल संपत्ति में बंटवारे को लेकर था और न्यायालय में मुकदमे भी बहुत अधिक थे। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए निबंधन विभाग ने 18 जून, 2022 को पारिवारिक सदस्यों के बीच अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर लगने वाले स्टांप शुल्क को छह-सात प्रतिशत से घटाकर मात्र 5,000 रुपए कर दिया। जायसवाल ने बताया कि विभाग के इस निर्णय के बाद जहां परिवारों में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण स्थापित हुआ, वहीं 18 जून से दो अक्टूबर, 2022 के बीच 1,38,499 दान विपत्र पंजीकृत हुए जिससे विभाग को 477.54 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्व में अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर बहुत अधिक शुल्क लगने के कारण परिवार के मुखिया संपत्ति हस्तांरित करने के बजाय वसीयत का सहारा लेते थे जो मृत्यु के बाद लागू होता था और तब तक परिवार में तनाव और विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

मंत्री ने कहा कि विभाग के इस निर्णय से राजस्व नुकसान की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन वास्तव में सरकार का राजस्व बढ़ा है और वसीयत कराने वाले लोगों की संख्या में गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि विभाग ने जन सेवा केंद्र के माध्यम से ई-स्टांप की बिक्री शुक्रवार को वाराणसी से शुरू की है। पूरे प्रदेश में 1,78,000 जन सेवा केंद्र हैं। अब हर गांव और मोहल्ले में स्थित जन सेवा केंद्र से लोग स्टांप ले सकेंगे। मंत्री ने बताया कि जन सेवा केंद्र चलाने वाला व्यक्ति 24 घंटे में ई स्टांप का लाइसेंस हासिल कर सकता है।उन्होंने बताया कि ई-स्टांप का लाइसेंस लेने के लिए व्यक्ति एसडीएम के पास सादे पन्ने पर एक घोषणा पत्र लिखकर आवेदन कर सकता है और उसे 24 घंटे के भीतर ई-स्टांप बेचने का लाइसेंस जारी किया जाएगा।

# दिव्यांगों को मिलेगी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**शारीरिक रूप** से चलने में असमर्थ व्यक्तियों को प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग को तीन पहिया ट्राई साइकिल दी गई थी जो दिव्यांग द्वारा हाथ से स्वयं पैडिल करके चलते थे लेकिन अब सरकार द्वारा इनको चलने के लिए पहली बार निशुल्क मोटर युक्त ट्राई साइकिल देने जा रही है जिससे इनको चलने में और आसान होगा हाथ से पैडिल चलाने के बजाय अब मोटर से चलेगी ट्राई साइकिल।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुफ्त मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने की योजना चलाई है। इस योजना के तहत प्रथम बार यानी एक वित्तीय वर्ष में 100 मोटराइज्डट्राइसाइकिल देने का लक्ष्य । दिव्यांगों के लिए हाथ से पैडल मारकर चलाने वाली ट्राई साइकिल परेशानी उत्पन्न करती है। किसी तरह श्रम कर दिव्यांग साइकिल से गंतव्य तक पहुंचते हैं। इन्हीं परेशानियों और आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने की योजना शुरू हुई। इसके लिए पिछले वर्ष ऑनलाइन आवेदन आते है। इसकी जाँच के लिए तकनीकी टीम गठित गयी।जिसमे 230 आवेदन आए। समिति में पीटीओ प्रमोद वर्मा व अपर सीएमओ ने पत्रावलियों की जांच के बाद जिले में 130 लाभार्थियों का चयन किया। इसके बाद दिव्यांगों में आशा की उम्मीद जगी कि उन्हें बहुत जल्द ही मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिल जाएगी। इस योजना में प्रथम आवक प्रथम पावक पे लाभार्थियों का चयन किया जाता है।बताते चले कि राज्य सरकार आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांगजनों को मुफ्त मोटराइज्ड ट्राई.साइकिल उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब ढाई वर्ष पहले प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100.100 मोटराइज्ड ट्राई.साइकिल देने की घोषणा की थी। अब मुख्यमंत्री की घोषणा को पूरा करने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग जुट गया है।मोटराइज्डट्राई साइकिल में ये है व्यवस्था: मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एक मोटर के द्वारा चलने वाली बैटरी युक्त ट्राई साईकिल है मोटर लगे होने के कारण यह चलाने में बहुत आसान हैए तथा इसे चलाने पर मोटरसाइकिल चलाने जैसा आनंद आता है ।विभाग द्वारा जो साइकिल नार्मल दी जाती है एवह दिव्यांगो को लंबी दूरी तय करने में समस्या पैदा करती है।पहले की ट्राई साइकिल चलाने में काफी मेहनत लगती थी एइसलिए इस समय में मोटर युक्त ट्राई साइकिल बाजार में आई है ।इसके आने से दिव्यांग और विकलांग लोगों को काफी आराम मिला है।पात्रता के लिए ये रहेंगी शर्त:आवेदक के पास खुद का दिव्यांग या विकलांगता प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।फ्री ट्राई साइकिल के लिए आवेदक की उम्र 16 वर्ष या इससे अधिक होनी आवश्यक है।इस योजना में उन दिव्यांग छात्र.छात्राओं को वरीयता मिलेगी जो हाई स्कूल या हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ रहे हैं। इस योजना में 85 फ़ीसदी वाले दिव्यांग फ्री साइकिल योजना के लिए पात्र होंगे।

## सुल्तानपुर में अवैध विस्फोटक और पटाखे जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर कोतवाली देहात की पुलिस ने आगामी दिवाली त्योहार के मद्देनजर चल रहे अभियान के तहत शनिवार को अवैध विस्फोटक सामग्री और पटाखे जब्त किए। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोतवाली देहात के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना पर देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और चार लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से पटाखे, अर्धनिर्मित पटाखे और अन्य सामग्री जब्त की। एसएचओ ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से दस बोरी अवैध पटाखा, दो बोरी अर्ध-निर्मित पटाखे, 700 ग्राम बारूद, 90 किलोग्राम ज्वलनशील मिश्रण, 10 किलोग्राम पीला पाउडर, 55 ग्राम ज्वलनशील चूर्ण आदि बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। त्रिपाठी ने बताया कि चारों आरोपियों को विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया।

## बारह वर्षीया दुष्कर्म पीड़िता ने बेटे को जन्म दिया

मेरठ। मेरठ के सरदार वल्लभ भाई पटेल मेडिकल कॉलेज में गाजियाबाद की 12 वर्षीय एक कथित दुष्कर्म पीड़िता द्वारा एक बेटे को जन्म देने का मामला सामने आया है। शनिवार को मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 12 साल की नाबालिग द्वारा एक बच्चे को जन्म दिए जाने की पुष्टि की। गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र की निवासी लड़की ने बुधवार को ऑपरेशन के बाद एक बच्चे को जन्म दिया। नाबालिग प्रसूता को एक अक्टूबर को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आरके गुप्ता ने 12 साल की बच्ची द्वारा एक बच्चे को जन्म दिए जाने की पुष्टि की है और उन्होंने कहा कि दोनों मां-बेटे स्वस्थ है। पीड़िता के परिजनों ने पत्रकारों को बताया कि सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली उनकी 12 वर्षीय बच्ची के साथ उनके फ्लैट के नीचे प्रथम तल पर रहने वाले एक लड़के ने डरा धमका कर कई बार दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के भाई ने भी लड़की के साथ दुष्कर्म किया और यह धमकी देते रहे कि अगर किसी को बताया तो तेरे मां-बाप को मार देंगे। परिजनों के मुताबिक इतना ही नहीं फ्लैट में रहने वाली 15-16 साल की एक लड़की ने कुछ पैसों के लालच में एक और लड़के को बेटी को सौंप दिया और वह भी बेटी के साथ दुष्कर्म करता रहा। मामले की जानकारी के बाद परिजनों ने गाजियाबाद पुलिस में मामला दर्ज कराया। परिजनों के अनुसार बच्ची के गर्भवती होने के लक्षण प्रसव तक उन्हें नजर नहीं आए और प्रसव के समय तक वह सामान्य ही रही, यहां तक कि उसे अभी भी यह नहीं पता कि वह मां बन गई है। उन्होंने बताया कि अस्पताल लाते समय उसे बताया कि पथरी है और इसका ऑपरेशन कराया है।

# बलरामपुर में बाढ़ में बह गए दो किशोर

**बलरामपुर ।** बलरामपुर जिले के ललिया थाना क्षेत्र के कैली गांव में शनिवार को दो किशोर बाढ़ के पानी में बह गए, जिनकी तलाश में पुलिस और पीएसी के जवानों को लगाया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कैली गांव के मजरे शेखन पुरवा निवासी जीशान (15) और उसका दोस्त आलम (16) गांव से मथुरा बाजार में सामान लेने जा रहे थे, गांव की सड़क पर बाढ़ के पानी का तेज बहाव था, जिसे पार करते समय वे बह गए। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर तलाश में जुट गई। उपजिलाधिकारी विजय बहादुर ने बताया कि किशोरों की तलाश में पीएसी जवानों को लगाया गया है और राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एनडीआरएफ) को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की टीम आते ही दोनों किशोरों की तलाश में जुट जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों से हो रही लगातार बारिश और पड़ोसी देश नेपाल के पहाड़ी नालों से आई बाढ़ से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।बाढ़ और जलभराव से दर्जनों गांव घिर गए है और बाढ़ का पानी सड़कों पर आ जाने से यातायात प्रभावित हुआ है।

### सड़क हादसे में व्यापारी समेत दो की मौत

सहारनपुर। सहारनपुर जिले के नकुड थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक व्यापारी सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने बताया कि नकुड कस्बे के महादेव मोहल्ला निवासी किराना व्यापारी अनिल गुप्ता (50) और अफगानन मोहल्ला निवासी अशोक कुमार (35) शुक्रवार देर रात एक्टिवा पर सवार होकर सहारनपुर से नकुड लौट रहे थे, तभी खेडाकुटी गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी एक्टिवा में टक्कर मार दी। राय के मुताबिक, इस टक्कर से अनिल और अशोक सड़क पर जा गिरे और सिर में गहरी चोट लगने के कारण अशोक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। राय ने बताया कि अनिल को पास के अस्पताल ले जाया गया था, जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### दुर्गा पूजा पंडाल में लगी आग में झुलसे एक और व्यक्ति की हुई मौत

भदोही। भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र में एक दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगने से झुलसे एक और व्यक्ति की शनिवार को मौत होने से इस हादसे में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 10 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस हादसे में झुलसे अशोक यादव (35) नामक व्यक्ति की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में घायल 72 से अधिक घायलों का इलाज कई अस्पतालों में किया जा रहा है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि शनिवार को 85 प्रतिशत तक झुलसे अशोक यादव की वाराणसी के सर सुन्दर लाल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले रविवार दो अक्टूबर की रात से बृहस्पतिवार शाम तक हादसे में अंकुश सोनी (12), जया देवी (45), नवीन (10), आरती देवी (48), हर्षवर्धन (8), शिवपूजन (70) और राम मूरत (65),सीमा बिन्द (35) और मंजू देवी (25) की की मौत हो चुकी है। राठी ने कहा कि इस घटना में झुलसे कुल 89 लोगों का भदोही, वाराणसी और प्रयागराज के सात अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से कई की हालत गंभीर है।

## थाना समाधान दिवस में सुनी गईं शिकायतें

**कोंच**(जालौन)। थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को लेकर सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने राजस्व और पुलिस कर्मियों को हिदायत दी कि जो भी समस्याएं आईं हैं उन्हें गंभीरता से लें और मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें। एक ही समस्या बार बार समाधान दिवस के पटल पर नहीं आनी चाहिए। सर्किल के तीन थानों में कुल 8 शिकायतें आईं जिनमें 3 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली में सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी की अध्यक्षता और एसएसआई आनंद कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में कुल 4 शिकायतें आईं जिनमें 1 का मौके पर समाधान कर दिया गया। नदीगांव थाने में एसएचओ वीरेंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें 2 प्रार्थना पत्र आए, दोनों का समाधान कराया जा रहा है।

## ईद-ए-मिलाद पर मरीजों को बांटे फल

जालौन (उरई)। दावत ए इस्लामी के तत्वावधान में गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस ईद ए मिलाद के मौके पर मरीजों को फल वितरित किए गए। इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस ईद ए मिलाद के पर्व के तौर पर मनाया जाता है। हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस दावत ए इस्लामी के तत्वावधान में गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से दावत ए इस्लामी के सदस्यों ने मरीजों के साथ मनाया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर से मरीजों को फल वितरित किए गए। इस मौके पर हाजी सईद ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दुनिया के लोगों को बुराई के रास्ते से हटाकर अच्छाई के रास्ते पर लाने के लिए हुआ था। ईद ए मिलाद के मौके पर मरीजों की सेवा करना भी इंसानियत की पहचान है।

## मारपीट कर जेवर छीनकर ले जाने में कार्रवाई न करने का लगाया आरोप

**कोंच**(जालौन)। मारपीट कर जेवर छीनकर ले जाने की घटना में शामिल संबंधित लोगों के खिलाफ अब तक कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम नरी निवासी छोटे सिंह पुत्र पर्वत सिंह ने एसपी समेत अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 27 सितंबर की शाम करीब 4 बजे उसका साला अपने साथियों के साथ बाइकों पर सवार होकर उसके घर में घुस आये और गाली गलौच कर लात घूसों से उसे व उसके दादा को बुरी तरह मारापीटा। बचाने के लिए मौके पर आये परिजनों के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की और असलहों की दम पर सभी परिजनों को एक कमरे में बंद कर अलमारी में रखे सोने चांदी के तमाम जेवर व नगदी उठा ली।पीड़ित छोटे सिंह ने बताया कि घटना की सूचना उसने पीआरबी पुलिस को दी और फिर थाना पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की,उल्टे उसके पिता एवं भाई को ही पुलिस ने बैठा लिया।छोटे सिंह ने बताया कि घटना में शामिल लोगों की पुलिस से सांठगांठ है जिससे उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है और उक्त लोगों से उसे जानमाल का खतरा है। पीड़ित छोटे सिंह ने एसपी से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

## ट्रांसफार्मर सप्ताह में दूसरी बार हुआ खराब

**जालौन** (उरई)। कोंच चौराहे पर लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर सप्ताह में दूसरी बार खराब गया। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आसपास के लोगों को दिक्कत हो रही है। कोंच चौराहे पर 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। यह ट्रांसफार्मर सप्ताह के शुभारंभ में खराब गया था जिसे 4 दिन पूर्व बदल दिया गया था। 4 दिन पूर्व बदला गया ट्रांसफार्मर पुन: खराब हो गया। एक सप्ताह में 2 बार ट्रांसफार्मर खराब होने के लोगों को परेशानी हो रही है। ट्रांसफार्मर खराब होने से आसपास के दुकानदारों के व्यापार प्रभावित हो रहे हैं।

# ऐतिहासिक स्योढ़ा किले को सहेजने की पहल

### जिलाधिकारी ने भ्रमण कर किले के भीतरी भागॅका जायजा लिया पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की है योजना

**आलोक निगम।** बांदा





**जिलाधिकारी** अनुराग पटेल ने उपजिलाधिकारीए नरैनी के साथ स्योढ़ा किला का भ्रमण किया तथा किले के भीतरी भागॉं का जायजा लिया । मौके पर उपस्थित ग्राम स्योढ़ा निवासी सचिन पुत्र नत्थू वर्मा द्वारा पूरे किले का भ्रमण कराया गया। ऐतिहासिक स्योढ़ा किले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की योजना है। भ्रमण के दौरान पाया गया कि किले के अन्दर भूमि पर अवैध घर बनाकर किले की भूमि पर जोत बोआई कर खेती की जा रही है। स्थानीय द्वारा बताया गया कि गांव के पूर्व प्रधान अचल कुमार गिरि द्वारा कई वर्षों से खेती का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारीए नरैनी को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण किले की भूमि में अवैध रूप से खेती करने वालो को चिन्हित करें तथा 1359 फसली के पहले राजस्व अभिलेखों में और वर्तमान में किले की क्या स्थिति है। किले से सम्बन्धित सम्पूर्ण अभिलेखों को परीक्षण कर 01 सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध करायें ताकि शीघ्र ही स्योढ़ा किले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सके। जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारीए नरैनी की अध्यक्षता में नायब तहसीलदारए राजस्व निरीक्षक तथा दो लेखपालों की समिति गठित कर समिति को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर पूरे स्योढ़ा किले का विस्तृत निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इसके तहत स्योढ़ा किले की बाउण्ड्रीवाल के अन्दर अवैध रूप से कब्जा कर जोत.बो कर खेती का कार्य करने वालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने और .किले के बाहर किले से जुड़ी हुई भूमि पर कब्जा करके अवैध रूप से खेती का कार्य करने वालो को चिन्हित कर एन्टी भू.माफिया के तहत कार्यवाही कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात् जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा उपजिलाधिकारी नरैनी श्री रजत वर्मा के गिरवां स्थित मां विध्यावासिनी मन्दिर में 551 सीडियां चढ़कर मां विध्यावासिनी के दर्शन किये और आर्शीवाद प्राप्त किया गया। बांदा से महज 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ श्री सिद्धिदात्री विंध्यवासिनी खत्री पहाड़ अकबरपुर के दस दिवसीय नवरात्र मेला महोत्सव के प्रथम दिवस हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेकाध् जिसको लेकर मेला प्रबंध समिति एवं जिला प्रशासन ने कई प्रकार की तैयारियां और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंतजाम कर रखें क्योंकि यह खत्री पहाड़ विंध्यवासिनी मंदिर मध्य प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है मंदिर जिसमें लाखों श्रद्धालु माता रानी को माथा टेकने के लिए आते हैं जिनको लेकर जिला प्रशासन और मंदिर कमेटी सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के दावे कर रहे हैं।




## साजन बिन सत्ता

हम भी नेता हैं। एमएलसी रह चुके हैं। पार्टी में हमारी भी हैसियत है। यदि इस बार सरकार बन गई होती में मंत्री होता। ऐसे शब्दों के माध्यम से अपनी हैसियत को ताकत देते महोदय दिखाई पड़ रहे हैं। एक समय था जब यह महोदय समाजवादी सरकार में मुख्यमंत्री की किचन केबिनेट में हुआ करते थे। तब इनका जलवा था और सब के साजन हुआ करते थे। जब से उनकी सरकार गई है तब से उनका सजना संवरना तो कम हो गया लेकिन जलवा बरकरार रहा क्योंकि इनके पास एमएलसी का पद कायम था। इधर जब से एमएलसी का कार्यकाल समाप्त हुआ है तब से इन महोदय का परिचय देने का अंदाज थोड़ा बदल गया है। कद काठी थोड़ा कमजोर होने के कारण अपने आप को बड़ा नेता दर्शाने का प्रयास करते हैं। ऊंची आवाज करके खामखा लोगों से हाल चाल लेते रहते हैं। कहते हैं अब चिंता न करो। मंजिल और दिल्ली दोनों दूर नहीं। सही देखा जाए तो इन महोदय को खुद की मंजिल का पता नहीं दूसरों को मंजिल तक पहचाने की बात किया करते हैं।



## अब किधर जाएं हम

गैरों पर करम, अपनों पर सितम, वाली परिपाटी पर चल रही देश की सबसे पुरानी पार्टी के फैसलों से हाथी वाले मिश्रा जी असमंजस में हैं। दरअसल मिश्रा जी अभी तक हाथी वाली पार्टी में प्रमुख भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। उन्हें पार्टी सुप्रीमो के बाद दूसरे नंबर पर माना जाता है लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से बीते विधानसभा चुनाव के बाद से वह अज्ञातवास में चले गए हैं। प्रत्येक खास मौके पर पाटी सुप्रीमो के बगल में दिखाई पड़ने वाले मिश्रा जी इस समय तस्वीर से गायब हैं। यही वजह है कि उन्हें लेकर तरह-तरह की चर्चाओं को बल मिल रहा है। एक चर्चा यह भी थी कि सुप्रीमो से उनकी अनबन हो गई है और वह जल्द ही हाथी के बजाए हाथ के साथ दिखाई पड़ सकते हैं। इसकी ठोस वजह यह बताई जा रही थी कि बिना उनकी सलाह के कोई भी राजनीतिक कदम न उठाने वाले उनके एक अनन्य शार्गिद पाला बदलकर पंजे का दामन पहले ही थाम चुके हैं। यह चर्चा अपना मूर्तरूप ले पाती इससे पहले ही संशय के बादल छा गए। हाथी वाली पार्टी के कई प्रमुख चेहरों को पंजे वाली पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर प्रांतीय अध्यक्ष तक का जिम्मा सौंप दिया गया। जानकार कह रहे हैं कि इसी के बाद से मिश्रा जी अनिर्णय की स्थिति में आ गए हैं। उनके सामने असमंजस यह है कि जब शार्गिदों को इतनी बड़ी सौगात पहले ही बांट दी गई तो अब उनके लिए उस पार्टी में बचा ही क्या? अब अगर वह उस पार्टी में जाते भी हैं तो उन्हें हासिल क्या होगा? शार्गिदों से नीचे का पद वह ले नहीं सकते और ऊपर वाले पदों पर तो हमेशा परिवार विशेष और उनके चाटुकारों का ही कब्जा रहता है।

## बरखा रानी जरा थम के....

बारिश से आजकल यूपी के एक कद्दावर साहब को डर लगने लगा है और घबराहट भीह बढ़ने लगी है। वह इसलिए क्योंकि उनके कार्यकाल के दौरान जो एक्सप्रेसवे बनाए गए थे उनमें मिट्टी धंसने के कारण कई बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे कई दुर्घटनाएं भी हो गई हैं। जब यह एक्सप्रेसवे बनाया गया था तब तो साहब ने खूब वाहवाही लूटी थी लेकिन बारिश से इसमें मिट्टी धंस रही है तो साहब पर भी उंगलियां उठने लगी हैं। यह बात अच्छी है कि साहब इस समय महाराज जी के करीबी अधिकारियों में शुमार हैं अन्यथा जांच भी बैठ सकती थी। साहब ने वाहवाही लूटने के लिए अपने कार्यकाल के दौरान सूबे में रिकॉर्ड समय में दो बड़े एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया लेकिन अब जब उसमें खामियां निकल रही हैं तो साहब का विरोधी गुट सक्रिय हो गया है। अब यह खेमा प्रमुख विपक्षी दल के कार्यकाल में बने एक्सप्रेसवे की तुलना इस सरकार में बने एक्सप्रेसवे से कर रहा है। सत्ता के गलियारे में अब यह चर्चा हो रही है कि इतना रुपया खर्च करने के बाद भी बारिश में मिट्टी क्यों बैठ रही है। फिलहाल अब साहब यही मना रहे हैं कि बारिश खत्म हो ताकि मामला यहीं शांत हो जाए।

## बेसिर पैर की

आजकल संस्थान में दो बातों की चर्चा बहुत है। एक तो मूल्यांकन में प्लस प्लस कैसे मिल गया और दूसरा मैनेजमेंट गुरु का क्या चल रहा है। विपक्ष के सदस्यों के पास बस यही मुद्दा बना हुआ है। अगर उनसे पढ़ाई और उनके सब्जेक्ट के परफारमेंस के बारे में पूछ लीजिये तो सारा दोष छात्रों पर मढ़ कर किनारे हो जाते हैं। जैसे दूध के धुले हों। उनकी कोई रिस्पांसबिलिटी नहीं है। पिछले दिनों ओरियन्टल विभाग के पूर्व प्रभारी इन्हीं बातों में मशगूल दिखाई दिए। उनको समझ नहीं आ रहा था कि प्लस प्लस कैसे आ गया जबकि अभावों का जंजाल है। अंत में उन्होंने अपने मैनेजमेंट गुरु को माना कि यह उनके ही बस की बात है। इसकी तारीफ है। अब उन्होंने दूसरा प्रश्न छेड़ दिया कि क्या होगा। रहेंगे या जाएंगे। फिलहाल अंत में उन्हें इसका उत्तर तो भविष्य की संभावनाओं पर छोड़ना पड़ा। अब उन्हें कौन समझाए कि आप अपना काम कीजिये बेकार की बातों पर चर्चा करने से क्या फायदा है। किसी ने अपनी काबिलियत के दम पर संस्थान को उपलब्धि दिलाई है तो आपको जिम्मेदारी उसे सहेज कर रखने की है। और दूसरी बात क्या होगा इसका फायदा तो सिर्फ उन्हें मिलेगा। आप तो उनके आस पास भी नहीं ठहरते हैं। यह तो बात एक आदमी की है पर पूरा विपक्ष इन्हीं बेकार की बातों पर चर्चा में मशगूल है।



## लौट के बुद्धू घर को आए

दूबे गए थे चौबे बनने लेकिन छब्बे बनकर लौटे। यह कहावत नगर निगम के नटवरलाल कर निरीक्षक पर सटीक बैठती है। नगर निगम के नटवरलाल कर निरीक्षक ने अपनी निजी खुन्नस निकालने के लिए एक व्यापारी को सबक सिखाने का प्लान बना लिया। डंडइया बाजार में कर निरीक्षक ने नगर निगम के बड़े अफसर से गृहकर वसूली अभियान चलाने की अनुमति ले ली। फिर क्या था। नटवरलाल कर निरीक्षक ने डंडइया बाजार की प्रभु कृपा दुकान के साथ 14 दुकानों पर एक साथ सीलिंग कीकार्रवाई कर डाली। लेकिन इनकी चाल उल्टी पड़ गयी। कार्रवाई की खबर आग की तरह पूरे बाजार में फैल गयी और देखते ही देखते कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। बढ़ते हंगामे और प्रदर्शन से कर निरीक्षक सहित दूसरे अफसरान घबरा गए। नगर आयुक्त के निर्देश पर व्यापारियों को जिम्मेदार अफसर पर कार्रवाई का आश्वासन देकर विरोध खत्म कराया गया। बेचारे नटवर लाल निरीक्षक नपे ही साथ में दूसरे कर अधीक्षक को भी खामिया भुगतना पड़ा। आखिरकार सभी दुकानों की सील खोलकर व्यापारियों के सामने नटवरलाल कर निरीक्षक को लज्जित होना पड़ा।

# कोरोना महामारी के दौरान दुनिया ने समझी आयुष की ताकतः योगी

## सीएम ने किया आरोग्य भारती के अखिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वार्षिक बैठक का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आरोग्य भारती के अखिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वार्षिक बैठक का शुभारंभ करते हुए कहा कि एक स्वस्थ शरीर ही धर्म के सभी साधनों को पूरा कर सकता है। धर्म के सभी साधन एक स्वस्थ शरीर में ही निहित होते हैं। उत्तम आरोग्यता को प्राप्त करना प्रत्येक भारतीय की दिनचर्या का हिस्सा रहा है। समय से जागने, सोने या भोजन की आदत हो या अपने जीवन के प्रत्येक संस्कार से जुड़ा कोई भी कार्यक्रम हो, हर भारतीय परिवार खुद को उससे जोड़ता रहा है। एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है कि हम प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए कदम बढ़ाएं। सही मायनों में, स्वस्थ समाज से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी कार्यक्रम में वर्चुअली उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आरोग्य भारती अखिल भारतीय स्तर पर संपूर्ण आरोग्यता को प्राप्त करने के लिए विगत 20 वर्षों से काम कर रही है। सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान आरोग्य भारती के स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं की कार्यपद्धति को हम सबने महसूस किया। बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक तबके को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का सराहनीय काम किया। कोरोना में भारत का परिणाम किसी भी अन्य देश की तुलना में बेहतर रहा तो इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यही रहा कि सरकार की मशीनरी के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। मेरा मानना है कि आधे रोग तो सतर्कता से दूर किए जा सकते हैं। शेष बीमारियों को दूर करने के लिए थोड़े अलग और नए प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आरोग्य भारती की पुस्तकों का भी विमोचन किया।

### भारत में विभाजनकारी शक्तियां सफल नहीं हो पाएंगीः वैद्य

कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डा मनमोहन वैद्य ने कहा कि राष्ट्र को स्वस्थ रखने के लिए स्व को जगाना होगा। इसलिए रोगी को रोगमुक्त करने के साथ-साथ उसके साथ आत्मीय संबंध भी बनाना है। हमें व्यक्ति के अंदर सुप्त भारत भाव को जगाना है। उन्होंने कहा कि भारत में विभाजनकारी शक्तियां जो समाज को लड़ाने का काम कर रही हैं वे सफल नहीं होंगी। सहिष्णुता भारत की विशेषता नहीं है। सबको साथ लेकर चलना भारत की विशेषता है। आध्यात्मिकता के कारण ही समाज को लौटाना धर्म कहा गया है।

## स्वास्थ्य को संपूर्णता से देखने की जरूरः मनसुख मांडविया

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने वर्चुअली रूप से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आरोग्य भारती स्वस्थ भारत समृद्ध भारत के संकल्प को साकार कर रही है। स्वास्थ्य को संपूर्णता से देखने की जरूरत है। इसलिए स्वास्थ्य के संबंध में संकीर्णता से नहीं संपूर्णता में विचार करने की आवश्यकता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार जन स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए एलोपैथ व आयुष के साथ समन्वय बनाने का कार्य कर रही है। मनसुख मांडविया ने कहा कि गुणवत्तायुक्त चिकित्सा शिक्षा के लिए देश में एम्स की संख्या बढ़ाई जा रही है। पिछले सात वर्षों में मेडिकल की सीटों में बढ़ोत्तरी की गयी है। मनसुख मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पंडित ने बताया कि आरोग्य भारती पूरे भारतवर्ष को स्वस्थ रखने के लिए काम करती है। व्यक्ति स्वस्थ कैसे रह सकता है इसको लेकर आरोग्य भारती काम करती है। स्वस्थ व्यक्ति द्वारा ही स्वस्थ राष्ट्र बन सकता हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा अशोक वार्ष्णेय, अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल, सह प्रान्त प्रचारक मनोज, संघ के वरिष्ठ प्रचारक वीरेन्द्र सिंह, अशोक केड़िया एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग के अध्यक्ष वैद्य जयन्त देव पुजारी, सह क्षेत्र संयोजक आरोगय भारती डा संग्राम सिंह, अवध प्रान्त के सचिव डा इन्द्रेश सिंह, बाल आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, सीएमएस के संस्थापक जगदीश गांधी ने भी अपने विचार रखे।

# चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ है नर्सिंग और पैरामेडिकल

## सीएम योगी ने किया मिशन निरामयाः का शुभारंभ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वास्थ्य** और चिकित्सा तंत्र के कायाकल्प के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब नर्सिंग और पैरामेडिकल सेक्टर के व्यापक सुधार के लिए मिशन निरामयाः की शुरुआत की है। शनिवार को एसजीपीजीआई लखनऊ के परिसर में नए अभियान का औपचारिक शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने नर्सिंग और पैरामेडिकल को चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ करार दिया और कहा कि 90 के दशक में कॅरियर के लिहाज से अगर आईटी सेक्टर सबसे प्राइम माना जाता था तो आज के दौर में नर्सिंग और पैरामेडिकल क्षेत्र शानदार अवसरों से भरा है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसकी आवश्यकता जन्म से लेकर मृत्यु तक हमेशा होती है। यही नहीं महिलाओं के लिए तो यह सेक्टर सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन का शानदार उदाहरण है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने परीक्षा नियंत्रण कक्ष का लोकार्पण भी किया और कहा कि नए संस्थानों की मान्यता की प्रक्रिया सरल की गई है और मानक पूरा करने वाले हर संस्थान को आसान प्रक्रिया से मान्यता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज की तरक्की के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा तंत्र का मजबूत होना सबसे अहम है लेकिन दशकों इन क्षेत्रों को उपेक्षित रखा गया। नर्सिंग जैसा क्षेत्र जिसके बिना बेहतर चिकित्सा संभव ही नहींए उसमें समय के साथ सुधार की कोशिशें नहीं हुईं लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार इस सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में बहुआयामी सुधार के लिए मिशन निरामयाः की शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा कि यह मिशन एक ओर जहां प्रदेश में संस्थानों और सीटों की वृद्धि में सहायक होगा वहीं संस्थाओं के गुणवत्ता सुधार और प्रशिक्षण के बाद युवाओं के सेवायोजन के लिए जरूरी प्रयास किए जाएंगे। मिशन निरामयाः के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन के पहले चरण में हमारा लक्ष्य नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप करने की होगी जबकि अगले चरण में इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा। विशेष मौके पर प्रशिक्षण के बाद युवाओं के सेवायोजन के लिए 5 प्रशिक्षण संस्थानों और 5 प्रतिष्ठित अस्पतालों के बीच एमओयू भी हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के होने का ही परिणाम रहा कि नर्सिंग स्टाफ के लिए राज्य सरकार ने 4700 पदों पर भर्ती आयोजित की, तो आवेदन आये 1 लाख 2 हजार लेकिन पास हुए केवल 3 फीसदी अभ्यर्थी। सुधार के लिए समय के अनुरूप बदलने की कोशिश नहीं हुई नतीजतन कभी विश्वगुरु रहा देश दूसरे देशों की नकल को मजबूर हो गया लेकिन प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में 2017 के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा तंत्र को मजबूत बनाने का कार्यक्रम शुरू हुआ। यह मिशन निरामयाः उसी कड़ी का एक हिस्सा है।

## सपा प्रतिनिधिमंडल आज जाएगा पीड़ित परिवार से मिलने कानपुर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल रविवार 9 अक्टूबर को कानपुर के बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम बरंडा जायेगा। बरंडा गांव में निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए 6 बच्चों की गंगा नदी में डूबकर हुई मौत की हृदय विदारक घटना पर शोकाकुल परिवार से मिलने एवं सांत्वना देने के लिए प्रतिनिधिमंडल ग्राम बरण्डा कानपुर ग्रामीण जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मुनीन्द्र शुक्ला पूर्व विधायक, मिथलेश कटियार पूर्व विधायक कानपुर देहात, विजय सचान पूर्व प्रत्याशी घाटमपुर, संजू कटियार पूर्व अध्यक्ष कानपुर ग्रामीण, जितेन्द्र कटियार जिला महासचिव कानपुर ग्रामीण, प्रवीण सिंह बन्टी राष्ट्रीय महासचिव यूथ ब्रिगेड एवं अर्पित यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा शामिल रहेंगे।

## हवाला कारोबार में लिप्त अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने ललितपुर में दर्ज मुकदमे के वांछित अभियुक्त और हवाला कारोबार में संलिप्त वरुण गुप्ता को फिरोजाबाद जिले से गिरफ्तार किया। उसे पास से एक कापी मिली है। जिसमें हवाला के माध्यम से भेजी गई रकम का ब्यौरा दर्ज है। हवाला के जरिए अर्जित 54 हजार रुपए भी उसके कब्जे से बरामद हुए हैं। वांछित अभियुक्त वरुण गुप्ता निवासी गली नंबर 4, हनुमान गंज थाना उत्तरी, जनपद फिरोजाबाद काफी समय से फ रार चल रहा था। इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों द्वारा कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। छानबीन के दौरान एसटीएफ की टीम को पता चला कि वरुण गुप्ता गोदाम मोहल्ला दूलीगंज, जनपद फि रोजाबाद में मौजूद है।

# बृजलाल खाबरी ने संभाली प्रदेश कांग्रेस की कमान




- नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही सभी छह प्रांतीय अध्यक्षों ने भी कार्यभार ग्रहण किया
- कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रान्तीय अध्यक्षों ने भी अपना कार्यभार ग्रहण किया। खाबरी के कार्यभार संभालने के दौरान शनिवार को पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, प्रमोद तिवारी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू भी मौजूद थे। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का जोरदार तरीके से स्वागत किया।

ट्वीट के माध्यम से कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं बाबा साहब आंबेडकर के श्री चरणों में पुष्प अर्पित कर भ्रष्ट सरकार के विरुद्ध लड़ते रहने के हौसले की कामना की। कांग्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जालौन से लखनऊ आए और इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस हाईकामन ने एक अक्टूबर को बृजलाल खाबरी को अपनी उत्तर प्रदेश इकाई का प्रमुख नियुक्त किया था। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में छह प्रान्तीय अध्यक्ष की भी नियुक्ति की थी जिसमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, वीरेंद्र चौधरी, नकुल दुबे, अनिल यादव और योगेश दीक्षित शामिल हैं। इन सभी ने भी शनिवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सभी जाति धर्म को सदैव उचित सम्मान दिया है। आज एक बार पुनः कांग्रेस नेतृत्व ने मेरे जैसे एक सामान्य व दलित परिवार के व्यक्ति पर विश्वास व्यक्त करते हुए मुझे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जाति, धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर जन सामान्य की बेहतरी के लिए कार्य किया। खाबरी ने राष्ट्रीय महासचिव यूपी कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए कांग्रेस जनों को विश्वास दिलाया कि सभी निष्ठावान और ईमानदार व मेहनती कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी स्तर पर सभी कांग्रेसजनों की भरपूर सेवाएं लेने के साथ ही उचित सम्मान दिया जाएगा।

कार्यक्रम को प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, वीरेन्द्र चौधरी, नकुल दुबे, अनिल यादव और योगेश दीक्षित न भी संबोधित किया।

**गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव**

## भाजपा ने अमन गिरी और सपा ने विनय तिवारी को बनाया उम्मीदवार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखीमपुर** खीरी जिले की गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट पर सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विरोधी दल समाजवादी पार्टी ने अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। भाजपा ने इस सीट पर पूर्व विधायक स्वर्गीय अरविंद गिरी के बेटे अमन गिरी तो सपा ने पूर्व विधायक विनय तिवारी को प्रत्याशी घोषित किया है। इस सीट पर उप चुनाव के लिए 3 नवम्बर को मतदान होगा। 2017 के विधान सभा चुनाव में भाजपा लहर में अरविंद गिरी जीत गए। 2022 के विधानसभा चुनाव में जीत फिर से भाजपा के पाले में चली गई और भाजपा उम्मीदवार अरविंद गिरी से विनय तिवारी चुनाव हार गए। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों भाजपा विधायक अरविंद गिरी की मीटिंग में लखनऊ जाते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। गिरी के निधन के बाद से यह सीट खाली थी।

## ईद-ए-मिलादुन नबी पर राज्यपाल व सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटले और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-ए-मिलादुन नबी के मौके पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि ईश्वर करे कि यह पर्व समाज मं सहृदयता और भाईचारे के संबंध को गहरा करे। वहीं मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पर्व समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ाने के लिए नई प्रेरणा देगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए ईद-ए-मिलादुन नबी के अवसर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की है।

# प्रदेश सरकार ग्रीनफील्ड सड़क परियोजनाओं के लिए निशुल्क देगी भूमि



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- मुख्यमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने की प्रदेश में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं की समीक्षा

**उत्तर** प्रदेश में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्वस्तरीय बनाने के लिए जारी प्रयासों के क्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस मौके पर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद और राज्य मंत्री बृजेश सिंह भी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने नई परियोजनाओं की जरूरत बताई और कहा कि भारत सरकार यदि प्रदेश में नए राजमार्गों, ग्रीनफील्ड सड़क परियोजनाओं की शुरुआत करती है तो राज्य सरकार की ओर से शासकीय भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी बस स्टेशनों के नवनिर्माण के लिए एनएचएआई का सहयोग लेना चाहती है। चरणबद्ध रूप से सभी 75 जिलों के बस स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया जा सकता है। एनएचएआई द्वारा इसे पीपीपी मोड में डेवलप किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव का स्वागत किया और अधिकारियों को प्रथम चरण में 25 बस स्टेशनों का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। प्रदेश में संचालित विभिन्न राजमार्ग व अन्य परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी परियोजनाओं की समयबद्धता के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और कहा कि सभी परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता समय से कराई जाएगी। बैठक में तय हुआ कि केंद्रीय मंत्रालय, एनएचएआई और प्रदेश सरकार के सम्बंधित विभाग हर महीने परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने वाराणसी की तर्ज पर गाजियाबाद, मथुरा-वृंदावन, बुन्देलखण्ड और सोनभद्र में रोप वे निर्माण परियोजना पर भी चर्चा हुई। जिस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सभी जरूरी सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रतापगढ़-सुल्तानपुर-अयोध्या राज्य राजमार्ग के चार लेन चौड़ीकरण का प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री द्वारा सहमति दी गई। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय प्रदेश के समग्र विकास में हर सम्भव सहयोग करने के लिए तत्पर है। उन्होंने लगभग 1000 करोड़ की लागत से 12 रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की नई परियोजना की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों के लिए रिंगरोड, बाईपास मार्ग की आवश्यकता है। जिस पर केंद्रीय मंत्री महोदय ने सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया। भारत सरकार और प्रदेश सरकार के सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में हुई इस बैठक में प्रदेश सरकार की ओर से गोसाईंगंज-बनी-मोहान मार्ग, सीतापुर-लखीमपुर-गौरीफंटा मार्ग, टूंडला-एटा-कासगंज राज्यमार्ग, चंदौसी-मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राज्यमार्ग, नैमिषारण्य-गोला गोकर्णनाथ-माता पूर्णागिरि-शाहजहांपुर-फर्रुखाबाद सहित विभिन्न मार्गों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रस्ताव रखा गया।

## कौशल राज शर्मा बने वाराणसी के कमिश्नर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में अफसरों की तैनाती में फेरबदल किया गया है। वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शार्म को वाराणसी मंडल का नया आयुक्त तैनात करने के साथ ही डीएम वाराणसी के पद का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वाराणसी के आयुक्त दीपक अग्रवाल को शनिवार को कार्यमुक्त कर दिया गया है। वह दिल्ली जाएंगे। विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा शंभू कुमार को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा विशेष सचिव चीनी एवं गन्ना रूपेश कुमार को विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है।

# रामपुरमथुरा के कई गांव फिर बाढ़ की चपेट में

## ● लगातार हो रही बारिश से गांव हुए जलमग्न

संवाददाता। सीतापुर



**तहसील महमूदाबाद** क्षेत्र के रामपुर मथुरा ब्लाक के कई गांव तीसरी बार बाढ़ की चपेट में आ गए है। ग्राम पंचायत कनरखी के 12 मजरे, अखरी के तीन मजरे, कलुआपुर के दो मजरे, अंगरौरा सहित करीब दो दर्जन गांव बाढ़ के पानी से जलमग्न हो गए है, लगभग 5 हजार आबादी पानी के बीच फंसी हुई है। घाघरा का जलस्तर खतरे के निषान को पार कर 20 सेंटीमीटर ऊपर जा पहुंचा है, लगातार पानी बढ़ने से ग्रामीणों को भीषण आने का खतरा सताने लगा है, एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेष त्रिपाठी ने प्रभावित गांवों का भ्रमण कर पीड़ितों की समस्याएं सुनी और संपूर्ण मदद का भरोसा दिलाया।बीते तीन दिनों से हो रही बारिष से शुक्रवार की रात ब्लाक रेउसा के ग्राम सभा वैन सोहलिया, ग्राम सभा के लोनियनपुरवा निवासी सियाराम व जगन्नाथ पुत्रगण गजोधर का खर-फूस वाला छप्पर गिर गया, गनीमत रही कि कोई चोटिल नहीं हुआ। ग्राम प्रधान धारा सिंह चौहान की सूचना पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। बीते तीन दिनों से हो रही बारिष से फसलों को नुकसान ही नहीं पहुंचा है, आषियाने भी ढाहने लगे है। षनिवार को लहरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम लच्छननगर निवासी षाबान खां पुत्र षमी खां की कच्ची कोठरी की दीवार भरभरा कर गिर गई। उस समय कोठरी में 2 बच्चियां बैठी थी, दीवार गिरता देख व भाग खड़ी हुई। षुक्र रहा कि किसी को कोई चोट नहीं पहुंची। स्थानीय नागरिकों ने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान विवेक षुक्ला को दी। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल राहुल यादव को अवगत कराया। तहसीलदार षषिबिन्दु द्विवेदी ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण कर सहायता राषि दिलाई जाएगी।

### बिसवां तहसील के कई गांवों में बढ़ा पानी

**तहसील बिसवां** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोलोक कोडर का मजरा गार्गीपुरवा, परमेश्वरपुरवा, पासिनपुरवा, टपरी, रामलालपुरवा, चौकीपुरवा आदि गांव में ऊफनाई घाघरा का पानी पहुंच गया है, कई घरों में घुटनों तक पानी भर जाने से ग्रामीणों ने चारपाई व तखत पर शरण ली है। गार्गीपुरवा के सालिकराम का घर कटान के मुहाने पर है, पासिनपुरवा के छोटे कल्लु, रामनरेष, सोहन आदि के घर पानी से भर गए है। उधर रामनरेष, रामेष्वर, कमलेष, उमेष, दिनेष, संदीप, प्रदीप, सालिकराम, श्रीकिषन आदि के खेतों का तेजी से कटान हो रहा है, खेतों के साथ धान की खड़ी फसल भी कटान की भेंट चढ़ रही है। तहसील बिसवां क्षेत्र में बाढ़ की सूचना के बाद षनिवार को एसडीएम बिसवां पीएल मौर्य व तहसीलदार अभिचल प्रताप सिंह ने ग्राम पंचायत कोलोक कोडर के प्रभावित मजरों में पहुंचे और स्थितियों की जानकारी ली। एसडीएम, तहसीलदार ने गार्गीपुरवा, पासिनपुरवा, लोधपुरवा और ग्राम मयोढ़ीछोलहा का श्रीरामपुरवा आदि का भ्रमण कर पीड़ितों की समस्याएं सुनी। तहसीलदार अभिचल प्रताप सिंह ने बताया कि बाढ़ के दृष्टिगत बाढ़ चौकी मारूबेहड़ पंचायत भवन चहलारी को पूरी तरह क्रियाषील कर दिया गया है। मेडिकल टीमें मौजूद हैं तहसील में बाढ़ कंट्रोल रूम भी क्रियाषील है। उन्होंने बताया कि कुल दो ग्राम गोलोक कोडरव मयोढ़ीछोलहा की आंषिक आबादी प्रभावित है। प्रभावितों के भोजन के पैकेट वितरित कराए जा रहे है। बाढ़ से गुरगुजपुर-पासिनपुरवा संपर्क मार्ग जंगल टपरी पुलिया और बसंतापुर पुलिया के पास मार्ग बाधित हो गया है। तहसीलदार बिसवां अभिचल प्रताप सिंह ने बताया कि मार्ग बाधित होने के कारण नाव की व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने बताया विगत दिनों आई बाढ़ में जलस्तर की अपेक्षा लगभग 30 प्रतिषत कम है, जिससे बाढ़ का प्रभाव भी कम है। बाढ़ क्षेत्र में पीएसी बल कैंप कर रहा है। ग्रामीणों को सर्तकता बचाव जागरूकता सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है।

# शिक्षा और स्वरोजगार की ओर रुझान बढ़ाए वाल्मीकि समाज:रवि शंकर



करूणा फाउंडेशन ने शैक्षिक सम्मेलन का किया आयोजन

**लखीमपुर.खीरी।** वाल्मीकि प्रकट दिवस पर समाजसेवी संस्था करुणा फाउंडेशन ने शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। वैशाली अध्यक्ष करुणा फाउंडेशन ने कहा कि शैक्षिक सम्मेलन में कैरियर काउंसलिंगए मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मानए वाल्मीकि समाज के कविए साहित्यकार तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों का सम्मान किया गया।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य स्तरीय सलाहकार समिति उत्तर प्रदेश के सदस्य रवि शंकर हवेलकर ने कहा कि वाल्मीकि समाज की प्रतिभाएं विश्वस्तर पर अपना नाम रोशन कर रही हैं। इसके बावजूद यह समाज आज भी भेदभाव का शिकार है। उन्होने वाल्मीकि समाज को शिक्षा और स्वरोजगार की तरफ रूझान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बतौर विशिष्ट अतिथि सीओ सदर संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा निवेश है जो आत्मसम्मान को बढ़ाता है। अगर आपके पास शिक्षाए ज्ञान और बौद्धिक क्षमता है तो आप बिना किसी के सपोर्ट के स्वयं स्वावलंबी बन जायेंगे। उत्तराखंड से आईं कैरियर काउंसलिंग की मुख्य वक्ता राधा वाल्मीकि ने कहा कि रामायण से हमें श्री राम के मर्यादा होने का ज्ञान मिलता है। वहीं बाबा साहब के संविधान को समझने के लिय शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने छात्र.छात्राओं से अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए योग्यता के साथ सहनशीलए दृढ़ संकल्प लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। कवि देव कुमार ने कहा कि वाल्मीकि समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है उसे नई पीढ़ी समझे यह आज के समय की आवश्यकता है।बाबू राम बादल कवि ने कहा कि शिक्षा व शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाढ़ेगा रत्न सम्मान डा राधा वाल्मीकि श्याम किशोर बेचैन देव कुमार कबीर बाबूराम बादल सुरेश सौरभ मांससी भारती शैक्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता चंदन लाल ने की संचालन कवि श्याम किशोर बैचैन ने किया। विशिष्ट अतिथि हरीवंश लाल नागेंद्र वाल्मीकि आकाश आनंद पंकज धर्मानी पवन वाल्मीकि राम स्वरूप गौतम वाल्मीकि गौरव सम्मान दर्शन लाल जितेंद्र वाल्मीकि नानक चंदए पप्पू सरन हरि प्रसाद वाल्मीकि राकेश भारती सुरेंद्र सरन पूनम वाल्मीकिए वाल्मीकि संगीत सम्मान महंत आजाद भारती नवीन वाल्मीकि राजा वाल्मीकन कुशाग्र अंगद वाल्मीकन शिवम वाल्मीकन शिवम कटियार को दिया गया। मेधावी सम्मान के तहत हाईस्कूल में जिले में पांचवां स्थान पाने वाली अनुष्का वाल्मीकि के अलावा काजल राधिका जतिन सिंहए शालिनी सिंह रीवा राधिका पूजा वाल्मीकि विशाल वाल्मीकिअनुज सिंह अर्चना सिंह को सम्मानित किया। पत्रकार राम जी सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ राधा वाल्मीकि सुरेंद्र सरन दर्शन लाल राम बाबू जितेंद्र पप्पू नानक चंद्रिका राकेश भारती आकाश आंनद अखिलेश कुमार राहुल विराट आकाश वाल्मीकि आशीष इंकलाबी रजत वाल्मीकि दिनेश वाल्मीकि ऋषभ कुमार कुंवर विकेन्स सरोज कुमारी ज्योति सपना बबली आयुष्मान राहुल कुमार अभिजीत अभिनभ निकिट रितेश ने भाग लिया। संस्था की ओर से सभी को प्रतीक चिह्न भेंट किए गए।

# एडीओ पंचायत ने चौपल लगा सुनीं समस्याएं

संवाददाता। सीतापुर



**ब्लाक मछरेहटा** क्षेत्र की ग्राम पंचायत रालामऊ में अधिकारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एडीओ पंचायत मछरेहटा संदीप कुमार ने पंचायत विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। एडीओ कृषि मुकेष कुमार ने कृषि में मिलने वाले अनुदान के बारे में बताया ग्राम विकास अधिकारी विनय लोधी ने विकास विभाग की योजनाओं पर प्रकाष डाला। चौपाल में 8 षिकायती पत्र प्राप्त हुए। इस मौके पर बीडीओ मछरेहटा ओमप्रकाष, सहकारिता से मयंक बाजपेई, एडीओ समाज कल्याण, अमिताभ वर्मा, एडीओ पंचायत संदीप कुमार, तकनीकी सहायक मुन्नी लाल, पषु चिकित्सा अधिकारी डा. रितेष कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अरविन्द कुमार, पंचायत सहायक रिचा षेखर सहित रालामऊ ग्राम पंचायत के ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रहीं।

### चौपाल लगाकर सुनीं गईं ग्रामीणों की समस्याएं

**ब्लाक कसमंडा** के पूर्व माध्यमिक विद्यालय भिठौली में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। ब्लाक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी की अध्यक्षता में जन चौपाल संपन्न हुई। चौपाल में मात्र एक षिकायत आई। इस मौके पर प्रधान भिठौली डा. विमल कुमार भार्गव, सहायक विकास अधिकारी कसमण्डा पंचायत दिनेश कुमार यादव, एडीओ आई एस बी शिवप्रकाश दुवे, एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद्र, जेई एम आई अजय खुराना, एडीओ सहकारिता आशुतोष धुर्वे, ग्रामपंचायत अधिकारी जीतेन्द्र कुमार शुक्ला, पशुधन प्रसार अधिकारी शोहन कुमार पांडेय, प्रभारी सीडीपीओ रूपाली बाजपेई, पीपीएस ऋषि विभाग रंजीत कुमार, एटी.एम अनुपम शुक्ला, प्रधान ग्रामपंचायत कल्यानपुर शंतोष कुमार भार्गव, प्रधान प्रतिनिध ग्रामपंचायत फूलपुर शुसील कुमार भार्गव, प्रधान प्रतिनिध ग्रामपंचायत महोत्तेपुर संदीप कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गोला में 35 प्रभारी अधिकारी और 68 सहायक प्रभारी अधिकारी कराएंगे चुनाव

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**विधानसभा निर्वाचन** क्षेत्र गोला गोकरननाथ के उपनिर्वाचन 2022 को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की बैठक लीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का सफल संचालन उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्एडीएम संजय कुमार सिंह ने की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरननाथ के उपनिर्वाचन 2022 निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराना सभी की जिम्मेदारी है। विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में अधिकारी.कर्मचारी मुस्तैदी से जुट जाएं। डीएम ने प्रभारी अधिकारियोंए सहायक प्रभारी अधिकारियों को चुनाव में उनके उत्तरदायित्व बताएए उन्हें जरूरी दिशा.निर्देश दिए। निर्वाचन को सफल कराना सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए जिन्हें जो जिम्मेदारी दी गई हैए वह उसके अनुसार अपनी तैयारी सुनिश्चित कर लें। सभी तैयारियों को आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरा कराने के निर्देश दिए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने सभी प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के निर्वाचन में उनके कार्य दायित्व समझाएए उनकी दिवसवार रणनीति जानी। सीडीओ ने सभी अधिकारियों सभी प्रश्नों का एक.एक कर जवाब दिया। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंहए डीएफओ संजय विश्वासए एडीएम संजय सिंहए सीएमओ डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठीए एएसपी अरुण सिंहए सहित सभी प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का दशहरा महोत्सव संपन्न

**लखीमपुर-खीरी।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के निर्देशन में बंधन पैलेस में दशहरा महोत्सव बहुत ही शानदार जानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्रद्धा सिंह एसडीएम रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति में त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दशहरे का त्योहार अच्छाई की बुराई पर और सत्य की असत्य पर विजय के रूप में प्रतिवर्ष मनाते हैं। उन्होंने ने कहा कि त्रेतायुग से लेकर आज तक इस कलियुग में यह मान्यता और सत्य स्थापित है कि सत्य और अच्छाई की सदैव विजय होती है। इसी सत्य को बार बार दोहराने के लिए रावण रुपी बुराई और असत्य को प्रति वर्ष दहन करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सुमन सिंह ने दीप प्रज्वलन एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। महासभा की सदस्याओं ने उनका स्वागत एक गीत के माध्यम से तथा सीमा सिंह ने माला पहना कर किया। दशहरे के रंगारंग कार्यक्रम में छोटी बालिकाओं में भाविका चौहान इषिता सेंगर और क्षत्राणियों में ऐश्वर्या चौहान निकिता सिंह ज्योति रुचि कंचन अंकिता नैना स्नेहा प्रियम आदि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। सीमा सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ सुशीला सिंह ने किया। मुख्य अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम का समापन सामूहिक नृत्य व प्रीति भोज से किया गया।

## क्विक न्यूज

### ओडीएफ योजना में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत पर भुगतार पर लगी रोक

**रामपुरमथुरा सीतापुर।** ब्लाक रामपुर मथुरा क्षेत्र में ओडीएफयोजना में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद आरोपी कंपनियों और व्यक्तियों को किसी भी तरह के कार्य में भुगतान पर रोक लगा दी गई है। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा की गई शिकायत के बाद जिलाधिकारी सीतापुर अनुज सिंह ने मामले में जांच पूर्ण होने तक किसी भी तरह के कार्य हेतु कोई भी भुगतान करने पर पाबंदी लगाई है। प्रकरण में डीएम ने 3 सदस्यीय समिति गठित करते हुए जांच कर पूर्ण कार्रवाई से एक पक्ष में उपलब्ध कराने को कहा है। समिति में सीडीओ अक्षत वर्मा, डीडीओ हरीश चन्द्र प्रजापति, वरिष्ठ कोषाधिकारी जान्हवी मोहन को शामिल किया गया है।

### भुगतान न करने वाली संस्थाओं को दिए निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मामले में अरुणिमा ट्रेडिंग कंपनी, मौर्या ट्रेडर्स कंपनी, कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, मुंशी शिव पूजन, मुंशी उमाशंकर और मुंशी विनय कुमार आदि संस्थाओं व्यक्तियों को किसी भी प्रकार का कोई भुगतान न करने के निर्देश दिए है। बता दें कि ब्लाक रामपुर मथुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अधिकारी/प्रभारी एडीओ पंचायत अभय चन्द्र मौर्य आदि पर आरोप है कि उन्होंने ओडीएफयोजना में 69 लाख 74 हजार 989 रुपए का भ्रष्टाचार किया है। वित्तीय गबन कर धनराशि अपनी पत्नी अरुणिमा व अन्य परिजनों एवं निजी लोगों के नाम पर बनाई गई चार फर्मों के जरिए भुगतान करा लिया। इस संबंध में सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने 6 अक्टूबर 2022 को सरकारी धनराशि आहरित कर बंदरबांट किए जाने की शिकायत की है। जिलाधिकारी ने संबंधित संस्थाओं को ब्लैक लिस्टेड कराकर कृत कार्रवाई सहित आख्या 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने को कहा है।

### गायत्री परिवार ने आयोजित किया युवा सम्मेलन

**सीतापुर।** गायत्री परिवार लखनऊ द्वारा आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं कन्या कौषल शिविर युवा सम्मेलन कार्यक्रम में आयोजित दीप महायज्ञ में देव संस्कृति विष्व विद्यालय के प्रतिकुलपति डा. चिन्मय पंडया षामिल हुए। डा. चिन्मय पंडया ने युवाओं से आवहन किया कि वर्तमान समय को पहचान कर निहित स्वार्थों को छोड़कर महाकाल के कार्य करने के लिए वह आगे आएं। दीप यज्ञ का संचालन टोली नायक पंडित ष्याम बिहारी दुबे ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आईएएस राजेन्द्र, अनिलेष तिवारी, मेजर वी.के खरे, निर्मला पांडेय, डा. सचान, अनिल तिवारी, अरविन्द निगम, सुधांषु सिंह, संजय चर्तुवेदी, आषीष त्रिपाठी, ललित दीक्षित सहित गायत्री परिवार के तमाम कार्यकर्ता षामिल हुए।

### रामलीला मंचन में हुआ भरत मिलाप

**सीतापुर।** लहरपुर नगर की रामलीला मंचन के क्रम में शुक्रवार को भरत मिलाप और राजगद्दी का मंचन वृंदावन से पधारे कलाकारों ने किया। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में राम और भरत के मिलाप का भावपूर्ण मंचन देख दर्शक मंत्र मुग्ध हुए। श्री वृंदावन धाम रासलीला मंडल के कलाकारों को खूब सराहना मिली। श्रीरामलीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए दर्षकों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रीराम का तिलक करने के बाद भव्य आतिषबाजी हुई। कमेटी अध्यक्ष प्रमोद टंडन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पराली जलाते दो किसानों पर हुई कार्रवाई



**मोहम्मदी.खीरी।** उपजिलाधिकारी ने बताया कि पराली जलाना मना है। प्रदूषण को रोकने के लिए एनजीटी और सरकार द्वारा इसे मना किया गया है। इसके बावजूद भी कुछ किसान इसे जला रहे हैं जिससे प्रदूषण भी हो रहा है। इसके लिए कृषि पुलिस और राजस्व निरीक्षक लेखपाल आदि की टीम गठित की गई है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार की टीम गठित किया गया है। आज औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें गांव दुल्हापुर में बलवीर सिंह और पढ़री गांव में बलजीत सिंह खेत में पराली जलाते पाए गए। इनके खिलाफसंबंधित धारा में कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है तथा अर्थदंड लगाया गया। उन्होंने किसानों से अपील है कि पराली न जलाएं नहीं तो एफआईआर दर्ज होगी और अर्थदंड भी वसूला जाएगा। सभी प्रधान लेखपाल सचिव कृषि विभाग के कर्मचारी आदि गांव में बैठक करें। कोई भी पराली जलाए तो मोबाइल नमबर 9454416568 पर जानकारी दे सकते हैं।

### मायके जा रही महिला की दुर्घटना में मौत

**बरेली** ।मायके जा रही एक महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गइ । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव कंजादास पुर निवासी रहमान की 36 वर्षीय पत्नी मरियम की बीती रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। घर वालों ने बताया कि मरियम कल दिन में बिशारतगंज थाने के गांव मझगवा स्थित अपने मायके जाने के लिए घर से निकली थी वह किसी वाहन से उतरकर मायके के पास ही सड़क पार कर रही थी तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जिसने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा देर रात मरियम ने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### थोक विक्रेताओं व दुकानदारों के लिये ऑफर

**लखनऊ।** त्योहारी मौसम में शहर के थोक विक्रेताओं और दुकानदारों के लिये बीटूबी होलसेल प्लेटफार्म अपना क्लब ने अनेक ऑफर्स की घोषणा की है। इस ऑफर्स का लाभ अपनाक्लब के ऐप पर उठाया जा सकता है। कंपनी के सह.संस्थापक और सीईओ श्रुति ने कहा भारत के विभिन्न शहरों में हम जो प्रगति कर रहे हैं उसे देखकर हम खुश है त्योहारी सीजन के लिए हम अपने ग्राहकों के लिए कई रोमांचक लाभ लेकर आए हैं हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं की यह त्योहारों का महीना हमारे साथ जुड़े हुए सभी थोक विक्रेताओं और दूकानदारों के लिए कैसा जाता है। वहीं सह.संस्थापक और सीओओ मनीष कुमार ने कहा अपनाक्लब के माध्यम से हमारा लक्ष्य डिजिटल थोक आपूर्ति की सुविधा लाना और साथ ही अपने कस्टमर्स को अत्यंत लाभ देना है।

### बच्चों के लिए लांच की कॉमिक्स

**बरेली।** एफएमसीजी कंपनी बीएल एग्रो के प्रमुख ब्रांड बैल कोल्हू कच्ची घानी ने कॉमिक्स पढ़ना कूल है अभियान के तहत आज हिंदी और अंग्रेजी में बैल कोल्हू कॉमिक्स लॉन्च की बैल कोल्हू कॉमिक्स की लॉन्चिंग के मौके पर बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल ने कहा यह ब्रांड कई दशकों से शुद्ध गुणवत्ता वाले उत्पादों के अपने वादे से परिवार के लोगों के स्वास्थ्य का पोषण कर रहा है। लीड्स ब्रांड कनेक्ट की मैनेजिंग डायरेक्टर ऋचा खंडेलवाल ने कहा जो लोग बिना मोबाइल टीवी के जमाने में पले.बढ़े हैं उन्हें कॉमिक्स पढ़ने और आपस में बदलने और नई कहानी के इंतजार का मजा याद होगा।

# पेज एक का शेष

### कारपोरेट नहीं...

भी तरह से मदद नहीं की है। उन्होंने ने कहा कि यदि पूरा तंत्र पक्षपात करके सिर्फ दो-तीन लोगों की मदद करने लगेगा, तो हिंदुस्तान का नुकसान होगा। यदि राजस्थान सरकार ने अडाणी को गलत तरीके से कारोबार दिया, तो वह इसके खिलाफ भी बोलेंगे। नियमों के मुताबिक बिजनेस दिया गया है, तो कोई दिक्कत नहीं है। इनवेस्ट राजस्थान समिट के दौरान उद्योगपति गौतम अडाणी की प्रशंसा करने के बाद कांग्रेस का मजाक उड़ाने के लिए भाजपा की निंदा करते हुए गहलोत ने कहा कि यह कोई निजी कार्यक्रम नहीं था। इसमें 3,000 प्रतिनिधि मौजूद थे। इस समिट में अडाणी समूह के अध्यक्ष और एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति गौतम अडाणी गहलोत के बगल वाली कुर्सी पर बैठे थे। अडाणी ने अगले पांच से सात वर्षों में राजस्थान में 65,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना की घोषणा की, जिसमें 10,000 मेगावाट की सौर ऊर्जा सुविधा की स्थापना, सीमेंट संयंत्र का विस्तार और जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास शामिल है।

### खड़गे व...

के दो उम्मीदवार आमने-सामने हैं। अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को मतदान होगा। पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि शनिवार को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि तक किसी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव में आमने-सामने दोनों लोगों की एक हैसियत है, एक दृष्टिकोण है और वे कद्दावर तथा अच्छी समझ रखने वाले व्यक्ति हैं। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी रिमोट कंट्रोल से चलने वाला होगा। सच कहूं तो ये बातें उन्हें अपमानित करने वाली हैं। भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा में वह अकेले नहीं हैं, बल्कि लाखों लोग इसमें शामिल हैं, क्योंकि वे बेरोजगारी, महंगाई और असमानता से थक चुके हैं।

### बाढ़ मुक्त...

वादा किया था। हमने प्रथम दो लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। हमें और पांच साल दीजिए, हम असम को बाढ़ मुक्त बना देंगे। उल्लेखनीय है कि तकरीबन हर वर्ष, असम में बाढ़ तीन-चार बार तबाही मचाती है। राज्य सरकार की वेबसाइट के मुताबिक, इस आपदा से औसत वार्षिक नुकसान 200 करोड़ रुपए का होता है। शाह ने कहा कि इस समस्या के बारे में शुक्रवार शाम विभिन्न हितधारकों के साथ विस्तार से चर्चा की और पूर्वोत्तर परिषद के तत्वाधान में एक महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा, पांच वर्षों में बाढ़ इतिहास बन जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम को बाढ़ मुक्त राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी आंतरिक सुरक्षा में यकीन रखती है इसलिए सशस्त्र बल (विशेष अधिकार)अधिनियम,1958 (आफ्सपा) जैसे कानून की समाज में जरूरत नहीं है और इसे पूर्वोत्तर क्षेत्र के करीब 80 प्रतिशत क्षेत्र से हटा लिया गया है। उन्होंने कहा, आफ्सपा सेना और सुरक्षा बलों के लिए कवच है। राहुल गांधी ने घोषणा की थी कि यदि उनकी पार्टी (कांग्रेस) सत्ता में आती है तो आफ्सपा हटा लिया जाएगा। मैंने कहा था कि सुरक्षा बलों को मजबूत किए जाने की जरूरत है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए शाह ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान असम को अलविदा कहा था और कांग्रेस यह भूल गई कि पूर्वोत्तर अस्तित्व में है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र आकार में उत्तर प्रदेश से तीन गुना बड़ा है और यह अलगाववादी एवं उग्रवादी गतिविधियों वाला रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को तोड़ने की कोशिशों को खामोशी से देखा। सिर्फ मोदी ने इस स्थान के लिए और पूर्वोत्तर को एकजुट करने के लिए काम किया। शाह ने कहा, कांग्रेस और भारत जोड़ो यात्रा पर जाने वाले लोग सुन लीजिए। यह इस बात का उदाहरण है कि कैसे पूर्वोत्तर को एक भाषण तक दिए बगैर एकजुट किया गया।

### एयरफोर्स डे...

की 90वीं वर्षगांठ के अवसर पर कर्मियों के लिए नए पैटर्न की लड़ाकू वर्दी पेश कर रहे हैं। भारतीय वायुसेना की 90वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां वायुसेना स्टेशन में अपने संबोधन में चौधरी ने कहा कि बहुआयामी अभियानों की सफलता की चाबी लचीली, ठोस और अतिरिक्त कमान तथा नियंत्रण ढांचा है जो संयुक्त बल को आयामों पर वर्चस्व कायम करने देगा। उन्होंने कहा कि कोई एकल सेवा अपने बलबूते लड़ाई नहीं जीत सकती, इसलिए तीनों सेवाओं के बीच संयुक्तता (तालमेल) बढ़ाने का काम चल रहा है। इस मौके पर वायुसेना कर्मियों की युद्धक वर्दी का नया पैटर्न जारी किया गया। हथियार प्रणाली शाखा के गठन पर उन्होंने कहा कि आजादी के बाद वायुसेना में पहली बार एक नई अभियानगत शाखा बनाई जा रही है। चौधरी ने कहा कि नई शाखा अनिवार्य रूप से सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, दूर से संचालित विमानों और दो एवं बहु चालक दल वाले विमानों में विशेष हथियार प्रणाली संचालकों से संबंधित शाखाओं को मजबूत बनाने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि इस शाखा की स्थापना से उड़ान प्रशिक्षण पर होने वाले खर्च में कमी आने से 3,400 करोड़ रुपए की बचत करने में मदद मिलेगी।

### सैन्य विमानों...

खेर भी उपस्थित थीं। विमानों के आसमान में करतब दिखाने से पहले यहां एयरफोर्स स्टेशन में वायुसेना प्रमुख वी आर चौधरी की उपस्थिति में सुबह में एक पारंपरिक परेड का आयोजन किया गया। मुर्मू के यहां पहुंचने पर उन्हें सलामी गारद दी गई। राष्ट्रपति के तौर पर चंडीगढ़ की उनकी यह पहली यात्रा है। हाल में वायुसेना में शामिल किए गए हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड ने भी तीन विमानों की संरचना में आसमान में अपना शौर्य प्रदर्शित किया। हल्के लड़ाकू विमान तेजस के साथ-साथ सुखोई, जगुआर, राफेल, आईएल-76, सी-130जे और हॉक भी फ्लाई पास्ट का हिस्सा थे। अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, अपाचे और एमआई-17 ने भी हिस्सा लिया।

### दुर्घटनाग्रस्त होने...

आगे रवाना होने पर दनकौर स्टेशन से पास स्टेशन मास्टर बृजेश कुमार एवं प्वाइंटमैन बृजेश कुमार ने उसी कोच में फिर कुछ अनुचित पाया और ओएचई को बंद कर ट्रेन रोकी गई। जांच में पाया गया कि, ट्रेन की ट्रैक्शन मोटर में बियरिंग गड़बड़ है जिसे खुर्जा से गैस कटर मंगवा कर काटा गया। सुरक्षा की दृष्टि से और यात्रियों की असुविधा को न्यूनतम करने के उद्देश्य से दिल्ली से शताब्दी एक्सप्रेस की रैक मंगा कर 12.57 बजे सभी 1068 यात्रियों को इसमें स्थानांतरित कर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने इन सतर्क रेल कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन रेल कर्मियों की सतर्कता ही रेल संरक्षा का आधार है।

### दो साल...

है। उल्लेखनीय है कि प्रथम शाही ट्रेन वर्ष 1982 में शुरू की गई थी। रेलवे द्वारा समय पर अमान परिवर्तन के कारण मीटर गेज के बजाय ब्रॉडगेज पर चलने वाली दूसरी ट्रेन वर्ष 1991 में और 1995 ऑमें तीसरी शाही ट्रेन का निर्माण किया गया। यह शाही रेलगाड़ी सात दिन में दिल्ली व आगरा के अलावा राजस्थान के खूबसूरत शहरों जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर तथा भरतपुर की यात्रा कराती है।

### पूर्व राज्यपाल...

की रिश्वत की पेशकश की गई थी। उन्होंने कहा था, कश्मीर जाने के बाद, दो फाइल मेरे पास (मंजूरी के लिए) आईं, इसमें से एक अंबानी की थी और दूसरी आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) से जुड़े एक व्यक्ति की, जो महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती पीडीपी-भाजपा गठबंधन सरकार में मंत्री थे और प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) के बहुत करीब होने का दावा करते थे। मलिक ने पिछले साल अक्टूबर में राजस्थान के झुंझुनू में एक सभा में कहा था, मुझे दोनों विभागों के सचिवों द्वारा सूचित किया गया था कि यह एक घोटाला है और मैंने तदनुसार दोनों सौदे रद्द कर दिए। सचिवों ने मुझसे कहा था कि आपको प्रत्एक फाइल को मंजूर करने के लिए 150 करोड़ रुपए मिलेंगे , लेकिन मैंने उनसे कहा कि मैं पांच कुर्ता-पायजामा लेकर आया हूं और उसी के साथ जाऊंगा। इस साल अप्रैल में, सीबीआई ने मलिक द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में दो प्राथमिकी दर्ज कीं, जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए एक सामूहिक चिकित्सा बीमा योजना और पूर्ववर्ती राज्य में कि-रू जलविद्युत परियोजना से संबंधित 2,200 करोड़ रुपए के सिविल कार्य के लिए ठेके प्रदान करने से संबंधित थी। केंद्रीय एजेंसी ने जम्मू कश्मीर सरकार के कर्मचारियों के लिए उस विवादास्पद स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित अपनी प्राथमिकी में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और ट्रीनिटी री-इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड को आरोपी बनाया है।

# किसी दल के पास भाजपा से लड़ने की विचारधारा, मंशा और ताकत नहीं : नड्डा

**भाषा।** गुवाहाटी



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शनिवार को दावा किया कि देश में किसी अन्य दल के पास भाजपा की शक्ति से लड़ने की विचारधारा, मंशा और ताकत नहीं है, जिसका उत्कर्ष जारी है। भाजपा की असम इकाई के नए कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी हर राज्य में परिवार के नेतृत्व वाली सभी पार्टियों के खिलाफ लड़ रही है।

उन्होंने कहा, किसी भी पार्टी के पास भाजपा से लड़ने की विचारधारा, मंशा और ताकत नहीं है। कोई भी पार्टी इतनी बड़ी जनसभा नहीं कर सकती, जितनी भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की बैठक से कर रही है। इस पार्टी को कोई नहीं रोक सकता। भाजपा असम के अध्यक्ष भाबेश कलिता ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि लगभग 40,000-45,000 बूथ कार्यकर्ता खानापारा के वेटेनरी कॉलेज खेल मैदान में अपने नेताओं को सुनने के लिए इकट्ठा होंगे। जम्मू कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे दर्जनों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का उदाहरण देते हुए नड्डा ने कहा, हम हर जगह परिवार-उन्मुख पार्टियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने परिवार संचालित दलों की सूची में ओडिशा के बीजू जनता दल (बीजद) और आंध्र प्रदेश के युवजन श्रमिक रैतू (वाईएसआर) कांग्रेस पार्टी का भी उल्लेख किया, हालांकि इन दोनों पार्टियों ने पहले संसद में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के कई फैसलों का समर्थन किया था। नड्डा ने दावा किया कि नरेंद्र (नरेंद्र) मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने असम और पूर्वोत्तर को मुख्य धारा में लाया, जबकि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान केंद्र ने इस क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को अलग भूमि के व्यक्ति के रूप में देखा था। उन्होंने कहा, मोदी ने एक्ट ईस्ट पॉलिसी शुरू की और सर्बानंद सोनोवाल और हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम सरकार ने विकास परियोजनाओं को लागू किया। असम और पूर्वोत्तर की तस्वीर आज बदल गई है। नड्डा ने कहा कि यह क्षेत्र कभी बंद, आंदोलन, उग्रवाद, बम विस्फोट और शवों के लिए जाना जाता था, लेकिन मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण पूर्वोत्तर में शांति लौट आई है। नड्डा ने यहां पार्टी के नए राज्य कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद दावा किया कि भाजपा एकमात्र ऐसी राष्ट्रीय पार्टी है, जिसे बड़े पैमाने पर फॉलो (सोशल मीडिया पर) किया जाता है क्योंकि यह सिद्धांतों और मूल्यों वाली पार्टी है।



गुवाही के खानापुरा मैदान में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिसवा व अन्य नेतागण



पटना में पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस

## तमिलनाडु की सरकार ने ऑनलाइन जुए, खेलों पर रोक वाला अध्यादेश जारी किया

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु सरकार** ने राज्य में ऑनलाइन जुए पर रोक लगाने और ऑनलाइन खेलों के नियमन के लिए एक अध्यादेश जारी किया है। राज्य सरकार का कहना है कि इस अध्यादेश द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिए एक ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण की स्थापना की जाएगी।

सरकार की ओर से इस संबंध में तीन अक्टूबर को एक गजट अधिसूचना जारी की गई थी। एक अक्टूबर को राज्यपाल आर एन रवि द्वारा जारी अध्यादेश में कहा गया है कि तमिलनाडु ऑनलाइन जुआ निषेध और ऑनलाइन गेम के नियमन अध्यादेश-2022 सरकार द्वारा अधिसूचित तारीख पर लागू होगा। ऑनलाइन गेम और जुए ने कई परिवारों को तबाह कर दिया है। इसके कारण कई लोग आत्महत्या कर रहे हैं, गेमिंग की लत ने लोगों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया है। इसके परिणामस्वरूप सामाजिक व्यवस्था भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इस अध्यादेश के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने और उसे सौंपे गए कार्यों को करने के लिए तमिलनाडु ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी के नाम से एक प्राधिकरण भी स्थापित किया जाएगा। यह प्राधिकरण ऑनलाइन गेम को विनियमित करेगा, स्थानीय ऑनलाइन गेम प्रदाताओं को पंजीकरण का प्रमाण पत्र जारी करेगा, इसके अलावा रम्मी और पोकर जैसे ऑनलाइन गेम की पहचान भी करेगा। अधिसूचना के मुताबिक ऑनलाइन जुआ सेवाएं प्रदान करने वाला कोई भी व्यक्ति या पैसे या अन्य दांव के साथ अनुसूची में निर्दिष्ट प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को तीन साल के कारावास या 10 लाख रुपए के जुर्माने या दोनों से दंडित किया जाएगा। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने 26 सितंबर को इस अध्यादेश को मंजूरी दी थी।

## चंबा में 13 अक्टूबर को एक जनसभा को संबोधित करेंगे मोदी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 अक्टूबर को राज्य के चंबा जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह मोदी का पिछले नौ दिनों में हिमाचल प्रदेश का दूसरा दौरा होगा। इससे पहले उन्होंने पांच अक्टूबर को बिलासपुर और कुल्लू जिलों का दौरा किया था। ठाकुर ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री अपने दौरे के दौरान प्रसिद्ध चंबा चौगान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री 180 मेगावाट की बाजोली जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन भी करेंगे तथा 48 मेगावाट की चंजू-तृतीय जलविद्युत परियोजना और 30.5 मेगावाट की देवथल चंजू जलविद्युत परियोजना की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी 13 अक्टूबर को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-तीन) का शुभारंभ भी करेंगे।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र में गढ़चिरौली में 10 लाख रुपए के दो इनामी नक्सली गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने 10 लाख रुपए के दो इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में से एक को उसके वरिष्ठों ने उत्तरी गढ़चिरौली में दलम (समूहों) को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा था। साल 2021 में मर्दिनटोला में हुई मुठभेड़ों में इन समूहों को समाप्त कर दिया गया था। इनमें 27 नक्सली मारे गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान धनोरा के सावरगांव इलाके से कृष्णा उर्फ सन्नीराम नरोटे (24) और संकरम नरोटे (22) को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार ने दोनों के बारे में कोई भी जानकारी देने पर 10 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

### तेलंगाना में महिला नक्सली का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना एवं छत्तीसगढ़ में हिंसा की कई घटनाओं में वांछित महिला नक्सली अलुरी उषा रानी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। यहां शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक रानी ने स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते यह कदम उठाया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अलुरी उषा रानी उर्फ विजयक्का उर्फ पोचक्का को अहसास हुआ कि मौजूदा डिजिटल क्रांति के युग और सरकार की कल्याणकारी एवं जनहितकारी नीतियों के मद्देनजर वर्तमान परिस्थितियों में नक्सलियों के लिए हिंसा के रास्ते पर चलने का कोई आधार नहीं है। महिला नक्सली ने तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक एम. महेंद्र रेड्डी की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया। बयान के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाली नक्सली का राज्य सरकार की नीति के तहत पूर्ण पुनर्वास किया जाएगा और तात्कालिक जरूरतों के लिए 50 हजार रुपए नकद दिए जाएंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि रानी ने तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में कुल 14 अपराध किए। पुलिस महानिदेशक ने नक्सलियों से मुख्यधारा में शामिल होने और रचनात्मक हिस्सेदारी के जरिए देश की प्रगति में योगदान देने की अपील की।

### सीबीआई ने तेजस्वी यादव के निकट सहयोगी से की पूछताछ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निजी सचिव से रेलवे में कथित तौर पर जमीन के बदले नौकरी घोटाले के संबंध में पूछताछ की। यह कथित घोटाला तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद के मंत्री रहने के दौरान का है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई द्वारा तेजस्वी के पिता लालू प्रसाद, मां राबड़ी देवी और बहन मीसा भारती के खिलाफ मामले में आरोपपत्र दाखिल करने के एक दिन बाद संजय यादव को शनिवार को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया गया था। उन्होंने कहा कि संजय यादव को पहले भी तलब किया गया था, लेकिन उन्होंने सीबीआई के नोटिस को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी थी। अधिकारियों ने बताया कि संजय यादव ने 2015 में तेजस्वी के उप मुख्यमंत्री रहने के दौरान भी उनके निजी सचिव के तौर पर काम किया था।

### जीतने पर उदयपुर घोषणापत्र लागू करूंगा: मल्लिकार्जुन

**हैदराबाद।** कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि अगर वह चुनाव जीतते है तो वह पार्टी के 50 प्रतिशत पदों की पेशकश 50 साल से कम उम्र के लोगों को करने के उदयपुर घोषणापत्र के प्रस्ताव को लागू करेंगे। खरगे का यह बयान इन सुझावों के बीच आया है कि कांग्रेस का नेतृत्व एक युवा नेता द्वारा किया जाना चाहिए। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, यह कांग्रेस में पद को लेकर नहीं है। कई लोग जो छोड़कर चले गए, वे ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) और आयकर विभाग के भय से गए। युवाओं के लिए, जैसा कि मैने कहा है, उदयपुर घोषणापत्र में, हमने 50 प्रतिशत सीटें 50 साल से कम आयु के लोगों को देने का वादा किया था और मै वह करूंगा। जब हर कोई मुझे इस पद पर देखना चाहता है, मै उन्हें धन्यवाद देता हूं। खरगे इस चर्चा को लेकर पूछे गए एक सवाल उत्तर दे रहे थे कि 80 वर्षीय खरगे, 75 वर्ष की सोनिया गांधी की जगह ले रहे है और कांग्रेस का नेतृत्व एक युवा नेता को करना चाहिए।खरगे कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए अपने प्रचार अभियान के तहत हैदराबाद में थे। तेलंगाना में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) द्वारा अपना नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) करने और राष्ट्रीय स्तर पर उतरने का निर्णय करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रीय दलों ने स्वयं को अखिल भारतीय नाम दिया है। उन्होंने कहा कि वह उदयपुर घोषणापत्र को लागू करने के लिए प्रयास करेंगे। खरगे ने अपने दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों को संबोधित किया।

## पंजाब पुलिस ने सीमा पार से संचालित होने वाले हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने चार लोगों को अत्याधुनिक आग्नेयास्त्रों के साथ गिरफ्तार कर सीमा पार से ड्रोन के जरिए संचालित किए जाने वाले एक हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कहा कि इसके साथ ही उसने राज्य में अशांति फैलाने की पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) के मंसूबे को नाकाम कर दिया। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक ट्वीट में कहा, आतंकवाद रोधी अभियान में पंजाब पुलिस की खुफिया शाखा ने सीमा पार से ड्रोन के जरिए संचालित होने वाले एक हथियार तस्करी मॉडयूल का भंडाफोड़ किया तथा चार लोगों को अत्याधुनिक आग्नेयास्त्रों के साथ गिरफ्तार किया। इस तरह, उसने पंजाब में अशांति फैलाने के आईएसआई के मंसूबे को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब को सुरक्षित बनाने पर केंद्रित यह अभियान तस्करी नेटवर्क के लिए बहुत बड़ा झटका है।

## क्या केवल पत्थरबाजों के लिए मानवाधिकार है, पत्थर से चोटिल लोगों के लिए नहीं : गुजरात के मंत्री

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात में** पथराव करने के आरोपी कुछ मुस्लिम व्यक्तों की पुलिसकर्मियों द्वारा सार्वजनिक रूप से बेंत से की गई पिटाई के कारण उपजे विवाद के बीच राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पूछा है कि क्या मानवता केवल पत्थरबाजों के लिए है, क्या पत्थर से चोटिल हुए लोगों के लिए कोई मानवाधिकार नहीं है। पुलिस ने इस सप्ताह की शुरुआत में खेड़ा जिले के उंधेला गांव में गरबा नृत्य के प्रतिभागियों पर कथित रूप से पथराव करने के बाद आरोपी अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की पिटाई की थी। बेंत से पिटाई करते कुछ पुलिसकर्मियों की कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था, जिसके बाद घटना की जांच के आदेश दिए गए।

पुलिस ने पथराव में कथित रूप से शामिल पांच और लोगों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था और इसी के साथ इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस मामले में आपराधिक साजिश रचे जाने के कोण से भी जांच की जा रही है। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में सांघवी ने कहा, मैं नहीं समझ पा रहा कि क्या मनावता का अस्तित्व केवल पत्थरबाजों के लिए है? क्या उन महिलाओं और बच्चों के लिए कोई मानवाधिकार नहीं है जिनके सिर पर पत्थर लगे? क्या इनके पास मानवाधिकार नहीं होना चाहिए? राज्य गृह मंत्री ने लोगों से पूछा कि क्या गरबा नृत्य का आयोजन सार्वजनिक रूप से नहीं होना चाहिए। इस बीच, इस मामले की जांच कर रहे विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) के महानिरीक्षक ध्रुवराज चुडासमा ने कहा कि पुलिस मामले की जांच आपराधिक साजिश के कोण से भी कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी में कुल 43 लोगों के नाम है। इस मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए आरोपियां को स्थानीय अदाल ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ध्रुवराज ने कहा कि 43 आरोपियों में से अब तक 18 को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से वकीलों के एक समूह ने शुक्रवार को खेड़ा के पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई। वकीलों ने उंधेला के सरपंच पर साजिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मस्जिद के पास गरबा का आयोजन करके मुस्लिम समुदाय के सदस्यों को उकसाया गया। नवरात्र के दौरान गत सोमवार की रात किए गए पथराव में एक पुलिसकर्मी समेत सात लोग घायल हुए थे। हमलावर मस्जिद के पास गरबा के आयोजन का विरोध कर रहे थे। इस घटना के अगले दिन एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ जिसमें कथित रूप से दिखया गया कि गिरफ्तार किए गए 13 आरोपियों में से तीन लोगों को गांव के एक बिजली के खंभे से बांधकर पुलिसकर्मी बेंत से पीट रहे हैं।

## देश के मुकाबले झारखंड में लड़कियों में बाल विवाह की दर अधिक : गृह मंत्रालय

**रांची।** जादू टोना हत्याओं के लिए कुख्यात झारखंड में लड़कियों का बाल विवाह का प्रतिशत सबसे अधिक होने के कारण प्रदेश की बहुत बदनामी हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नवीनतम जनसांख्यिकीय नमूना सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

गृह मंत्रालय के महापंजीयक और जनगणना आयुक्तालय द्वारा किए गए हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, झारखंड में लड़कियों के बालिग होने से पहले उनका विवाह करने का प्रतिशत 5.8 है। सर्वेक्षण के मुताबिक, राष्ट्रीय स्तर पर 18 साल की उम्र से पहले विवाह करने वाली लड़कियों का प्रतिशत 1.9 है, जबकि केरल में यह 0.0 है और झारखंड में 5.8 तक है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि झारखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में क्रमश: 7.3 प्रतिशत और तीन प्रतिशत लड़कियों का बाल विवाह हुआ है। नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट में दुनिया के सबसे बड़े जनसांख्यिकीय सर्वेक्षणों में से एक के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर विभिन्न जनसांख्यिकीय, प्रजनन क्षमता और मृत्यु दर के अनुमान शामिल हैं। इस रिपोर्ट में लगभग 84 लाख लोगों ने हिस्सा लिया है। सर्वेक्षण 2020 में किया गया था और आंकड़े पिछले महीने के अंत में प्रकाशित किए गए थे। झारखंड और पश्चिम बंगाल देश के दो ऐसे राज्य हैं जहां आधी से ज्यादा महिलाओं की शादी 21 साल की उम्र से पहले कर दी जाती है। सर्वेक्षण के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में जहां 54.9 प्रतिशत लड़कियों की विवाह 21 साल की उम्र से पहले किया जाता है, वहीं झारखंड में यह आंकड़ा 54.6 फीसदी है, जबकि राष्ट्रीय औसत 29.5 प्रतिशत है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2015 में झारखंड में जादू टोना करने के आरोप में 32 लोग, 2016 में 27, 2017 में 19, 2018 में 18 और 2019 और 2020 में 15-15 लोगों की मौत हुई थी।

## सामाजिक भेदभाव पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान का पवार ने स्वागत किया

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने कहा कि सामाजिक भेदभाव करने वाली हर चीज को खारिज किया जाना चाहिए।

पवार ने कहा कि इस तरह के बयान पर असल में अमल होना चाहिए, इसे केवल दिखावे के लिए नहीं कहा जाना चाहिए। यहां एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में शुक्रवार को भागवत ने कहा था कि वर्ण और जाति जैसी अवधारणा को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब जाति प्रथा की कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा की गई गलतियों को स्वीकार करने और माफी मांगने में झिझकना नहीं चाहिए। नागपुर हवाई अड्डा पर संवाददाताओं से बातचीत में पवार ने कहा कि इस तरह के बयानों पर असल व्यवहार में अमल की जरूरत है और इसके केवल दिखावे के लिए नहीं कहा जाना चाहिए। पवार ने कहा, इस तरह के भेदभाव से समाज का एक बड़ा हिस्सा पीड़ित है। लेकिन यह भी तथ्य है कि जो लोग इस तरह के भेदभाव के लिए जिम्मेदार थे, वे महसूस कर रहे हैं कि इसे खत्म होना चाहिए, यह अच्छी चीज है। राकांपा प्रमुख ने कहा कि केवल माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि हम समाज के इस तबके के साथ असल में कैसा व्यवहार करते हैं।

## बीआरएस की नजर 2024 के लोकसभा चुनाव पर है : के टी रामराव

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता के टी रामराव ने कहा कि उनकी पार्टी का मुख्य ध्यान अब 2024 के लोकसभा चुनाव पर है और वह पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से अपना अभियान शुरू करेगी। गौरतलब है कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) ने राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने के इरादे से अपना नाम बदलकर बीआरएस कर लिया है।

दिल्ली के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सफलता का उदाहरण देते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बेटे रामराव ने कहा कि उनकी पार्टी सबसे पहले महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे पड़ोसी राज्यों पर ध्यान केंद्रित करेगी क्योंकि तेलंगाना में किए गए अच्छे काम को वहां भी पहचाना जाता है। उन्होंने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में संकेत दिया कि बीआरएस किसानों की आत्महत्या तथा कृषि क्षेत्र में कथित संकट को देखते हुए महाराष्ट्र में काम करेगी।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए रामराव ने कहा कि बीआरएस देश में कल्याण तथा विकास के सफल तेलंगाना मॉडल को बढ़ावा देगी। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई तथा एलपीजी के दाम तेजी से बढ़े हैं।तेलुगु फिल्मों के देशभर में अच्छा प्रदर्शन करने का जिक्र करते हुए उन्होंने पूछा कि किसी तेलुगु पार्टी या नेता को स्वीकार्यता क्यों नहीं मिलेगी।केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस अपने खिलाफ किसी भी तरह के हमले या षड्यंत्रों का सामना करने के लिए तैयार है।रामराव ने कहा कि कांग्रेस के बुरी तरह नाकाम होने के कारण अभी देश में राजनीतिक शून्यता है।

## भाजपा ने निकाय चुनाव टालने के मामले में राज्यपाल से हस्तक्षेप को कहा

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल फागू चौहान से मुलाकात कर निकाय चुनाव टालने के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से यह मांग पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश के मद्देनजर की जिसके तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के लिए सीट आरक्षण को अवैध करार दिया गया है। पार्टी के ओबीसी मोर्चा के नेताओं ने अपने अध्यक्ष जयनाथ चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को राज्यपाल से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद चार अक्टूबर को जारी एक परिपत्र में राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलाधिकारियों को सूचित किया था कि 10 अक्टूबर और 20 अक्टूबर को होने वाले दोनों चरण के चुनाव स्थगित कर दिए गए हैं। भाजपा के एक नेता ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन के बारे में कहा, उच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि ओबीसी और ईबीसी के लिए सीट का वर्तमान कोटा अवैध है, क्योंकि बिहार सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण देने की खातिर पिछड़ेपन का स्तर निर्धारित करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन करने में नाकाम रही थी। पार्टी नेता के मुताबिक, अदालत ने राज्य सरकार को यह सलाह भी दी है कि उसे स्थानीय (शहरी या ग्रामीण) निकायों के चुनावों में आरक्षण से संबंधित एक व्यापक कानून बनाने पर विचार करना चाहिए, ताकि स्थिति उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप की जा सके।

## नीतीश ने लालू के खिलाफ सीबीआई के आरोप पत्र पर नाराजगी जताई

**भाषा।** पटना

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और नए सहयोगी लालू प्रसाद यादव के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एक मामले में आरोप पत्र दाखिल करने पर नाराजगी जताई। सीबीआई ने यह आरोप पत्र लालू प्रसाद यादव के रेलमंत्री के कार्यकाल से जुड़े मामले में दाखिल किया है। समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर उनके जन्म स्थान सिताब दियारा से वापस रवाना होने से पहले नीतीश कुमार संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

कुमार ने पटना उच्च न्यायालय द्वारा शहरी निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) का आरक्षण रद्द करने के फैसले की जिम्मेदारी उनके ऊपर डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा, आप पांच साल पहले की घटना याद कर सकते हैं जिसकी वजह से मुझे गठबंधन से बाहर जाना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि लालू प्रसाद यादव के बेटे और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का नाम एक अन्य मामले में आया था जिसकी वजह से जनता दल-यूनाइटेड नेता को अचानक राजद से नाता तोड़ना पड़ा था। मुख्यमंत्री ने कहा, उस मामले में कुछ भी नहीं निकला। मैं दोबारा गठबंधन में आया और नई चीजें शुरू हो गई हैं। यह कोई तरीका है? ऐसा लगता है कि वे सनक और कल्पना के आधार पर काम कर रहे हैं। कुमार महागठबंधन का हिस्सा हैं और इस प्रकार उन्होंने परोक्ष रूप से राजनीतिक बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया जो अकसर विपक्षी पार्टिया भाजपा नीत केंद्र सरकार पर लगाती हैं। कुमार ने यह टिप्पणी पत्रकारों के सवाल पर की। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि सीबीआई अधिकारियों ने खुलासा किया था कि उसने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बड़ी बेटी व राज्यसभा सदस्य मीसा भारती सहित 14 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। नगर निकाय चुनावों में ओबीसी और ईबीसी आरक्षण पर पटना उच्च न्यायालय के प्रतिकूल फैसले को लेकर भाजपा द्वारा निशाना साधने पर कुमार ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, वे गलत बोल रहे हैं।



# रूस को क्रीमिया प्रायद्वीप से जोड़ने वाले पुल पर विस्फोट, तीन की मौत

**एपी। खारकीव**

**रूस** को क्रीमिया प्रायद्वीप से जोड़ने वाले एक पुल पर शनिवार को विस्फोट होने के बाद आग लग गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और पुल आंशिक रूप से ढह गया। रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्रीमिया के जरिए ही रूस यूक्रेन के दक्षिणी हिस्से में युद्ध के लिए साजो-सामान भेजता है। क्रीमिया प्रायद्वीप की रूस समर्थित क्षेत्रीय संसद के अध्यक्ष ने इसके लिए यूक्रेन पर आरोप लगाया है, हालांकि रूस ने इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। यूक्रेनी अधिकारी समय-समय पर इस पुल पर हमला करने की धमकी देते रहे हैं और कुछ ने इस हमले की सराहना भी की है, लेकिन यूक्रेन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। रूस की राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी समिति ने बताया कि ट्रक में रखा बम फटने से ईंधन ले जा रही ट्रेन की सात बोगियों में आग लग गई, जिसके परिणामस्वरूप पुल के दो हिस्से आंशिक रूप से ढह गए। काला सागर और आजोव सागर को जोड़ने वाले कर्च जलडमरूमध्य में साल 2018 में यह 19 किलोमीटर (12-मील) का पुल खोला गया था। यह यूरोप में सबसे लंबा पुल है। इसे बनाने में 3.6 अरब डॉलर का खर्च आया था। रूस ने साल 2014 में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर यूक्रेन से क्रीमिया को छीन लिया था और फिर इस पुल का निर्माण कराया था।

क्रीमिया प्रायद्वीप रूस के लिए प्रतीकात्मक महत्व रखता है और यह दक्षिण में उसके सैन्य अभियानों के लिहाज से महत्वपूर्ण है। यदि पुल को बंद कर दिया जाता है, तो इससे क्रीमिया तक साजो-सामान भेजना और मुश्किल हो जाएगा। रूस के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि क्रीमिया के पास 15 दिन के लिए पर्याप्त ईंधन है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय स्टॉक फिर से भरने के तरीकों पर काम कर रहा है। अधिकारियों ने अगली सूचना तक पुल पर यात्री ट्रेनों की आवाजाही को निलंबित कर दिया गया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को विस्फोट के बारे में जानकारी दे दी गई है और उन्होंने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक सरकारी समिति बनाने का आदेश दिया है। क्रीमिया की रूस समर्थित क्षेत्रीय संसद के अध्यक्ष ने विस्फोट के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार बताया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पुल को कम नुकसान पहुंचा है और तुरंत इसकी मरम्मत की जाएगी।क्रीमिया की संसद स्टेट काउंसिल ऑफ द रिपब्लिक के अध्यक्ष व्लादिमीर कोन्स्टेंटिनोव ने टेलीग्राम ऐप पर यूक्रेन के बारे में कहा, अपने 23 साल के शासन में उन्होंने कुछ भी ऐसा नहीं बनाया जिसपर ध्यान दिया जा सके, लेकिन वे रूसी पुल को नुकसान पहुंचाने में कामयाब रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की पार्टी के सांसद ने शनिवार को इस दावे को खारिज कर दिया कि घटना के पीछे यूक्रेन का हाथ है। उन्होंने इसे क्रीमिया पर नियंत्रण करने और इसे रूसी मुख्यभूमि से मिलाने के रूस के प्रयासों का परिणाम करार दिया। सर्वेंट ऑफ द पीपुल्स पार्टी के नेता डेविड अराखामिया ने टेलीग्राम पर लिखा, रूस का अवैध निर्माण ढहना शुरू हो रहा है और आग लग रही है। कारण सरल है: यदि आप कोई विस्फोटक बनाते हैं, तो देर-सबेर वह आप पर भी फट ही जाएगा। और यह सिर्फ शुरुआत है। यूक्रेन के अन्य अधिकारियों ने इस घटना पर खुशी जताई है। यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव, ओलेक्सी डैनिलोव ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें बाईं ओर पुल पर आग लगने की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं तो दूसरी ओर मर्लिन मुनरो का प्रसिद्ध गीत हैप्पी बर्थडे मिस्टर प्रेसिडेंट चल रहा है।

### यूक्रेन का खारकीव शहर कई धमाकों से दहला

**कीव।** पूर्वी यूक्रेन का खारकीव शहर शनिवार तड़के कई धमाकों से दहल गया। हालांकि, इन धमाकों में अभी किसी के हताहत होने की खबर नही है। धमाके ऐसे समय में हुए हैं, जब रूस ने यूक्रेन के उन इलाकों पर हमले तेज कर दिए हैं, जिन पर उसने अवैध तरीके से कब्जा जमाया था। धमाकों से आसमान में धुएं का गुबार बन गया और एक के बाद एक कई मिसाइलें दागी गईं। इस बीच, दक्षिणी जापोरिज्जिया शहर में आवासीय इमारतों पर हुए मिसाइल हमलों मे मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। खारकीव के मेयर इहोर तेरेखोक ने टेलीग्राम पर कहा कि शनिवार तड़के हुए धमाके शहर के केंद्र मे हुए मिसाइल हमलों का नतीजा है। उन्होंने बताया कि इन धमाकों से शहर के एक चिकित्सा संस्थान और एक गैर-आवासीय इमारत में आग लग गई। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस सप्ताह यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया, जिसमें जापोरिज्जिया क्षेत्र भी शामिल है। जापोरिज्जिया मे यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र है, जिसके रिएक्टरों को पिछले महीने बंद कर दिया गया था।



थाईलैंड में एक बाल विकास केंद्र पर हुए हमले के बाद रोते हुए बच्चे के परिजन



विनियस में लिथुआनियाई रक्षा मंत्री अरव्यदस व जर्मन के रक्षा मंत्री क्रिस्टीन गॉर्ड ऑफ ऑर्नर लेते हुए

## गैस स्टेशन में विस्फोट के कारण अब तक सात लोगों की मौत

लंदन। उत्तर पश्चिमी आयरलैंड के एक गांव में गैस स्टेशन पर विस्फोट में कम से कम सात लोगों की मौत होने की सूचना है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आपातकालीन कर्मियों ने देर रात तक पीड़ितों की तलाश में अभियान चलाया। आयरलैंड की पुलिस ने शनिवार को बताया कि काउंटी डोनेगल के क्रिस्लो शहर के एपलग्रीन सर्विस स्टेशन में हुए विस्फोट के बाद रात भर में चार लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी, इसके बाद तीन और लोगों की मौत की सूचना मिली। कम से कम आठ लोग अस्पतालों में भर्ती हैं और कई लोग लापता हैं। पुलिस बल, एन गार्डा सियोचाना के मुताबिक, अन्य लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है। आयरलैंड और पड़ोसी उत्तरी आयरलैंड के आपातकालीन कर्मी पुलिस के साथ तलाश अभियान में जुटे हैं। विस्फोट के कारण गैस स्टेशन की इमारत ध्वस्त हो गई है।

# पाकिस्तानी थलसेना प्रमुख जनरल बाजवा ने क्षेत्रीय शांति की अपील की

**भाषा। इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के थलसेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने शनिवार को क्षेत्रीय शांति और देशों के बीच सभी द्विपक्षीय मुद्दों के समाधान के लिए एक तंत्र विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने आगाह किया कि दुनिया बदल गई है, इसलिए हमें भी बदलना चाहिए, क्योंकि यथास्थिति की कीमत हम सभी के लिए विनाशकारी होगी।

जनरल बाजवा (61) नवंबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और काकुल स्थित प्रतिष्ठित पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी में उनका यह संभवत: अंतिम संबोधन था। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बगैर क्षेत्रीय शांति और देशों के बीच सभी द्विपक्षीय मुद्दों के समाधान के लिए एक तंत्र विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमें अपने सभी द्विपक्षीय मुद्दों का शांतिपूर्ण हल करने के लिए एक तंत्र विकसित कर शांति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। एक दूसरे से लड़ने के बजाय हमें भूख, गरीबी, निरक्षरता, जनसंख्या विस्फोट, जलवायु परिवर्तन और रोग से संयुक्त रूप से लड़ना चाहिए। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा, दुनिया बदल गई है, इसलिए हमें भी बदलना चाहिए, क्योंकि यथास्थिति की कीमत हम सभी के लिए विनाशकारी होगी। अपने संबोधन में जनरल बाजवा ने कहा, शांति के प्रयासों के तहत हमने सभी पड़ोसी और क्षेत्रीय देशों के साथ अच्छे पड़ोसी का संबंध बनाने के सारे प्रयास किए हैं...हम अपने राजनीतिक गतिरोध को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसने दक्षिण एशिया के देशों को आगे बढ़ने से और सभी क्षेत्रीय एवं द्विपक्षीय मुद्दों को शांतिपूर्ण और गरिमामय तरीके से हल करने की दिशा में बढ़ने से रोका है।

उन्होंने कहा कि शेष विश्व की तरह दक्षिण एशिया के देश समृद्धि और जीवन जीने की बेहतर परिस्थितियों के हकदार हैं, जो केवल सतत आर्थिक वृद्धि, विकास और टिकाऊशांति से ही संभव है। उन्होंने कहा, इसलिए, हमें क्षेत्र से युद्ध की लपटों को दूर करने के लिए प्रयास करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध कश्मीर मुद्दा और सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण बने हुए हैं। बाजवा ने अपने संबोधन में यह भी चेतावनी दी कि शांति के लिए पाकिस्तान की इच्छा को कमजोरी का प्रतीक नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा, किसी को भी हमारे मूल हितों और हमारी मातृभूमि की रक्षा करने के हमारे सामूहिक संकल्प के बारे में कोई गलतफहमी नहीं रखनी चाहिए। जनरल बाजवा नवंबर 2016 में तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए थल सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे। पद पर उनका कार्यकाल 2019 में और तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया था।

## उत्तरी जर्मनी में कई घंटों तक ट्रेन सेवाएं बाधित, तोड़फोड़ हुई

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मनी के एक इलाके में शनिवार को संचार प्रणाली विफल होने के बाद ट्रेन सेवाओं को अस्थाई रूप से रोक दिया गया। जर्मनी के राष्ट्रीय रेलवे संचालक ने कहा कि तोड़फोड़ के कारण ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं थीं। ऑपरेटर डॉयचे बान ने शनिवार तड़के कहा कि उत्तर-पश्चिमी राज्यों हैम्बर्ग, श्लेस्विग-होलस्टिन, लोअर सैक्सोनी और ब्रेमेन क्षेत्र में लंबी दूरी की या क्षेत्रीय ट्रेनें नहीं चल रही हैं। इसका मतलब यह हुआ कि बर्लिन और कोलोन के बीच तथा राजधानी और एम्स्टर्डम के बीच भी ट्रेनें नहीं चल रही हैं, जबकि डेनमार्क से ट्रेनें जर्मनी की सीमा में प्रवेश नहीं कर रही हैं। ट्रेन सेवाओं के लगभग तीन घंटे के निलंबन के बाद डॉयचे बान ने कहा कि "डिजिटल ट्रेन रेडियो प्रणाली की विफलतौ का समाधान हो गया है, लेकिन ट्रेन सेवाओं में कुछ व्यवधान हो सकता है।

## इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स एडवाइजरी को बताया बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अमेरिकी नागरिकों के लिए भारत में यात्रा को लेकर जारी परामर्श को बेबुनियाद बताते हुए भारत में यात्रा से जुड़े जोखिम के बारे में बनी धारणा दूर करने के लिए इसकी समीक्षा करने की मांग की। अमेरिका ने शुक्रवार को जारी अपने परामर्श में अपने नागरिकों से भारत की यात्रा करते समय अपराध व आतंकवाद के मद्देनजर अधिक सावधानी बरतने को कहा। इसके साथ ही अमेरिकी नागरिकों को केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की यात्रा नहीं करने की सलाह भी दी गई है। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि भारत की यात्रा संबंधी यह परामर्श तथ्यों पर आधारित नहीं है। इस संगठन के अध्यक्ष ललित भसीन ने कहा, भारत व्यवयास और पर्यटन के लिए सुरक्षित स्थल है और भारत आने वाले भारतीय नागरिकों को कोई खतरा नहीं है। दोनों देशों के बीच परिपक्व तथा और करीबी होते संबंधों के लिए इस तरह के परामर्श अवरोधक का काम करेंगे।

# भारत को रूस से तेल खरीद बंद करने को किसी ने नहीं कहा: पुरी

**भाषा। वाशिंगटन**

**पेट्रोलियम** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह साफ किया है कि किसी भी देश ने भारत को रूस से तेल खरीद रोकने के लिए नहीं कहा है और भारत उस किसी भी देश से तेल खरीदना जारी रखेगा जहां से उसे खरीदना है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया था जिससे उसके तेल के दाम गिर गए थे। ऐसी स्थिति में चीन और भारत ने कम दाम पर रूस से तेल की खरीद जारी रखी। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है।

स्वच्छ ऊर्जा पर अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए यहां पहुंचे पुरी ने कहा कि अपने उपभोक्ताओं को किफायती दामों पर ऊर्जा उपलब्ध करवाना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी होती है। पुरी ने यहां भारतीय संवादाताओं से कहा, भारत को जिससे भी तेल खरीदना है वह खरीदेगा और इसकी साधारण सी वजह यह है कि भारत की उपभोक्ता आबादी के संदर्भ में इस तरह की चर्चा नहीं की जा सकती। वैसे भी हमें रूस से तेल खरीदने से किसी ने मना नहीं किया है। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि भारत तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगियों ओपेक प्लस द्वारा तेल उत्पादन में प्रतिदिन 20 लाख बैरल की कटौती करने के फैसले के असर को कम करने में सक्षम होगा। पुरी ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रेनहोम के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कहा, यदि आप अपनी तेल नीति को लेकर स्पष्ट हैं जिसका मतलब है कि आप ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा वहनीयता में भरोसा करते हैं तो आप जिन स्रोतों से ऊर्जा खरीदना चाहते हैं, उसे खरीदेंगे। भारत की तेल जरूरतों की 85 प्रतिशत पूर्ति आयात से होती है। इसके साथ ही भारत तेल खरीद के अपने स्रोतों का दायरा बढ़ाने की कोशिश में लगा हुआ है। भारत सरकार इस आधार पर रूस से तेल खरीद का बचाव करती रही है कि उसे वहां से तेल खरीदना होगा जहां सबसे सस्ता है। सरकार ने अमेरिका के नेतृत्व वाले जी7 समूह की उस योजना में शामिल होने की कोई इच्छा प्रकट नहीं की है जिसमें रूस के राजस्व को सीमित करने के मकसद से उससे खरीदे गए तेल के दाम की सीमा तय करने का प्रस्ताव रखा गया है। पुरी ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत ओपेक समूह का सदस्य नहीं है लेकिन ओपेक के फैसलों का उस पर असर होता है। उन्होंने कहा कि ओपेक के सदस्य देशों को तेल उत्पादन पर फैसला करने का संप्रभु अधिकार है। उन्होंने कहा, मैंने परंपरागत रूप से हमेशा यह बात कही है कि वे कितने तेल का उत्पादन करना चाहते हैं और बाजार में कितनी आपूर्ति करना चाहते हैं, यह फैसला करने का उन्हें पूरा अधिकार है।

## रियल्टी एस्टेट क्षेत्र में तकनीकी कदमों की बढ़ रही मांग

**नई दिल्ली।** भारत में रियल्टी डेवलपर और निवेशक जोखिम से बचने और अपने हितों को सुरक्षित रखने पर जोर दे रहे हैं लिहाजा रियल्टी परियोजनाओं को लेकर जरूरी तकनीकी कदमों की मांग बढ़ गई है। परिसंपत्ति सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने यह आकलन पेश किया है। कोलियर्स इंडिया ने आवश्यक तकनीकी कदम: जोखिम से बचाव वाली रियल्टी शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि किसी संपत्ति के लिए सभी जरूरी कदमों या प्रक्रियाओं में आने वाला खर्च परियोजना लागत का 0.3 फीसदी से भी कम होता है लेकिन इसके लाभ कहीं अधिक हैं। इससे हितधारक का पैसा और समय की बचत होने के साथ कानूनी पचड़ों से भी बचाव होता है। रिपोर्ट कहती है, जैसे-जैसे डेवलपर और निवेशक नए क्षेत्रों और परिसंपत्ति श्रेणियों में कदम रख रहे हैं, रियल एस्टेट परियोजनाओं के सभी पहलुओं की जांच की मांग बढ़ गई है। इससे जुड़े जोखिमों आदि के बारे में समझना हितधारकों के लिए अहम हो गया है।

# लद्दाख क्षेत्र में सौर, भू-तापीय ऊर्जा एवं हरित हाइड्रोजन की अपार संभावनाएं: उप राज्यपाल

**● हरित हाइड्रोजन को भी लद्दाख क्षेत्र के लिए ऊर्जा का एक बेहतर विकल्प बताया माथुर ने**

**भाषा। नई दिल्ली**

**लद्दाख** के उप राज्यपाल आर के माथुर ने कहा है कि इस केंद्रशासित क्षेत्र में सौर ऊर्जा, भू-तापीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं जिनका दोहन किए जाने की जरूरत है। माथुर ने शुक्रवार को लेह में अग्नि तत्व अभियान पर आयोजित पहली संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि लद्दाख क्षेत्र में मौजूद व्यापक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं के समुचित दोहन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा करने में कामयाबी मिलती है तो लद्दाख के दूरदराज के इलाकों में भी बिजली पहुंचाई जा सकती है। उप राज्यपाल ने कहा कि समूचे लद्दाख में विकेंद्रित नवीकरणीय सौर ऊर्जा मुहैया कराने पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि बिडली ग्रिड पर निर्भरता को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान लद्दाख को कार्बन तटस्थ बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप ही है। उन्होंने कहा कि भू-तापीय ऊर्जा भी लद्दाख के नजरिए से एक अहम क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि भू-तापीय ऊर्जा पूरे साल और पूरे दिन उपलब्ध रहती है और इसका दोहन इस पहलू को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने हरित हाइड्रोजन को भी लद्दाख क्षेत्र के लिए एक ऊर्जा विकल्प बताते हुए कहा कि पानी से निकाले जाने वाले हाइड्रोजन का इस्तेमाल पेट्रोल एवं डीजल की जगह पर किया जा सकता है जबकि ऑक्सीजन का इस्तेमाल अस्पतालों और पर्यटकों को मदद देने में हो सकता है। लद्दाख शासन की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक संवहनीयता एवं संस्कृति विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में केंद्रशासित प्रदेश की ऊर्जा संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की गई। इसमें ऊर्जा, संस्कृति और संवहनीयता के क्षेत्रों में सक्रिय अहम हितधारकों ने शिरकत की। केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने गत 21 सितंबर को अग्नि तत्व अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के तहत नवीकरणीय ऊर्जा संभावनाओं के बारे में देश भर में विचार गोष्ठियां एवं सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

**AASHIANA CGHS Ltd.**
Co-Op, Group Housing Society Limited, Plot No.5, Mayur Vihar Phase-I, Delhi-110091

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public that Smt. Neelam Mukhija, W/o. Late Shri Satya Pal Mukhija, resident of House No. 29, Sector 16, Panchkula, Haryana 134109 has filed an application with Aashiana Co-Op Group Housing Society ("the Society") for transfer of membership of Flat No. A-904 (Membership No. 1066), which is presently in the name of Shri Satya Pal Mukhija, in her favour. Smt. Neelam Mukhija has also submitted copy of a registered Relinquishment Deed executed in her favour by her two daughters, Smt Namrta Mukhija and Smt. Neetika Prabu, with respect to their respective 1/3rd undivided shares in the said property after the demise of Shri Satya Pal Mukhija. Any person or persons having objections to the transfer of the said membership in favour of Smt. Neelam Mukhija may file objections within on month from publication of this notice in the offices of the Society at Plot No. 5, Mayur Vihar Phase I Extension, Delhi 110091 failing which the said membership will be transferred in her favour by the Society.

**Atik Ahmed Faroqi - Secretary**

# कम-से-कम आधे समझौतों को क्रियान्वित कराने का लक्ष्य: गहलोत

**निवेश सम्मेलन**

**भाषा। जयपुर**

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार कोशिश करेगी कि निवेश राजस्थान सम्मेलन में जताई गई कुल निवेश प्रतिबद्धताओं में से कम-से-कम 50 प्रतिशत को क्रियान्वित किया जा सके। गहलोत ने यहां निवेश सम्मेलन खत्म होने के बाद संवाददाताओं से कहा कि आम तौर पर विभिन्न राज्यों में आयोजित होने वाले निवेश सम्मेलनों में किए जाने वाले 20-25 प्रतिशत समझौता ज्ञापन (एमओयू) ही लागू हो पाते हैं लेकिन उनकी सरकार का उद्देश्य कम-से-कम आधे एमओयू को लागू करना है। राज्य सरकार ने निवेश सम्मेलन के आयोजन के पहले ही 10.44 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 4,192 एमओयू और आशय पत्रों (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए थे। इनमें से 1680 एमओयू और एलओआई या तो क्रियान्वित हो चुके हैं या क्रियान्वयन के दौर में हैं। यह कुल एमओयू का करीब 40 प्रतिशत हैं।राजस्थान सरकार ने इस निवेश सम्मेलन से पहले नवंबर 2021 से लेकर सितंबर 2022 के बीच अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर कई रोड शो आयोजित किए थे। इस दौरान उद्योग निकायों एवं कंपनियों के साथ एमओयू एवं एलओआई किए गए। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बार नीति में बदलाव किया और निवेश सम्मेलन से पहले ही समझौतों पर हस्ताक्षर करा लिए गए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन कई राज्यों में होते हैं और निवेश प्रतिबद्धता का सिर्फ 15, 20 या 25 प्रतिशत निवेश ही वास्तविक रूप में हो पाता है। हमने लगभग 11 लाख करोड़ रुपए के समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें से हम 50 फीसदी निवेश हासिल करने की कोशिश करेंगे। इसके पहले उन्होंने निवेश सम्मेलन के दूसरे दिन सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर बुनियादी ढांचा और सरकार की अनुकूल नीतियां एमएसएमई कंपनियों के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कहा, "इन कंपनियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। सरकार उनके लिए हर वो कदम उठाएगी, जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए जरूरी है" गहलोत ने कहा कि एमएसएमई का भविष्य उज्ज्वल है और उनकी सरकार राज्य में इस क्षेत्र को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई का रोजगार सृजन से सीधा संबंध है। उन्होंने कहा, एमएसएमई का रोजगार से करीबी संबंध है। एमएसएमई जितना मजबूत होगा, अर्थव्यवस्था उतनी ही मजबूत होगी और रोजगार भी ज्यादा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जोधपुर और आसपास के क्षेत्रों में हस्तशिल्प उद्योग का विकास हुआ है जिससे कई लोगों की जिंदगी बदली है। गहलोत ने कहा कि बाड़मेर में तेल रिफाइनरी के पास स्थापित होने वाले पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में हजारों एमएसएमई इकाइयां स्थापित की जाएंगी जिनमें लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगपति उसी राज्य में जाते हैं जहां सुविधाएं मिलती हैं और राजस्थान निवेश के लिए अनुकूल माहौल देने में आगे है। उन्होंने कहा, "हम राजस्थान में विकास का मार्ग प्रशस्त करना चाहते हैं" उन्होंने कहा कि राजस्थान में कानून-व्यवस्था की अच्छी स्थिति के साथ पर्यावरण के अनुकूल माहौल है और किसी तरह की श्रमिक अशांति भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां की नौकरशाही भी समर्पण से काम करती है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में राजस्थान में खुशहाली को मापने वाले हैप्पीनेस इंडेक्स और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई सुधारात्मक निर्णय लिए हैं। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क के बुनियादी ढांचे में सुधार, सामाजिक सुरक्षा देने और सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मुफ्त करने के लिए कदम उठाए गए।

# खुदरा रोजगार खोजने वाले लोगों की संख्या 11.8 फीसदी घटी

**भाषा। मुंबई**

**खुदरा** क्षेत्र में नौकरी की तलाश करने वाले भारतीयों की संख्या अगस्त 2021 के मुकाबले इस वर्ष अगस्त में 11.80 फीसदी घट गई है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान पेश किया गया है। वैश्विक रोजगार वेबसाइट इन्डीड ने एक रिपोर्ट में कहा कि अगस्त 2019 से अगस्त 2022 के बीच के समय में खुदरा क्षेत्र में रोजगार 5.50 फीसदी घट गए और वैश्विक महामारी के दौरान तथा उसके बाद खुदरा क्षेत्र में नौकरी तलाश करने वाले भारतीय लोगों की संख्या भी घटी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2020 से अगस्त 2021 के बीच खुदरा रोजगार 27.70 फीसदी बढ़े थे लेकिन अगस्त 2021 से अगस्त 2022 के बीच इनमें 11.80 फीसदी की गिरावट आ गई। ऐसा मोटे तौर पर लॉकडाउन की वजह से और घर से ही काम करने (वर्क फ्रॉम होम) की संस्कृति की वजह से हुआ जिसमें लोगों ने त्योहारों के दौरान भी ऑनलाइन खरीदारी की। यह रिपोर्ट अगस्त 2019 से अगस्त 2022 के बीच इन्डीड मंच पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसके मुताबिक खुदरा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 22.9 फीसदी नौकरियां शाखा प्रबंधक जैसी प्रबंधन भूमिका के लिए निकलीं जबकि सेल्स एसोसिएट स्तर पर यह आंकड़ा 10.07 फीसदी, स्टोर मैनेजर के लिए 9.52 फीसदी, लॉजिस्टिक्स के लिए 4.58 फीसदी और मर्चेंडाइजर के लिए 4.39 फीसदी रहा। नौकरी करने के इच्छुक लोगों की दिलचस्पी सबसे ज्यादा 15 फीसदी स्टोर मैनेजर पद के लिए, खुदरा सेल्स एसोसिएट (14.4 दचन फीसदी), कैशियर (11 फीसदी), शाखा प्रबंधक (9.49 फीसदी) और लॉजिस्टिक्स एसोसिएट (9.08 फीसदी) है। इन्डीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, भारत में त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मौसमी रोजगार में बढ़ोतरी होती है। हालांकि यह बढ़ोतरी पिछले साल के बराबर तो नहीं है लेकिन करीब 39.6 फीसदी नए रोजगार पैदा हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि खुदरा रोजगार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी बेंगलुरु (12.26 फीसदी) की है। इसके बाद हैं मुंबई (8.2 फीसदी) और चेन्नई (6.02 फीसदी)। सबसे ज्यादा 5.5 फीसदी डिलिवरी रोजगार भी बेंगलुरु में पैदा हुए। हालांकि रोजगार पाने के इच्छुक लोगों की संख्या सबसे ज्यादा चेन्नई में 6.29 फीसदी है।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Sushma Dhir W/o late Vinay Kumar Dhir** claims to be owner and in possession of **Property No. 64, Block A, Sector - 93 B, Noida, UP.(hereinafter called the said property)** by virtue of Transfer Letter Dated 23.07.2021 issued by Noida after the death of Vinay Kumar Dhir and said Vinay Kumar Dhir inherited the said property from Sushil Kumari Dhir vide transfer Letter Dated 08.01.2019 issued by Noida and said Sushil Kumari Dhir was the owner of said property vide registered lease deed dated 08.03.2010 and now Said Sushma Dhir has agreed to sell the said Property to Kushal Jain And Said Kushal Jain and others has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **IDFC FIRST BANK LTD , ITO Branch , New Delhi**. All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi – 19
Mobile No. 9818399999

# अग्निशमन अधिकारी ने स्कूलों में जांचे उपकरण

संवाददाता। चित्रकूट



**पुलिस अधीक्षक** अतुल शर्मा के निर्देश पर सुरक्षा के लिहाज से मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव की टीम ने विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर अग्निशमन उपकरणों की जांच की। जहां उपकरण सही नहीं मिले, वहां तत्काल अग्निशमन उपकरणों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। शनिवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव की टीम ने कोतवाली कर्वी के चित्रकूट इंटर कालेज, जेएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जेएम बालिका इंटर कालेज, गंगाप्रसाद जनसेवा इंटर कालेज, छत्रपति साहूजी महिला डिग्री कालेज का निरीक्षण किया। विद्यालयों में लगे अग्निशमन यंत्रों की जांच की। जिन विद्यालयों में उपकरण नहीं लगे थे, उन्हें जल्द लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के समय अग्निशमन उपकरण बहुत लाभदायी है। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग की बाबत भी जानकारी दी। टीम में प्रभारी फायर स्टेशन लालजी मिश्रा, लीडिंग फायर मैन प्रमोद कुमार दुबे, फायर मैन जयंत कुमार व श्याम कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में तीन फरियादियों की समस्यायें निपटाईं

**कुठौंद (जालौन)।** शनिवार को थाना कुठौंद में समाधान दिवस का आयोजन थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें 3 शिकायतें आई जिनको थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा तुरंत निस्तारण कराया।समाधान दिवस में एसआई दिनेश कुरील, ओंकार तिवारी हदरुख चौकी इंचार्ज, एसआई राजेश सिंह चौहान, शंकरपुर चौकी इंचार्ज बलराम शर्मा, एसआई शिवशंकर सिंह, एसआई रिंकू सागवान एवं क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो, संभ्रांत नागरिकों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में समाधान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मौके पर राजस्व विभाग से संबंधित तीन शिकायतें आयी जिनको थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार द्विवेदी ने संबंधित लेखपाल कानूनगो को राजस्व विभाग की शिकायतें मौके पर निस्तारण हेतु दे दी।

# यमुना में दिखा सात फीट लंबा मगरमच्छ, चरवाहों में दहशत

**फतेहपुर।** जिले मेंयमुना नदी में मगरमच्छ दिखाई दिया। चरवाहों ने मगरमच्छ को देखने के बाद अपने-अपने जानवर को यमुना से बाहर निकाल कर किसी तरह मगरमच्छ की पकड़ से बचाया। इस बीच करीब एक घंटे तक चरवाहों में भय व्याप्त रहा।खखरेरू थाना क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे बसे कोट गांव में चरवाहों में उस समय दहशत माहौल देखने को मिला, जब अचानक एक सात फीट लम्बा मगरमच्छ नदी की बीच धारा में तैरते नजर आया। चरवाहों ने बताया कि जब वह लोग यमुना नदी में अपने मवेशियों को नहला रहे थे। तभी अचानक एक लगभग सात फीट लम्बा मगरमच्छ जानवरों की तरफ आता दिखाई दिया। किसी तरह हम लोग अपने अपने जानवर बाहर निकालने में कामयाब रहे। जानवरों के बाहर निकल जाने पर वह वापस लौट गया और करीब एक घंटे तक वह नदी में दिखते रहने के बाद गायब हो गया। बताते हैं कि ये मगरमच्छ यमुना की सहायक नदी चंबल से कभी कभार आ जाते हैं क्योंकि चंबल नदी मगरमच्छ के लिए संरक्षित क्षेत्र बनाया गया होगा।

## यादव महासभा ने हवन पूजन कर मुलायम के स्वस्थ होने की मांगी दुआ

**खागा (फतेहपुर)।** अस्पताल में भर्ती समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव के स्वस्थ्य होने हेतु जहां देश के कोने-कोने में मनौती का दौर चल रहा है। वही खागा बाईपास स्थित चौराहे के समीप स्थित गायत्री मंदिर में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती केतकी यादव के नेतृत्व में लगभग आधा सैकड़ा यादव महासभा के नेताओं की उपस्थिति में हवन पूजन कर उनके दीर्घायु की कामना किया।

# फूड प्वाइजनिंग से 13 लोग बीमार, चल रहा है उपचार

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**उत्तर प्रदेश** के फर्रुखाबाद जिले में जहानगंज थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव में फूड प्वाइजनिंग से 13 लोग बीमार हो गएए जिनका अलग.अलग अस्पतालों में में चिकित्सा उपचार शुरू किया गया।

फर्रुखाबाद जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवनींद्र कुमार नेए आज तड़के जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहद्दीनपुर में फूड प्वाइजनिंग से बीमार हुए लोगों को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने सभी बीमारों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि फूड प्वाइजनिंग से बीमार हुए 13 लोग सभीखतरे से बाहर है।

पुलिस सूत्रों ने आज शनिवार को बताया कि जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहिद्दीनपुर के गृह स्वामी अनिल कुमार के यहां कल शुक्रवार देर सायकाल हवन पूजन कथा के आयोजन में ,पूडिया सब्जी, पंजीरी, चरणामृत आज प्रसाद में वितरण किए गए थे। गांव के श्रद्धालुओं ने भगवान के नाम पर इन्हें खाया। इसके बाद आज शनिवार तड़के रात 3.30 बजे केकरीब गांव मे भगवान श्रद्धालु 13 लोगों के पेट में दर्द उल्टी दस्त से पीड़ित हुए। इसकी सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस 108 के माध्यम से गुड्डी निर्मला ,संत पाल और इतेंद्र को फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भेज उपचार के लिए भिजवाया तथा अनिल, विपिन ,रिंकी ,रविंद्र, रितिक ,ओम प्रकाश, राम तीरथ, रजनी ,तथा मोनू सभी नौ बीमारों को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

# कूड़ा डालने को लेकर लाठी-डंडों से मारपीट करने का लगाया आरोप

**कोंच( जालौन )।** खेत की मेड़ पर कूड़ा डालने को लेकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा निवासी दलित व्यक्ति मूलचंद्र ने एसपी रवि कुमार को भेजे प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 27 सितंबर की शाम करीब 6 बजे उसकी माँ दरवाजे के सामने साफ सफाई कर समीप में ही स्थित खेत की मेड़ पर कूड़ा फेंक रही थी तभी खेत मालिक मौके पर आया और खेत में कूड़ा डालने की झूठी बात कहकर माँ मुला देवी को जातिसूचक गालियां देने लगा। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे बेटे अनूप को खेत मालिक डंडे से मारने लगा। बेटे को बचाने वह अपनी पत्नी व भतीजे के साथ पहुंचा तभी खेत मालिक के भाई व भतीजे ने पीछे से आकर हम सभी को लाठी डंडों से बुरी तरह मारापीटा जिससे हम सभी घायल हो गये। मूलचंद्र ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उक्त घटना की सूचना उसने भेंड़ चौकी में दी लेकिन चौकी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़ित मूलचंद्र ने एसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

## औपचारिकताओं में निपटा थाना समाधान दिवस

**जालौन ( उरई )।** डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस औपचारिकता में निपटा। थाना समाधान दिवस में मात्र दो फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। कोतवाली परिसर में डीएम चांदनी सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रचार प्रसार में कमी के चलते कोतवाली स्तर पर आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मात्र दो ही फरियादी आए। जिसमें अमित शिवहरे ने निवासी मोहल्ला मुरली मनोहर ने उनकी दुकान पर विपक्षियों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने परीक्षण करा ली सलाह

**जालौन ( उरई )।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मुरलीमनोहर के तत्वावधान में ग्राम उरगांव में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। गांव में पहली बार लगे नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा में ग्रामीणों ने रुचि दिखाई तथा 437 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर सलाह व दवाएं ली।



आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा जागरूकता व नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही 11 अक्टूबर को मेरे जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता विषय पर प्रतियोगिता आयोजित करने जा रहा है। आयुर्वेदिक चिकित्सालय मुरलीमनोहर के तत्वावधान में ग्राम उरगांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान शारदा देवी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह शिविर ग्रामीणों के लिए लाभकारी होगा तथा इससे ग्रामीणों को आयुर्वेदिक चिकित्सा से जुड़ने को मिलेगा। यहीं कारण है कि शिविर में ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सालय अधीक्षक डा. अमर सिंह, महिला चिकित्सक डा. पूजा राजपूत, नर्स नेहा सिंह, वार्ड वॉय राहुल पाठक की टीम ने शिविर में आये मरीजों का जुखाम, खांसी, श्वांस, बात, प्रवाहिका, अतिसार, प्रतिश्याम, विषम ज्वर, रक्तचाप, मधुमेह, अतिसार, अर्श, अश्मरी, मूत्रकृच्छ, खांसी, घुटने के दर्द तथा गृहणी के आये मरीजों का परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवा दी गई। शिविर में 437 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवा दी गयी। शिविर के बाद डां अमर सिंह ने श्री बजरंग इंण्टर कॉलेज उरगांव के बच्चों को आयुर्वेदिक की जानकारी देते हुए बताया कि बीमारियों की जड़ कफ बात व पित्त होता है। शरीर को निरोगी रखने के उच आहार ले। इस दौरान उन्हें बच्चों को विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता की जानकारी दी तथा इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## पानी भरने से रोकने व छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**कोंच( जालौन )।** हैंडपंप पर पानी भरने से रोकने और छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ देने का आरोप लगते हुए महिला ने पुलिस से कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोब निवासी महिला लक्ष्मी देवी पत्नी राजू ने थाना समाधान दिवस में सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते मंगलवार की देर शाम करीब 7 बजे वह सरकारी हैंडपंप पर पानी भर रही थी तभी रसपाल ने मौके पर पहुंचकर उसे पानी भरने से रोका। उसने जब विरोध किया तो रसपाल ने उसका हाँथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ की और उसके कपड़े फाड़कर मारपीट की।लक्ष्मी देवी ने बताया कि घटना की सूचना उसने पीआरबी पुलिस को दी लेकिन पुलिस के जाने के बाद रसपाल उसके घर में घुस आया और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

## क्विक न्यूज

### रोडवेज बस पर पेड़ गिरने से मची अफरा-तफरी

**बरेली ।** यात्रियों को ले जा रही रोडवेज की एक बस पर अचानक सड़क किनारे लगा पेड़ गिरने से अफरा-तफरी मच गई कई यात्रीयों को मामूली चोटें आई।कैंट थाना क्षेत्र में सेटेलाइट बस स्टैंड से यात्रियों को लेकर सीतापुर जा रही सीतापुर डिपो की एक बस पर पुल से कुछ आगे पहुंचते ही सड़क के नारे लगा यूकेलिप्टस का एक पेड़ अचानक लगातार हो रही बारिश के चलते गिर पड़ा जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई यात्रियों की चीख पुकार सुनकर रास्ते से गुजर रहे लोगों ने राहत और बचाव का काम शुरू करते हुए बस में बैठे सभी यात्रियों को बाहर निकाला और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामूली तौर से घायल हुए कुछ यात्रियों का स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया और रोडवेज की दूसरी बस से उन्हें गंतव्य की ओर रवाना किया ।

### दुर्घटना को दावत दे रही धंसी सड़क



**तिकुनियां.खीरी।** तिकुनियां बेलरायां रास्ते के मध्य बंजरिया नरहा नाला पुल की सढ़क धंस गई है। जिसके चलते भारी वाहनों के साथ साथ राहगीरों को भी आवागमन में भारी संकट बना हुआ है। अगर यह थोढ़ी और धंसी तो आवागमन बंद हो जाएगा। बंजरिया पुल की सढ़क काफी दिनों से धंसी हुई थी। विभागीय कर्मचारियों ने मिट्टी पाटकर उससे डामर से पेंटिंग कर दिया था। इसके बाद कोई काम नहीं किया गया। बीते 3 दिनों से हुई मूसलाधार बारिश में मिट्टी कट गई और पुल के किनारे से सटी सढ़क धंस गई। इस रास्ते पर वाहनों का आवागमन रिस्की हो गया है। बंजरिया गांव निवासी सुखदेव सिंह ने बताया कि दो दिन से लगातार सढ़क धंस रही है अगर यह ऐसे ही धंसती रही तो आवागमन पूरा बंद हो जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से पुल की सढ़क दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### सड़क बनी नाला, घरों में घुसा पानी

**तिकुनियां.खीरी।** ग्राम पंचायत बरसोला कला में जल निकासी न होने से सढ़के नाला बन गई है। लोगो के घरों में कई फुट पानी भर गयाहै। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान समस्या पर ध्यान नही देते। ग्रामीणों ने बताया कि पानी मे मगरमच्छ होने के चलते दहशत भी है। ग्रामीणों ने बताया इस पानी में मगरमच्छ देखा गया जिस से घबराए हुए हैं बच्चों की जान का खतरा बना हुआ है। लेकिन प्रधान पति मोहम्मद मियां ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर समस्या का समाधान नही किया गया तो हम सब लोग अनशन करने को बाध्य होंगे। 4 दिनों से मूसलाधार बारिश से घर के अंदर कमर कमर पानी हो गया हैए जिससे खाना बनने में भी दिक्कतें हो रही है।

### बॉर्डर इलाके में दोबारा आई प्रचंड बाढ़

**तिकुनिया खीरी।** बॉर्डर इलाके में किसानों के ऊपर दोहरी मार पढ़ गई है। बॉर्डर के मोहाना नदी बीते 3 दिनों से रुक.रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश के चलते उफना गई है। बारिश में गांव में कमर तक पानी है। वहीं मुहाना नदी का पानी तिकुनिया मंडी के गांव के संपर्क मार्गों पर चलने लगा है और गांव के निकट पहुंच रहा है। नया पिंड गांव बाढ़ में डूब गया है। ग्रामीणों का अनुमान है रात भर में पानी अन्य अन्य निकटवर्ती गांव में घुस जाएगा। फिलहाल चारों तरफखामोशी और चिंता है। फसलें बुरी तरह तबाह हुई हैं। ग्रामीणों के समक्ष अन्न का अब कोई सहारा नहीं बचा है। आरोप है कि सरकार किसानों को मुआवजा देने का झुनझुना दिखाकर बाढ निकल जान के बाद फिर शांत हो जाती है। 17 सितंबर को आई बाढ़ का मुआवजा अभी तक नहीं दिया और दूसरी बाढ़ आ गई। ग्रामीणों की इस बार दोहरी बाढ आने से कमर टूट गई है। बाढ़ में बाढ़ में ग्रामीणों के घरों के गिरने तथा घर में रखा अनाज भीबह जाने की आशंका पैदा हो गई है। एसडीएम निघासन राजेश कुमार ने बताया कि नाव की व्यवस्था के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। बाढ़ पीढ़ित क्षेत्र में तहसीलदार ज्ञानचंद निकल चुके हैं।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

**बरेली ।** रेलवे लाइन पार कर रहा युवक ट्रेन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर गोटिया निवासी 45 वर्षीय उर्वेश पुत्र डोरीलाल को आज घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया की उर्वेश सुबह काम पर जाने के लिए घर से निकला था इसी दौरान जब वह सुभाष नगर रेल फाटक के पास रेलवे लाइन पार कर रहा था इसी दौरान अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से उसने घरवालों को दुर्घटना की सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया ।

### थाना दिवस में दो शिकायतों का मौके पर किया समाधान

**आटा (जालौन)।** आटा थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमे आधा दर्जन शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष तीन शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही किया गया। उप जिलाधिकारी रामकुमार के द्वारा थाना में पहुंचकर समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। समाधान दिवस में कुल आधा दर्जन शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसमें से तीन शिकायतों का निराकरण तत्काल रुप से मौके पर ही किया गया। उन्होंने सभी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निपटारा मौके पर पहुंच कर तुरंत किया जाये। आटा निवासी अन्ने ने रास्ते में जानवर बांधने को लेकर एक शिकायती पत्र दिया जिस पर पुलिस को मौके पर भेजकर तुरंत उसका समाधान किया गया। दो जमीनी संबंधित शिकायतों का भी निराकरण मौके पर किया गया।

### कारोबारी और वित्तीय कौशल मांजने का मौका

**लखनऊ।** अग्रणी वित्तीय सेवा समूह मास्टरट्रस्ट ने घोषणा की है कि वह लखनऊ में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहा है। मास्टरट्रस्ट में सीनियर वाइस प्रेसीडेंट सेल्स अरविंदर सिंह नंदा ने कहा वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली तकनीक पर निर्भर कंपनी होने की हमारी बुनियाद को मजबूत करने वाली बेमिसाल टीम तैयार करने पर जोर देते हुए हम ज्यादातर भर्तियां कुशल प्रतिभाओं, उभरते हुए ट्रेडर्स आदि की भूमिकाओं के लिए करेंगे। इसके साथ ही हम वित्त वर्ष 2022.23 में असरदार अपस्किलिंग जारी रखेंगे। अपनी विस्तार योजना के तहत कंपनी का इरादा नई पीढ़ी के निवेशकों को पूरी पारदर्शिता के साथ अपने वित्तीय भविष्य की कमान अपने हाथ में लेने का सामर्थ्य देना है। इससे उभरते हुए उद्यमियों को अपना कारोबारी और वित्तीय कौशल मांजने का मौका मिलेगा।

### मटर के रुपयों को लेकर हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** मटर के रुपयों को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी शहाबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही बसंते और सादिक मटर के रुपयों को लेकर विवाद कर रहे थे। इसी बीच दोनों गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों ने मिलकर मारपीट कर दी।

# विद्युत विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली धनराशि



**कोंच( जालौन )।** लाखों करोड़ों रुपये की बकाया पड़ी धनराशि को वसूल करने के लिए विद्युत विभाग को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।तमाम सख्ती व चेतावनी के बाबजूद बकायेदार तमाम उपभोक्ता बकाया धनराशि जमा करने में आलस्य दिखा रहे हैं जिससे मजबूरन विभागीय अधिकारियों को डोर टू डोर दस्तक देनी पड़ रही है।शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे राजस्व वसूली अभियान के तहत शनिवार को नगर में उपखंड अधिकारी अनिरूद्ध कुमार मौर्य व अवर अभियंता रामू गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व में विभागीय कर्मियों ने अलग अलग मुहल्लों में डोर टू डोर जाकर बकायेदार उपभोक्ताओं से 2 लाख रुपये राजस्व वसूला और मौके पर बकाया धनराशि जमा न करने पर 8 कनेक्शन काट दिए। उधर, ग्राम गोराकरनपुर व सिमिरिया में 29 कनेक्शन काटकर 25 हजार रुपये की धनराशि वसूली। उपखंड अधिकारी ने कहा है कि काटे गए कनेक्शन धनराशि जमा हो जाने के बाद ही जोड़े जाएंगे और अगर धनराशि जमा किये बगैर कनेक्शन जुड़ा हुआ पाया गया तो संबंधित उपभोक्ता के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# लंपी वायरस से ग्रसित आवारा गायों के लिए चेयरमैन ने बनाया क्वारन्टीन सेंटर

संवाददता। रामपुरा (जालौन)

**जिलाधिकारी चाँदनी** सिंह के संरक्षण व नगर चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह के प्रयास से टीहर रोड़ पर नहर पुल पर स्थित नहर कोठी को लंपी वायरस से ग्रस्त नगरीय आवारा गायों के लिए कोरन्टीन सेंटर के लिए जगह का चिन्हीकरण किया गया।

रामपुरा। नगर में लंपी ग्रसित गायों की शिकायत प्रशासन से की गई थी। जिस पर शनिवार को एसडीएम व थाना अध्यक्ष द्वारा आवेदकों को फोन किया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया तथा न कोई थाने आया। नगर पंचायत द्वारा नगर में लंपी ग्रस्थ गायों को सर्वे कराया जिस पर नगर में चार गाये लंपी से गृहस्थ पाई गई। जिसमें एक की मौत हो गई। बाकी तीन गायों का पशु चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है। तीनों गायें पालतू हैं। पशु पालक भी गायों की सेवा कर रहे हैं।

वर्तमान में गायों में चल रही लंपी वायरल नामक बीमारी पालतू व आवारा गायों को अपनी चपेट में ले रहा हैं। जिसके बचाव के लिए पशु चिकित्सा विभाग गांवों व नगर में गायों का वेक्सिनेशन कर रहे हैं। चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर में बनी कान्हा गौशाला में सभी गायों का वेक्सिनेशन कराया जा चुका हैं। नगरीय क्षेत्र में आवारा गायों के लिए शनिवार को एसडीएम अंगद सिंह की मौजूदगी नहर कोठी पर कोरन्टीन सेंटर के लिए जगह का चिन्हीकरण किया जा चुका हैं। अगर किसी भी गाय में लंपी वायरल जैसी बीमारी के लक्षण पाये जाते हैं तो उस गाय माता को सुरक्षित ले जाकर कोरन्टीन सेंटर में रखा जायेगा। जहां नगर पंचायत द्वारा भूसा, चारा व पानी की व्यवस्था की गई हैं। जहां पशु चिकित्सकों की देखरेख में उन गायों का इलाज कराया जायेगा। चेयरमैन ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि उनके द्वारा गाय माता की सुरक्षा के लिए जो भी कार्य करना पड़े, तो उनके द्वारा किया जायेगा। कोरन्टीन सेंटर की जगह के निरक्षण के दौरान चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह के साथ एसडीएम अंगद सिंह, पशु चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र सिंह, कुँवरसिंह लेखपाल, अधिशासी अधिकारी रामपुरा राजीव कुमार, अधिशासी अधिकारी माधौगढ़ तथा नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

## चौबीस दिनों तक होगी धमाकेदार प्रस्तुति

**राठ( हमीरपुर )।** कोरोना काल के दो साल बाद ऐतिहासिक रामलीला मेले का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को शंकर भगवान की बारात निकलने के बाद ऐतिहासिक रामलीला मेले की शुरुआत होगी। 24 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धमाकेदार प्रस्तुति होगी। श्री राठ रामलीला सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष वीरनारायण बुधौलिया ने बताया कि रामलीला मंच पर 9 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक रामलीला व 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक रासलीला का मंचन होगा।

# शीशगढ़ पुलिस ने पिकअप में 11 कुन्तल गौवंशीय मांस के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

संवाददाता। बरेली

**शीशगढ़ पुलिस** को आज बड़ी कामयाबी हाथ लगी, छंगा टांडा चौकी के निकट एक पिकअप गाड़ी के अंदर 11 कुन्तल गौवंशीय मांस सहित चार पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि पांचवां अभियुक्त किच्छा उत्तराखंड निवासी हाजी इस्लाम पुत्र रफीक अहमद मौका देख कर फरार हो गया । जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के निर्देशन में एवं प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ रामअवतार की अगुवाई में स्मैक तस्करों, खनन माफिया और पशु तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, उसी अभियान के चलते मुखबिर की सूचना पर एस आई सत्यवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल नंद किशोर,अमित कुमार, राहुल शर्मा, प्रीति सिवाल, पारस ने चेकिंग के दौरान एक पिकअप गाड़ी से 11 कुंटल गोवंशीय मांस बरामद किया है, पिकअप गाड़ी के अंदर बैठे ।अभियुक्त फईम पुत्र इब्राहिम निवासी वार्ड नंबर बार्ड 9 कस्बा किच्छा उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड, अजीम पुत्र अकरम निवासी बड़ी मस्जिद शीशगढ़, विशाल उर्फ बौना पुत्र अब्दुल रहमान निवासी कुरेशी नगर शीशगढ़, मिस्कू पुत्र साबिर निवासी शेखुपुरा शीशगढ़ को चौकी छंगा टांडा बैरियर के सामने से गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया चेकिंग के दौरान एक पिकअप गाड़ी से गोवंशीय मांस बरामद किया गया है, इस मामले में चार अभियुक्तों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है , पिकअप गाड़ी को थाने में लाकर सीज कर दिया, अभियुक्त अजीम व विशाल उर्फबौना के खिलाफथाने में करीब आधा दर्जन मुकदमे पहले से दर्ज हैं ।

# सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति की तत्काल मदद करने वालों को किया जायेगा सम्मानित

**बरेली ।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन राजकुमार द्वारा दी गई जानकारी बताया कि सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही गुड सेमेरिटन चिन्हित करते हुये पुरूस्कृत करने की स्कीम के सन्दर्भ में यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कराने हेतु बरेली जोन के समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया। सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गुड सेमेरिट चिन्हित करते हुये पुरूस्कृत करने की स्कीम चलायी जा रही है, जिसके अन्तर्गत यदि किसी व्यक्ति द्वारा मोटर व्हीकल से घटित सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को त्वरित सहायता पहुँचाने के लिये गोल्डन ऑवर (1 घंटा) के अन्दर अस्पताल ध् ट्रामा सेंटर पहुँचाकर चिकित्सीय उपचार सुनिश्चित किया जाता है। अथवा दुर्घटना में घायल व्यक्ति का अस्पताल में उपचार या उपचार के दौरान मृत्यु हो जाती है तथा अस्पताल द्वारा यह संस्तुति व्यक्त की जाती है कि मृत्यु का कारण सड़क दुर्घटना है, ऐसी स्थिति में भी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल ध् ट्रामा सेंटर पहुँचाने वाला व्यक्ति गुड सेमेरिटन कहलायेगा और ऐसे व्यक्ति को समिति की संस्तुति के उपरान्त 5000 ध- रूपये के नगद पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा द्य सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गुड सेमेरिटन चिन्हित करते हुये पुरुस्कृत करने की चलायी जा रही स्कीम के सन्दर्भ में यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा दिशा-निर्देश दिये गये है। जिस सम्बन्ध में दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्तियों के उत्साहबर्धन हेतु राजकुमार, अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन द्वारा जोन के समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देश जारी किये गये है ।

## नगर निगम की लापरवाही से बारिश के पानी से हुआ जगह-जगह जलभराव

**बरेली ।** जुलूस मोहम्मदी के मौके नालियों व नालो की तलिझाड़ साफ सफाई न होने के कारण जलभराव हो रहा है , मलूकपुर , जसौली , कुँवरपुर , बिहारीपुर , सौदागरान , मलूकपुर बजरिया , दरगाह आला हजरत के मोड़ आदि क्षेत्रों में जलभराव रहा , मलूकपुर की सड़क जर्जर,जुलूस ए मोहम्मदी की अंब्रजुमनो की वापसी इसी रास्ते से होती आई है।जनसेवा टीम ट्रस्ट के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने कहा कि सुबह जरा सी बारिश ने मलूकपुर नाला रोड़ की गड्ढा युक्त में गन्दा जलभराव हो गया,वार्ड 44 मलूकपुर की सड़क पूरी तरफसे जर्जर हो चुकी है और 9 अक्टूबर को इसी रास्ते से दर्जनभर अंजुमनो के जुलूस निकलना है और जुलूस मोहम्मदी की वापसी दरगाह आला हजरत से होते हुए मलूकपुर नाले की ओर से जाती है पर सड़क जर्जर है और मरम्मत भी नही हुए है नालियों में कीचड़ जमा है जिससे सड़क पर गन्दा पानी भर जाता है जनता की सहूलियत के लिये नगर निगम मलूकपुर सड़क का सर्वे कराये और निर्माण व मरम्मत होना जरूरी है।हम नगर निगम से मांग करते है इस सड़क का जल्द जल्द निर्माण करवाया जाये।मोहल्ला भूड़ से अंजुमन फारूक आजम का जुलूस निकलना है, अन्जुमन के सदर मोहम्मद कदीर है भूड़ के रहने वाले आदिल ने बताया कि हमारे क्षेत्र में सीवर के डीप टूटे फूटे हुए है और इन्ही रास्तो से जुलुस निकलना हैं,जनसेवा टीम ट्रस्ट के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने नगर निगम से मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र के सीवर लाइन डीप के पथरो की मरम्मत करवाई जाये।

# बांग्लादेश को हरा सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

**महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट**

**भाषा।** सिलहट

**सलामी** बल्लेबाजी शेफाली वर्मा के बल्ले और गेंद से कमाल के दम पर भारत ने महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में शनिवार को यहां मेजबान बांग्लादेश को 59 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। शेफाली 44 गेंद में 55 रन की पारी के बाद चार ओवर में 10 रन पर दो विकेट लिए। उन्होंने हरमनप्रीत कौर को विश्राम दिए जाने के कारण कप्तानी का जिम्मा संभाल रही स्मृति मंधाना (38 गेंद में 47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 12 ओवर में 96 रन की शानदार साझेदारी की। शानदार लय में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने 24 गेंद में नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।



भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाने के बाद बांग्लादेश की पारी को सात विकेट पर 100 रन पर रोक दिया। प्लेयर ऑफ द मैच शेफाली के अलावा भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने दो जबकि रेणुका सिंह और स्नेह राणा ने एक – एक विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने लीग चरण में एक मैच शेष रहते सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत के नाम पांच मैचों में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम ने इस मुकाबले के शुरूआत से आक्रामक रूख अपनाया और पूरे मैच के दौरान अपनी पकड़ मजबूत रखी। बांग्लादेश ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में कभी 142 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल नहीं किया है। टीम के बल्लेबाजों ने इस मैच में तेजी से रन बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी के सामने वे सहज नहीं दिखे। पाकिस्तान के खिलाफ क्षेत्ररक्षण में बेहद खराब प्रदर्शन करने के बाद इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने अपना स्तर उंचा किया जिससे बांग्लादेश के बल्लेबाजों को दौड़ कर रन चुराने के लिए संघर्ष करना पड़ा। फरगाना हक (40 गेंद में 30 रन) और मुर्शीदा खातून (21 गेंद में 25 रन) ने बांग्लादेश को सधी हुई शुरूआत दिलाई लेकिन दोनों नौ ओवर में सिर्फ 45 रन ही जोड़ सके। इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। इससे पहले, शेफाली ने दिखाया कि इस प्रारूप में उसे सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक क्यों माना जाता है। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपना चौथा अर्धशतक पूरा करने के दौरान पांच चौके और दो छक्के लगाए। शेफाली ने इस दौरान खेल के छोटे प्रारूप में 1000 रन भी पूरे किए। इस दौरान मंधाना ने भी कप्तानी पारी खेली। रन आउट होने से पहले उन्होंने छह शानदार चौके जड़े। इन दोनों के आउट होने के बाद बांग्लादेश के गेंदबाजों को मैच में वापसी का मौका मिला लेकिन जेमिमा ने तेजी से रन बनाते हुए टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने दीप्ति (पांच गेंद में 10 रन) के साथ 2.3 ओवर में 29 रन जोड़े।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पारी:** शेफाली वर्मा बो रूमाना 55, स्मृति मांधना रन आउट 47, जेमिमा रॉड्रिग्स नाबाद 35, ऋचा घोष फरगाना बो रूमाना 04, किरण नवगिरे बो रूमाना 00, दीप्ति शर्मा का संजीदा बो सलमा 10, पूजा वस्त्राकर नाबाद 01

**अतिरिक्त** : (बाइः 02, वाइडः 05) 07

**कुल योगः** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 159 रन

**गेंदबाजीः** संजीदा 4-0-20-0, फरीहा 2-0-25-0, सलमा 3-0-16-1, नाहिदा 2-0-26-0, ऋतु मोनी 2-0-22-0, फाहिमा 4-0-21-0, रूमाना 3-0-27-3

**बांग्लादेश पारीः** फरगाना हक का स्नेह बो दीप्ति 30, मुर्शिदा खातून का मंधाना बो स्नेह 21, निगार सुल्ताना स्टं ऋतु बो शेफाली 36, रूमाना अहमद रन आउट (दीप्ति) 00, ऋतु मोनी का स्नेह बो रेणुका 04, फाहिमा खातून स्टं ऋतु बो शेफाली 01, लता मंडल बो दीप्ति 00, नाहिदा अख्तर नाबाद 00, सलमा खातून नाबाद 05

**अतिरिक्तः** (वाइडः02) 02

**कुल योगः** (20 ओवर में सात विकेट पर) 100 रन

**विकेट पतनः** 1-45, 2-68, 3-69, 4-91, 5-94, 6-95, 7-95

**गेंदबाजीः** दीप्ति 4-0-13-2, रेणुका 3-0-22-1, राजेश्वरी3-0-21-0,पूजा 3-0-17-0, स्नेह 3-0-17-1, शेफाली 4-0-10-2।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में हर हालत में जीतने उतरेगी टीम इंडिया

**भाषा।** रांची

**भारतीय** टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां रविवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में बेहतर गेंदबाजी के साथ हर हालत में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी हालांकि टखने की चोट के कारण दीपक चाहर के बाहर होने से टीम की समस्याएं बढ गई हैं। इस महीने के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला हालांकि सरासर बेमानी है। अब सभी की नजरें रोहित शर्मा की टीम पर लगी हैं जो टी20 विश्व कप के अभ्यास मैचों के लिए पर्थ पहुंच चुकी है लिहाजा भारतीय टीम में जगह बनाने से चूके खिलाड़ियों को इस श्रृंखला से कोई फायदा नहीं होने जा रहा।

लखनऊ में पहले वनडे से पूर्व चाहर को चोट लग गई और अब कमर की तकलीफ भी उन्हें परेशान कर रही है। मोहम्मद सिराज और आवेश खान प्रभावित नहीं कर सके हैं। ऐसे में बंगाल के नए तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को मौका दिया जा सकता है। बल्लेबाजी में श्रेयस अय्यर को रन बनाने होंगे क्योंकि वह टी20 विश्व कप के रिजर्व बल्लेबाजों में से है। अय्यर को श्रृंखला के लिए उपकप्तान बनाया गया है जिन्होंने पहले मैच में शीर्षक्रम के नाकाम रहने के बाद मोर्चा संभाला। शॉर्टपिच गेंदों को बखूबी नहीं खेल पाने और धीमी स्ट्राइक रेट की समस्याओं से जूझ रहे अय्यर ने साहसिक पारी खेली। भारत के लिए पिछले मैच की सबसे सकारात्मक बात संजू सैमसन का प्रदर्शन रही जो पदार्पण के सात साल बाद भी टीम में जगह पक्की नहीं कर सके हैं। सैमसन ने 63 गेंद में 86 रन बनाए और मध्यक्रम को स्थिरता दी। कप्तान शिखर धवन वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ अपनी नेतृत्व क्षमता का सबूत दे ही चुके हैं। वह टीम को मजबूत शुरूआत देने के इरादे से उतरेंगे।



### टीम

**भारतः** शिखर धवन (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, शारदुल ठाकुर, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आवेश खान, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

**दक्षिण अफ्रीकाः** तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज जानेमन मालन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्खिया, वेन पार्नेल, एंडिले फेहलुक्वेओ, ड्वेन प्रिटोरियस, कागिसो रबाडा, तबरेज शम्सी।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा।**

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

**त्रिकोणीय टी20 क्रिकेट श्रृंखला**

**भाषा।** क्राइस्टचर्च

**कप्तान** बाबर आजम की नाबाद 79 रन की पारी की मदद से पाकिस्तान ने शुरूआती झटकों से उबरकर न्यूजीलैंड को शनिवार को यहां छह विकेट से पराजित करके त्रिकोणीय टी20 क्रिकेट श्रृंखला में अपना विजय अभियान जारी रखा। आजम ने अपनी पारी में 53 गेंदों का सामना किया और 11 चौके लगाए जिससे पाकिस्तान ने 18.2 ओवर में चार विकेट पर 149 रन बनाकर प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने पहले मैच में बांग्लादेश को 21 रन से हराया था। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसका कोई भी बल्लेबाज अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 147 रन बनाए। उसकी तरफ से डेवोन कॉनवे (35 गेंदों पर 36 रन), कप्तान केन विलियमसन (30 गेंदों पर 31 रन) और मार्क चैपमैन (16 गेंदों पर 32 रन) ही योगदान दे पाए।



पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनके अलावा मोहम्मद नसीम और मोहम्मद नवाज ने दो–दो विकेट हासिल किए। पाकिस्तान की पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसने पावर प्ले के छह ओवरों में 44 रन बनाए लेकिन इस बीच मोहम्मद रिजवान और शान मसूद के विकेट गंवाए। बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में जीत के नायक रहे रिजवान ने 12 गेंदों पर केवल चार रन बनाए और पांचवें ओवर में टिम साउदी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। मसूद खाता भी नहीं खोल पाए। आजम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा। उन्हें दूसरी तरफ से शादाब खान (22 गेंदों पर 34 रन) का अच्छा साथ मिला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। मोहम्मद नवाज ने 16 रन बनाए जबकि हैदर अली ने 10 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने 42 रन देकर दो जबकि ट्रेंट बोल्ट (22 रन देकर एक) और साउदी (24 रन देकर एक) ने एक–एक विकेट लिया।

## हर्षदा गरुड़ ने एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**मनामा (भाषा)।** तेजी से उभरती भारतीय भारोत्तोलक हर्षदा गरुड़ ने एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में महिलाओं की 45 किग्रा स्पर्धा में शनिवार को यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद भी कांस्य पदक हासिल करने में सफल रहीं। मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन ने गैर–ओलंपिक वर्ग में कुल 152 किग्रा (68 किग्रा ़ 84 किग्रा) के साथ पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया। इस 18 साल की खिलाड़ी ने जुलाई में एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में इससे पांच किग्रा अधिक भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता था। इस साल मई में आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला भारोत्तोलक बनकर इतिहास रचने वाली हर्षदा ने इस दौरान स्नैच वर्ग में अपने 68 किग्रा प्रयास के लिए कांस्य जीता। महाद्वीपीय और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंव जर्क और कुल भार के लिए अलग–अलग पदक दिए जाते हैं।

# जोहोर कप में भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कप्तान होंगे उत्तम सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**फॉरवर्ड** उत्तम सिंह 22 अक्टूबर से मलेशिया के जोहोर बाहरू में होने वाले सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में भारत की जूनियर टीम के कप्तान होंगे। भारत ने 2019 में इस टूर्नामेंट में रजत पदक जीता था। इस बार उसका सामना आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण अफ्रीका, मेजबान मलेशिया और गत चैम्पियन ब्रिटेन से होगा। कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट का आयोजन दो साल बाद किया जा रहा है। भारत के कप्तान उत्तम सिंह होंगे जो 2021 में जूनियर विश्व कप खेले थे और जकार्ता में 2022 में एशिया कप में सीनियर टीम के लिए भी पदार्पण किया। बॉबी सिंह धामी उपकप्तान होंगे। भारत को पहले दिन मलेशिया से खेलना है। इसके बाद 23 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका से, 25 अक्टूबर को जापान, 26 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और उसके दो दिन बाद ब्रिटेन का सामना करना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 29 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच सी आर कुमार ने कहा , हमारी टीम काफी संतुलित है जिसमें से सात खिलाड़ी 2021 जूनियर विश्व कप टीम में थे और कुछ सीनियर टीम के साथ भी खेले हैं।



### टीम

**गोलकीपर :** मोहित एचएस , अंकित मलिक

**डिफेंडर :** आमिर अली, शारदानंद तिवारी, रोहित, अमनदीप लाकड़ा, सिरिल लुगुन

मिडफील्डर : विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अंकित पाल, पूवन्ना सीबी, अमनदीप, जॉनसन पूर्ति

**फॉरवर्ड :** उत्तर सिंह (कप्तान), अंगद बीर सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, बॉबी सिंह धामी, सुदीप चिरमाको।

# इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम ने दोस्ताना मैच में अमेरिका को हराया

**लंदन (एपी)।** इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने वेम्बले स्टेडियम पर खेले गए दोस्ताना मैच में अमेरिका को 2 . । से हरा दिया। इंग्लैंड के लिए लौरेन हेम्प और जॉर्जिया स्टानवे ने गोल किए जिसकी मदद से टीम ने 2017 के बाद पहली बार अमेरिका को हराया। अमेरिका के लिए एकमात्र गोल सोफिया स्मिथ ने किया। जुलाई में ही इंग्लैंड ने यूरोपीय चैम्पियनशिप भी जीती है।

मैच शुरू होने से पहले इंडोनेशिया में फुटबॉल मैच में भगदड़ के दौरान मारे गए प्रशंसकों की स्मृति में एक मिनट का मौन भी रखा गया। आकलैंड में 22 अक्टूबर को विश्व कप के ड्रॉ भी निकलने हैं।



## क्विक न्यूज

### मेदवेदेव रिटायर, जोकोविच अस्ताना ओपन के फाइनल में

**अस्ताना।** सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच शनिवार को अस्ताना ओपन सेमीफाइनल में दूसरे सेट के टाइब्रेकर को गंवाने से बचने के कुछ देर बाद प्रतिद्वंद्वी दानिल मेदवेदेव के पैर में चोट के कारण रिटायर होने से फाइनल में पहुंचे। अब रविवार को फाइनल में जोकोविच का सामना तीसरे वरीय स्टेफनोस सिटसिपास से होगा। मेदवेदेव के रिटायर होने से जोकोविच 4-6, 7-6 (6) से खिताबी भिड़ंत में पहुंचे। दूसरे सेमीफाइनल में सिटसिपास ने पांचवी वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को 4-6, 6-4, 6-3 से पराजित किया।

### टियाफो और फ्रिट्ज में होगा खिताबी मुकाबला

**टोक्यो।** अमेरिका के दो खिलाड़ियों फ्रांसिस टियाफो और टेलर फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में तीन सेट तक चले मुकाबलों में जीत दर्ज करके जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। टियाफो ने टूर्नामेंट में पहली बार सेट गंवाया लेकिन वह आखिर में दक्षिण कोरिया के क्वोन सून-वू को 6-2, 0-6, 6-4 से हराकर सत्र के अपने दूसरे फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सियोल में कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद एक सप्ताह अलग-थलग रहे फ्रिट्ज ने निर्णायक सेट में 3-1 से पिछड़ने के बाद डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-7 (5), 6-3 से हराया।

### स्वियातेक एजेल ओपन के सेमीफाइनल में

**ओस्ट्रावा।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिकी क्वालीफायर कैटी मैक्नैली को 6-4, 6-4 से हराकर एजेल ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वही बारबोरा क्रेइसिकोचा ने एलिसिया पार्क्स को 7-6, 6-3 से हराया। अमेरिकी ओपन और फ्रेंच ओपन चैम्पियन स्वियातेक का सामना अब एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा या टेरेजा मार्तिनकोवा से होगा जबकि क्रेइसिकोवा की टक्कर एलेना राइबाकिना से होगी।

### फ्रांस ने महिला रग्बी विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को हराया

**आकलैंड।** महिला रग्बी विश्व कप के पहले मैच में रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के सामने फ्रांस ने दक्षिण अफ्रीका को 40 . 5 से हराया। टूर्नामेंट में अगले 35 दिन में 26 मैच खेले जाएंगे। इस मैच के 35000 से अधिक टिकट बिक चुके थे और दर्शक संख्या के मामले में इंग्लैंड और कनाडा के बीच पेरिस में खेले गए 2014 विश्व कप फाइनल का रिकॉर्ड इसने तोड़ा जिसमें 20000 दर्शक जुटे थे। विश्व कप में 12 टीमों को चार चार के तीन समूहों में बांटा गया है। इंग्लैंड और फ्रांस अब ग्रुप सी के मैच में भिड़ेंगे।

### अक्टूबर 2023 में गोवा में होंगे 37वें राष्ट्रीय खेल

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शनिवार को पुष्टि की कि 37वे राष्ट्रीय खेलो का आयोजन गोवा में किया जाएगा। गोवा की राज्य सरकार ने आईओए को अगले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी को लेकर अपनी सैद्धांतिक मंजूरी से अवगत करा दिया है। आईओए के महासचिव राजीव मेहता ने गोवा के खेल सचिव अजित राय को भेजे गए पत्र में कहा आईओए गोवा में 2023 में 37वे राष्ट्रीय खेलो की मेजबानी के लिए गोवा सरकार के समर्थन से खुश है और गोवा मे 37वे राष्ट्रीय खेलो के आयोजन के लिए आईओए की स्वीकृति प्रदान करता है। उन्होंने कहा, गोवा का प्रतिनिधिमंडल 12 अक्टूबर 2022 को गुजरात के सूरत मे 36वे राष्ट्रीय खेलो के समापन समारोह में आईओए का ध्वज ग्रहण कर सकता है। भारतीय ओलंपिक संघ ने हालांकि कहा कि इन खेलो की तिथियो का फैसला बाद में किया जाएगा।

### पंकज आडवाणी ने 25वां विश्व खिताब जीता

**कुआलालंपुर।** भारत के चोटी के खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने शनिवार को यहां विश्व चैपियनशिप मे बिलियर्ड्स के फाइनल में हमवतन सौरव कोठारी को 4-0 से हराकर अपने करियर का 25वां विश्व खिताब जीता। आडवाणी ने बेहतरीन खेल दिखाया और बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आडवाणी ने पहले फ्रेम से ही अपने इरादे साफ कर दिए थे कि वह कोठारी को कोई मौका नही देंगे। इस 150 से अधिक के प्रारूप में आडवाणी ने पहले फ्रेम को 149 के ब्रेक के साथ अपने नाम किया। तब तक कोठारी ने खाता भी नही खोला था। कोठारी को अपने पहले आईबीएसएफ (अंतरराष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ) विश्व खिताब का इंतजार है। इस बेस्ट ऑफ सेवन के फाइनल मे आडवाणी ने शुरू से बेहतरीन खेल दिखाकर एक कैलेंडर वर्ष में बिलियर्ड्स का राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व खिताब जीतने का पांचवी बार अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया। कोठारी को दूसरे फ्रेम में कुछ मौके मिले लेकिन वह उसका फायदा नही उठा पाए। दूसरी तरफ आडवाणी ने 77 के ब्रेक की मदद से 2-0 की बढ़त हासिल कर ली।

# भारत ने एएफसी अंडर17 एशियाई कप क्वालीफायर में म्यामां को हराया



**भाषा।** अल खोबार (सउदी अरब)

**भारत** ने एएफसी अंडर 17 एशियाई कप 2023 क्वालीफायर में जीत की हैट्रिक लगाते हुए म्यामां को 4 . । से हरा दिया। भारत के चारों गोल पहले हाफ में हुए। कप्तान वी गुइटे और फॉरवर्ड टी गांगटे ने दो दो गोल किए।

पहले हाफ में ज्यादा मौके नहीं बन सके लेकिन दोनों टीमों ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। कोरोउ सिंह ने 21वें मिनट में पहला हमला किया लेकिन उनका शॉट कमजोर रहा। भारत को पहली सफलता छह मिनट बाद गुइटे ने फ्रीकिक पर गोल करके दिलाई।

भारत ने अगले 12 मिनट में तीन गोल और किए। गांगटे ने अपना पहला गोल करके भारत की बढत दुगुनी कर दी। गुइटे ने आठवें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। ब्रेक से तीन मिनट पहले गांगटे का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। उसने हालांकि 44वें मिनट में भारत के लिए चौथा गोल किया। म्यामां के लिए एकमात्र गोल दूसरे हाफ में तू वेइ यान ने किया। भारत का सामना रविवार को सउदी अरब से होगा।

## दिल्ली के मोहित सहरावत ने कंधे की चोट के बावजूद 81 किग्रा जूडो का स्वर्ण पदक जीता

**गांधीनगर (भाषा)।** दिल्ली के मोहित सहरावत ने कंधे की चोट के बावजूद शनिवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की पुरूषों की 81 किग्रा जूडो स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। मोहित का दाहिना कंधा अपनी जगह से हिल गया था लेकिन उन्होंने और चोट से बचने के बजाय मुकाबला खेलने का फैसला किया। फिर उन्होंने दोनों सेमीफाइनल के बाद फाइनल मुकाबला जीत लिया। इस साल के शुरू में लखनऊमें सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीतने वाले मोहित का कंधा पंजाब के सरबजीत सिंह के खिलाफ क्वार्टर फाइनल के बीच में ही उतर गया था। दिल्ली के जूडोका ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य अगले साल एशियाई खेलों में जगह बनाना होगा। मोहित ने कहा, भारतीय जूडो खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर अच्छा करना शुरू कर दिया है। हमने इस साल राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते थे। मेरे लिए अब लक्ष्य अगले साल एशियाई खेलों में खेलना है। अन्य मुकाबलों में लाल हुमहिमी ने मिजोरम को खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने 52 किग्रा महिला वर्ग के फाइनल में दिल्ली के पिंकी बलहारा को हराया। मध्य प्रदेश की यामिनी मौर्या ने महिला 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में हरियाणा की सावित्री को जबकि हरियाणा के विशाल रूही ने पुरूषों के 73 किग्रा वर्ग में अपने ही राज्य के जतिन को पराजित किया।

# नटराज ने राष्ट्रीय खेलों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में छठा स्वर्ण पदक जीता

**भाषा।** राजकोट

**ओलंपियन** श्रीहरि नटराज ने शनिवार को यहां सरदार पटेल तरणताल परिसर में पुरूषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में पहला स्थान हासिल कर राष्ट्रीय खेलों में तैराकी स्पर्धा में छठे स्वर्ण पदक से अपना अभियान खत्म किया। नटराज ने 50.41 सेकेंड से समय स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। कर्नाटक के तैराक के सीनियर साथी साजन प्रकाश (केरल) ने पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता।



शनिवार को नटराज 100 मीटर फ्रीस्टाइल में शीर्ष पर रहे जबकि साजन सातवां स्थान ही हासिल कर सके। नटराज ने फ्रीस्टाइल स्प्रिंट में दो स्वर्ण, बैकस्ट्रोक में दो स्वर्ण के अलावा कर्नाटक की रिले टीम को दो स्वर्ण पदक दिलाए। एसपी लिखित ने 100 मीटर स्पर्धा जीतकर पुरूषों की बैकस्ट्रोक की तीन स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप किया जिससे सेना के स्वर्ण पदकों की संख्या 44 हो गई जिससे उसने दूसरे स्थान पर चल रही हरियाणा (30 स्वर्ण) से अंतर बढ़ा लिया। महाराष्ट्र (28 स्वर्ण) ने हरियाणा को चुनौती देना जारी रखा जिसके उससे केवल दो स्वर्ण कम हैं। कर्नाटक 23 स्वर्ण पदक से चौथे स्थान पर पहुंच गया हे जिसमें 19 पदक तरणताल स्पर्धाओं से मिले हैं। तमिलनाडु पदक तालिका में पांचवें स्थान पर है। गुजरात पुरूषों की सॉफ्ट टेनिस में मध्य प्रदेश पर 2–0 की जीत से मेजबान राज्य ने दिन का समापन 11 स्वर्ण पदकों से किया। गांधीनगर में दिल्ली के मोहित सहरावत ने कंधे की चोट के बावजूद पुरूषों की 81 किग्रा जूडो स्पर्धा में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। मोहित का दाहिना कंधा अपनी जगह से हिल गया था लेकिन उन्होंने और चोट से बचने के बजाय मुकाबला खेलने का फैसला किया। फिर उन्होंने दोनों सेमीफाइनल के बाद फाइनल मुकाबला जीत लिया। साइकिलिंग में कर्नाटक के नवीन जॉन ने पुरूष व्यक्तिगत टाइम ट्रायल स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव किया जबकि मणिपुर की टोंगब्राम मनोरमा देवी ने बुखार और सिरदर्द के बावजूद महिलाओं की 85 किमी रोड रेस में पहला स्थान हासिल किया। वाटरपोलो स्पर्धा में सेना ने पुरूष और महाराष्ट्र ने महिला वर्ग की स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक जीते। सेना ने केरल को 10–8 से जबकि महाराष्ट्र ने केरल को 5–3 से पराजित किया। तमिलनाडु की एस वैष्णवी ने 134.22 अंक से महिलाओं की कलात्मक योगासन स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। हॉकी में पुरूष वर्ग में कर्नाटक ने मेजबान गुजरात को 11–2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उसका सामना हरियाणा से होगा जिसने तमिलनाडु पर 3–0 से जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश ने पश्चिम बंगाल पर रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में 5–4 की जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना महाराष्ट्र से होगा जिसने अंतिम क्वार्टरफाइनल में झारखंड को पराजित किया। मुक्केबाजी में चार घरेलू मुक्केबाजों ने क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। असिफाली असगार्ली सैयद (57 किग्रा), मीनाक्षी भानुशाली (57 किग्रा), परमजीत कौर (66 किग्रा) और रूचिता राजपूत (75 किग्रा) ने अपने मुकाबले जीते।